रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹74,270 10 ग्राम
₹89,130 01 किलो
सेंसेक्स 77,580.31 -110.64
डॉलर 84.424 -0.047

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 18 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 283, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 नवनीत राणा की सभा में हंगामा...

## पीएम को नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया



**अबुजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च सम्मान, 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' (जीसीओएन) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के साथ पीएम मोदी नाइजीरिया का यह सर्वोच्च सम्मान पाने वाले विश्व की दूसरी बड़ी शख्सियत बन गए हैं। इससे पहले महारानी एलिजाबेथ एकमात्र विदेशी हस्ती हैं, जिन्हें 1969 में इस पुरस्कार से नवाजा गया था।

विस्तृत खर पेज 12 पर

## चिराग पहुंचे रांची सभा को संबोधित करेंगे

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान दो दिनों के झारखंड दौरे पर रविवार शाम रांची पहुंचे। सोमवार को वह जामताड़ा, झरिया, धनबाद एवं बेरमो विधानसभा क्षेत्र में रोड शो एवं जनसभा को संबोधित कर एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।

# सभी सीटों पर आज शाम थम जाएगा चुनावी प्रचार का शोर : रवि

## किसी भी बूथ पर इस चरण में हेलीड्रापिंग नहीं

नवीन मेल डेस्क



**196** करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार सोमवार (18 नवंबर) की शाम को थम जाएगा। इसके बाद न चुनावी सभा होंगे न ही वाहनों से प्रचार किया जा सकेगा, हां...कार्यकर्ता-नेता घर-घर जाकर संपर्क कर सकेंगे। मालूम हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। कुमार रविवार को धुर्वा निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। कुमार ने कहा कि साइलेंस पीरियड शुरू होते ही जो लोग चुनाव प्रचार आदि कार्य से मतदान वाले क्षेत्र में गये हैं, उन्हें वहां से तत्काल निकलना होगा। ऐसा नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां 19 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी। इस चरण के चुनाव में किसी भी बूथ पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को नहीं भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि निजी वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर आदि लगा कर चलने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे चेकिंग करें और किसी भी वाहन पर बोर्ड, बैनर आदि मिलने पर मोटर व्हैकिल नियमों के तहत यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के 14,218 बूथों में से 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की संख्या 239 है और 22 मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे। युवाओं के हाथों में 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 196 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है। साथ ही आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक 85 लोगों पर एफआइआर दर्ज किया गया है।

**31** बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा

**38** विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर मतदान होगा

**19** को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी

**48** बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है

**239** बूथ पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे

**22** मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित किए जाएंगे

**26** मतदान केंद्रों की व्यवस्था युवाओं के हाथों रहेगी

## वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा : मुख्यमंत्री हेमंत

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा की तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को पोस्ट पर लिखा है कि वृहद झारखंड को अलग-अलग टुकड़ों में अन्य राज्य में रहने दिया। अब भाजपा झारखंड को टुकड़े-टुकड़े करना चाहती है। भाजपा सासंद संसद में बयान देते हैं कि संथाल को अलग कर देंगे। सोरेन ने लिखा कि झामुमो और मेरे खून का एक-एक कतरा तब तक इनसे लड़ेगा, जब तक ये हार नहीं जाते। झारखंड एक था, एक है और एक रहेगा। राज्य की मंईयां ने तानाशाहों के खिलाफ उलगुलान का आह्वान कर दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम भगवान बिरसा मुंडा व सिदो-कान्हू के नाम पर होगा। अबुआ सरकार की पहली कैबिनेट का यह पहला फैसला होगा।



## गैस चैंबर बनी दिल्ली लागू होंगी ग्रैप 4 पाबंदियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार को वायु प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी गैस के चैंबर में बदलती दिखाई दी। बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र की वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति ने आपात बैठक कर सोमवार से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान 4 की पाबंदियों को लगाने का फैसला किया है। कल से राजधानी में ग्रेप 4 लागू हो जाएगा। रविवार को केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे से ग्रेडेड एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 की पाबंदियां लागू की दी जाएंगी। दिल्ली-एनसीआर में रविवार रात 8 बजे कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 462 दर्ज किया गया। प्रदूषण का स्तर बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है।

# चुनावी दंगल में महिलाओं की बढ़ी धमक

## डबल इंजन की सरकार ने दोगुनी ताकत से झारखंड को पीछे धकेला : कल्पना



**पाकुड़/गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल्पना सोरेन ने रविवार को पाकुड़ और डुमरी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने दोगुनी ताकत से झारखंड को पीछे लाने का कार्य किया। भाजपा के बड़े-बड़े नेता प्रदेश में मंडरा रहे हैं। ये उनकी सत्ता से दूर रहने की बेचैनी का प्रतीक है। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा जब सत्ता में रही तो हजारों स्कूल बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया, 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर लोगों को अन्न के अधिकार से वंचित कर दिया। यहां के विकास का पैसा केंद्र सरकार के जरिये भाजपा शासित राज्यों को भेजकर झारखंड के लोगों के साथ अन्याय किया लेकिन महागठबंधन की सरकार ने लोगों को उनका अधिकार दिया शेष पेज 11 पर

## जेएमएम और कांग्रेस की जोड़ी ने झारखंड को पिछड़ा राज्य बना दिया : नेहा महतो



**गिरिडीह।** जेएमएम-कांग्रेस की जोड़ी ने राज्य को विकास के मानकों पर पिछड़ा बना दिया है। इन्हें सत्ता से हटाने की तैयारी राज्य की जनता ने कर ली है। उक्त बातें रविवार को नेहा महतो ने डुमरी विधानसभा की एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में कही। पदयात्रा के क्रम में उन्होंने जनता से राज्य में एनडीए सरकार बनाने के लिए यशोदा देवी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खाली पड़े पदों को भरने में विफल और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने में विफल रही हेमंत सरकार ने युवाओं के सपनों को तोड़ा है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार जाने वाली है और एनडीए की सरकार आने वाली है। एनडीए सरकार आते ही हम एक साल के अंदर रिक्त पड़े शेष पेज 11 पर

# विस चुनाव प्रचार अंतिम दौर में : तीखे बोलों से वार-प्रतिवार

## भाजपा ने आदिवासियों, किसानों, गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया : हेमंत सोरेन

नवीन मेल डेस्क

**जामताड़ा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इन लोगों ने एक भी काम आदिवासियों, किसानों, गरीबों के लिए नहीं किया है। राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए उन्होंने क्या किया, कुछ नहीं। ये लोग देने वाले लोग नहीं लेने वाले लोग हैं। इनका कार्य लोगों को एक दूसरे से लड़ाने का है। हमलोग जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करते हैं। सभी वर्ग को महागठबंधन सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री रविवार को जामताड़ा में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही। हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूरा विपक्ष का लोग झारखंड में डेरा डाले हुए हैं। इनलोगों को हमलोगों ने पांच साल सत्ता से बाहर रखा है। ये लोग सत्ता में आने के लिए छटपटा रहे हैं। लेकिन हमें इन्हें सत्ता से दूर रखना है। ये लोग हमारे खनिज, जल, जंगल और जमीन पर इनकी नजर है। इसलिए हमें इन्हें मिलकर झारखंड से खदेड़ना है। इन लोगों ने मुझे जेल भेज कर सरकार गिराने का प्रयास किया, लेकिन महागठबंधन सरकार इनके आगे पहाड़ बनकर खड़ा है, जिसे डिगा पाना इनके बूते की बात नहीं।

देश के संविधान को बचाने के लिए हमारी एकजुटता जरूरी है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा आने वाले दिनों में आपके घर में जाकर पदाधिकारी आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे। हम ऐसी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रहें हैं। राज्य अलग हुए 24 वर्ष हो गए, इस झारखंड को देश का सबसे अमीर राज्य होना चाहिए था, यहां से पलायन रुकना चाहिए था। लेकिन उनकी गलत नीतियों की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई। इसलिए इस चुनाव में आप महागठबंधन की सरकार को मजबूत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा हम लोगों ने पांच वर्ष तक आपके बीच में सेवा की है जो चुनौती हमने देखी है, वह राज्य अलग होने के बाद किसी सरकार को ऐसी चुनौती नहीं मिली थी।



## लड़कियों को सोने का सिक्का नहीं दिया आलमगीर के पास 35 करोड़ मिले : हिमंता



**गोड्डा।** भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा लगातार हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन बोले थे कि जब लड़कियों की शादी होगी तो उनको सोने का सिक्का मिलेगा। ये सोने का सिक्का कहां गया। ये सारा सोना का सिक्का आलमगीर आलम खा गए। उनके घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए। सरमा ने कहा कि संथाल परगना में 1951 में हिंदू 90 प्रतिशत थे लेकिन आज घटकर 67 प्रतिशत हो गए जबकि मुसलमान बढ़कर 31 प्रतिशत हुए। क्या ये देश का मुसलमान है या हमारे देश में घुसपैठिए आ चुके हैं। शेष पेज 11 पर

## धुसपैठ अस्मिता के साथ संवैधानिक ढांचे पर प्रहार का भी सवाल: अर्जुन मुंडा



वहीं दुमका में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमंत सरकार हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान में जो घुसपैठ का जो मुद्दा है वह न केवल जमीन पर कब्जे का है न ही सिर्फ बहू-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ का है। यह मुद्दा राज्य पर संवैधानिक सवाल उठाता है। यह अनुसूचित क्षेत्र है, यहां की डेमोग्राफी बदल रहा है। सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि यदि अनुसूचित क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल रहा है, तो न केवल अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों से खिलवाड़ हो रहा है और संवैधानिक ढांचा पर प्रहार हो रहा है। आदिवासी समाज इस मामले में संवेदनशील है और सरकार के रवैये के प्रति काफी दुखी है।

## सीएम हेमंत सोरेन वोट बैंक की छाया में आंख बंद कर सो रहे हैं : चंपाई सोरेन



वहीं गिरीडीह में चंपाई सोरेन ने सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए और कहा कि वोट बैंक बनाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को मेहमान बना लेगी, ये कौन जानता था। उन्होंने कहा कि उनकी आदिवासी बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में अत्याचार हो रहा है। राज्य के सीएम वोट बैंक की छाया में सो रहे है। ऐसा नहीं चलेगा। या तो सीएम हेमंत को जागना होगा या फिर बांग्लादेशियों को झारखंड में रहने नहीं दिया जाएगा।

# इंडिया महिलाओं के हाथ जीत से लेकर झारखंड का नया राज

आज शाम से झारखंड के दूसरे और अंतिम चरण के धुंवाधार चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा । नेताओं के हेलीकॉप्टर और अपनेपन से भरी बातें भी अब वो भीड़ नहीं खींच रही जो कभी देखने सुनने को मिलती थी जब झारखंड नया नया बना था और लोगों में ऐसा उत्साह था जैसे उनके सपनों का देश आजाद हुआ हो । पर 24 साल के युवा झारखंड ने यहां की जनता को भी बहुत जागरूक कर दिया है और उन्हें मालूम है कि ये हेलीकॉप्टर में उड़ने वाले स्टार नेता और बड़ी गाड़ियों में घूमने वाले माननीय बाद में क्षेत्र में कम बड़े शहरों में ज्यादा दिखाई पड़ेंगे जिस कारण मुहल्ला स्तर पर कार्यकर्ताओं को अब उम्मीदवारों के बजाय उनके प्रतिनिधियों से ही बात हो पाती है जिन्हें कहीं मोलभाव तो कहीं रोष का सामना करना पड़ रहा है । इसका एक समाधान निकाला गया कि महिलाओं को पार्टी, जाति, समाज या देश बचाने के नाम पर सक्रिय किया गया । चुनाव आयोग ने बताया है इस बार चौंकाने वाला आंकड़ा है कि महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया है । पहले चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने बताया है कि पहले चरण में राज्य की 43 में से 37 सीट पर पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने अधिक मतदान किया। चुनाव आयोग ने बताया कि 13 नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में 66.65 प्रतिशत मतदान हुआ और इन 43 सीटों पर 2019 के विधानसभा चुनावों में दर्ज मतदान से 2.75 प्रतिशत अधिक वोटिंग हुई है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, "महिला मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, उन्होंने पुरुषों से 4.8 प्रतिशत अधिक मतदान किया, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आकार देने में उनकी बढ़ती भागीदारी को बल मिला है।" 13 नवंबर को हुए चुनाव के दौरान 43 विधानसभा क्षेत्रों में 1.37 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 91.37 लाख मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव आयोग ने कहा कि उनमें से 47,20,161 महिला मतदाता थीं, जबकि 44,17,689 पुरुष थे।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महिलाओं के वोट के प्रतिशत में वृद्धि हो या मइंया सम्मान योजना के 1000 रुपए से प्रभावित महिला वोटर दोनों स्थितियों में इंडिया ब्लॉक को फायदा पहुंचा है । विश्लेषकों का यह भी मानना है कि झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद जब उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को सार्वजनिक मंचों पर उतारा तो लोगों को समझ में नहीं आया कि ये महिलाओं की सहानुभूति बटोरने की बहुत पुरानी रणनीति थी जिसमें भाजपा से बड़ी चूक हुई जबकि झामुमो हमेशा मुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद महुआ माजी या कल्पना सोरेन को ही स्टार प्रचारक की तरह प्रमुख चेहरे के रूप में सामने किया । दोनों महिलाएं मुखर वक्ता भी हैं जिससे महिलाओं पर असर पड़ा जबकि भाजपा के सभी स्टार प्रचारक महिला हितों की बात करते रहे पर किसी महिला को आगे नहीं किया जो एक रणनीतिक चूक साबित हो सकती है । जबकि एक गुट का मानना है कि भाजपा ने इस बार रणनीतिक रूप से गठबंधन धर्म का पालन किया है और मइंया सम्मान योजना की काट, जीतने पर गोगो दीदी योजना से 2100 प्रतिमाह सभी महिलाओं को देने की मोदी की गारंटी से इसे कुंद कर दिया क्योंकि मइंया सम्मान योजना सिर्फ 18 से 50 साल की महिलाओं के लिए है और भाजपा के प्रचार के अनुसार इसके लिए फंड निर्धारित नहीं है फिर इतनी भारी भरकम राशि आएगी कहां से, का भी प्रभाव पड़ा है । हालांकि झामुमो ने अंत में 2500 प्रतिमाह देने की घोषणा की पर ये कितनी प्रभावी होगी यह चुनाव परिणाम ही बताएगा।वैसे पड़ोसी राज्य बिहार में महिलाओं को 50 % आरक्षण सहित कुछ महिला केंद्रित योजनाओं ने खेल का रुख ही पलट दिया था पर झारखंड में लोकसभा चुनाव के झटके के बाद से लगातार मेहनत कर रही भाजपा अपने आदिवासी कार्यकर्ताओं को मनाने और विशेष रूप से महिलाओं तक अपनी बात पहुंचाने में कितनी सफल हो पाई है कहना कठिन है । इस बार के चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने भाजपा को पराजित करने के लिए हर हाल में वोट की नीति बनाई थी जिस कारण उनके समर्थकों विशेष कर महिलाओं और अल्पसंख्यक वोटरों ने भारी मतदान किया जबकि भाजपा के वोटर स्थानीय मुद्दों या गुटबाजी के कारण मुंह फुलाए बैठे थे या भीतरघात तक करने की चर्चा है। इस चुनाव में जीत के प्रति आश्वस्त इंडिया ब्लॉक इस बार महिलाओं को मंत्री से लेकर अन्य पदों पर बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रहा है जबकि एनडीए यदि सत्ता में आती है तो प्रथम महिला मुख्यमंत्री देकर तुरुप चाल से सबको चकित कर सकती है। संभावित महिला नेत्री की छवि ईमानदार और कड़क की है जिन्हें अभी हाशिए पर रखा गया है । भाजपा नेतृत्व को लेकर आदिवासी नेताओं की खींचतान समाप्त करने के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ या हरियाणा जैसा चौंकाने वाला फैसला कर सकती है पर सब कुछ ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर निर्भर है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## डिस्पैच के दिन अनुपस्थित 30 कर्मियों पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में डिस्पैच के दिन मतदान कर्मियों की अनुपस्थिति को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना पूर्व अनुमति अनुपस्थित रहनेवाले मतदान कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी किया जाएगा। साथ ही मतदान कर्मियों को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू करने के लिए उनके संबंधित संस्थान को जिला प्रशासन द्वारा आदेश भी जारी किया जा रहा है। डिस्पैच के दिन अनुपस्थित रहने वाले 6 मतदान कर्मियों के खिलाफ जिला प्रसाशन द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, जबकि 24 मतदानकर्मियों के संबंधित संस्थान को उन्हें निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया जाएगा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी उनमें बैंक कर्मी, शिक्षक और सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (पीएसयू) के कर्मी शामिल हैं।



- दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 97 मतदान कर्मियों को भी शो-कॉज

शेष पेज 11 पर

## भ्रष्टाचार के बादल जरमुंडी से हटने वाले हैं : गौरव वल्लभ



**रांची/दुमका।** भाजपा के जरमुंडी विस प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर के पक्ष में वोट का अपील करने पहुंचे प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने रविवार को कहा कि भ्रष्टाचार के बादल जरमुंडी से हटने वाले हैं। वह बासुकीनाथ में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, खाद्य-बीज विक्रेता, पौधे विक्रेता, जो पैसे की थैली लेकर घूम रहे हैं, उन पर नजर है। लूट के पैसे रखने वाले भ्रष्टाचारी को घुसपैठियों की तरह बाहर निकाला जाएगा। भ्रष्टाचार के बादल अब हट चुके हैं, लोग आपको बाय-बाय कह चुकी है। वल्लभ ने झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा कि जेएमएम का मतलब जमीन जिहाद, महिला जिहाद और मजदूर जिहाद है।

# दक्षिणी छोटानागपुर की दो सीटों पर 20 को मतदान

## सिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबला, खिजरी में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छठी झारखंड विधानसभा के गठन के लिए पहले चरण का चुनाव हो चुका है। दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार का पहिया सोमवार की शाम को थम जाएगा। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत पांच जिले आते हैं। इन पांच जिलों में कुल 15 विधानसभा सीटें हैं। 15 विधानसभा सीटों में से 13 सीटों पर विगत 13 नवंबर को चुनाव हो चुके हैं। केवल दो सीटों - सिल्ली और खिजरी - के लिए चुनाव होना बाकी है। इन दो सीटों के लिए 20 नवंबर 2024 को मतदान होगा।

सिल्ली सामान्य सीट है, वहीं खिजरी अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए रिजर्व सीट है। जानकारों का कहना है कि दोनों सीटों पर मुकाबला काफी टफ है। सिल्ली विधानसभा सीट के लिए मुकाबला त्रिकोणीय बताया जा रहा है। सिल्ली विस क्षेत्र से आजसू पार्टी के सुदेश महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अमित महतो और जयराम महतो की पार्टी के देवेंद्र नाथ महतो चुनाव मैदान में है। सुदेश महतो वर्ष 2014 में अमित महतो और वर्ष 2018 में अमित महतो की पत्नी सीमा महतो से चुनाव हार चुके हैं। वहीं, देवेंद्र नाथ महतो विगत लोकसभा चुनाव में सिल्ली विस क्षेत्र से सबसे अधिक वोट लाए थे।

*दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिले : रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा।*



झारखंड अलग राज्य बनने के बाद खिजरी विधानसभा क्षेत्र से एक बार भाजपा, तो एक बार कांग्रेस के विधायक चुने गए हैं। वर्तमान में इस सीट से कांग्रेस से राजेश कच्छप और भाजपा से रामकुमार पाहन मैदान में हैं।

### किसके खाते में कितनी सीट

**खिजरी (एसटी) विस सीट**

| वर्ष | नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 2005 | कड़िया मुंडा | भाजपा |
| 2009 | सावना लकड़ा | कांग्रेस |
| 2014 | राम कुमार पाहन | भाजपा |
| 2019 | राजेश कच्छप | कांग्रेस |

**सिल्ली विस सीट**

| वर्ष | नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 2005 | सुदेश महतो | आजसू |
| 2009 | सुदेश महतो | आजसू |
| 2014 | अमित महतो | जेएमएम |
| 2018 | सीमा महतो | जेएमएम |
| 2019 | सुदेश महतो | आजसू |

# बरहेट भाजपा प्रत्याशी की सुरक्षा के लिए भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

## कहा, गमालियम हेंब्रम को जान का खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को चुनाव आयोग पहुंचा और मांग की की बरहेट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गमालियम हेंब्रम को भरपूर सुरक्षा दी जाए। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि गमालियम हेंब्रम एवं उनके परिवार को झामुमो के कार्यकर्ता डरा, धमका रहे हैं। इस सीट से जहां मुख्यमंत्री खुद चुनाव लड़ रहे हैं, वहां पता ही नहीं चल रहा है कि झामुमो का कार्यकर्ता कौन है और प्रशासन कौन है। प्रशासन और झामुमो कार्यकर्ता मिलकर एक बड़ा षड्यंत्र कर कर सकते हैं, जिसमें हेंब्रम या उनके परिजनों की जान भी जा सकती है।



उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता एवं हेंब्रम के समर्थकों के बीच कई बार झड़प हो चुकी है। यह संघर्ष खूनी रूप भी ले सकता है। इस संदर्भ में हेंब्रम ने वीडियो जारी करके अपनी आशंका को बताया था तथा पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक साहिबगंज और पुलिस अधीक्षक गुड्डा को पत्र लिखकर भी अपने सुरक्षा के लिए गुहार लगाई थी। परंतु, आज तक हेंब्रम को सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति करने के लिए जो सभी को दो अंगरक्षक मिले हैं, वही उनके साथ हैं। हेंब्रम के घर पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आशंका व्यक्त की कि चुनाव के पूर्व ही गमालियम हेंब्रम पर जानलेवा हमला हो सकता है। उन्हें जान-माल का नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

### झारखंड की दशा को हिमाचल जैसा नहीं होने देना है

## कांग्रेस की झूठी गारंटी अब पूरे देश में उजागर : जयराम ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर, रांची में कहा कि कांग्रेस ने अपनी झूठी गारंटी देकर हिमाचल में सत्ता हासिल की। अब अपने किए गए वादों और गारंटी के विपरीत काम करना शुरू कर दिया है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने 10 गांरटी दी थी, लेकिन दो साल हो गए हैं, अभी तक कंग्रेस ने अपनी एक भी गांरटी पूरी नहीं की है। उनकी सारी गारंटी धरी की धरी रह गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जो वादे किए थे, अब वैसे ही वादों को झारखंड में दोहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने देने का वादा किया था, लेकिन हिमाचल प्रदेश में 2 साल बीत गए, महिलाओं-बहनों से जो वादा किया था, उनको 1500 सौ रुपये हर महीने नहीं मिले।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने वादा किया था कि 5 साल में 5 लाख युवाओं को नौकरियां देंगे। हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएगी, लेकिन सत्ता में आते ही नौकरी देने की बजाय पद ही खत्म कर दिए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा की सरकार जो 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही थी, उसको भी बंद कर दिया है। कांग्रेस ने वादा किया था कि गाय का दूध 80 रुपये और भैंस का दूध 100 रुपये प्रति लीटर खरीदेंगे, लेकिन सरकार बनने के बाद मुकर गए।



*हिमाचल जैसे वादे झारखंड में भी दोहरा रही कांग्रेस पार्टी*

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के हिमाचल में दो साल पूरे होने वाले है। लोन पर लोन लिए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिल पा रही है। ऐसा हिमाचल प्रदेश में पहली बार हुआ है। कांग्रेस की झूठी गारंटी अब पूरे देश में उजागर हो चुकी है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र जाकर कह रहे हैं कि हिमाचल में हमने सारी गारंटी पूरी की है, लेकिन वहां कोई बदलाव नहीं हुआ। झारखंड में भी कांग्रेस के नेता प्रचार के दौरान बोल रहे हैं कि हमने हिमाचल प्रदेश में अपनी सभी गारंटी पूरी की है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में भी झूठे वादे करके सत्ता में आने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया।

### असम के मुख्यमंत्री ने महगामा में की चुनावी सभा

# झारखंड सरकार को केवल घुसपैठियों से है प्यार : हिमंता

**नवीन मेल डेस्क**

**गोड्डा।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विस चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आपकी जो पीड़ा है, वह भाजपा का कष्ट है। हम आपसे वादा करते हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा आपलोगों को पाई-पाई धन लौटा देंगे। सरमा रविवार को महगामा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन बोले थे कि जब लड़कियों की शादी होगी, तो उनको सोने का सिक्का मिलेगा। ये सोने का सिक्का कहां गया। ये सारा सोना का सिक्का आलमगीर आलम खा गए। उनके घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए। सोने का सिक्का गरीब को नहीं मिला, लेकिन आलमगीर आलम को मिला ताकि ये लोग वोट जिहाद कर सकें। सरमा ने कहा कि 20 तारीख को महगामा में चुनाव होने वाला है। 43 सीटों पर चुनाव हो चुका है। मैं कह सकता हूं कि भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य में आगे बढ़ी है। भाजपा को रोकने में कोई सफल नहीं होगा। सरमा ने कहा कि पिछली जनसभाओं में लोग मुझको आकर कह रहे थे जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में शुक्रवार को स्कूल बंद होते हैं। क्योंकि, लोगों को नमाज पढ़ना होता है। शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए बंद होते हैं, तो मंगलवार को भी हनुमान पूजा के लिए बंद होना चाहिए। इन लोगों के दिमाग में घुस गया है कि हमें एक ही पक्ष का वोट चाहिए। उन्हें आपका वोट नहीं चाहिए। उनको उन्हीं लोगों का वोट चाहिए, जो लोग शुक्रवार को स्कूल बंद करते हैं।



सरमा ने कहा कि रामनवमी पर कोई जुलूस निकालना चाहता है, तो पुलिस बाधा डालती है। गढ़वा में दुर्गा पूजा का विसर्जन करने नहीं देते। लोहरदगा में विसर्जन करने नहीं देते, लेकिन मोहर्रम पर शोभायात्रा होती है, जुलूस निकलते हैं। डंडा लेकर लोग घूमते हैं। हिंदू भाइयों को पीटा जाता है। पुलिस कुछ नहीं करती है। क्योंकि, इस झारखंड सरकार को खाली घुसपैठियों से प्यार है। हमारे साथ उनका कोई संबंध नहीं है। विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए रूम बना देते हैं। मुस्लिम विधायकों को नमाज पढ़ने के लिए अलग रूम चाहिए, तो हिंदू भाइयों को हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए अलग रूम नहीं चाहिए क्या। सरमा ने कहा कि संथाल परगना में 1951 में हिंदू 90 प्रतिशत थे, लेकिन आज घटकर 67 प्रतिशत हो गए। जबकि, मुसलमान बढ़कर 31 प्रतिशत हो गए हैं। क्या ये देश के मुसलमान हैं, या हमारे देश में घुसपैठिए आ चुके हैं। एनडीए उम्मीदवार आशोक कुमार को जिता दीजिए। घुसपैठियों को चुन-चुनकर हम बाहर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज और हमारी संस्कृति झारखंड में खतरे में है। घुसपैठिया आते हैं और हमारी आदिवासी बेटियों को बरगलाकर जमीन हड़पने के लिए शादी करते हैं। मुखिया चुनाव लड़ने के लिए शादी करते हैं।

### झारखंड की जनता हिमंता को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगी : सोनाल शांति



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने पार्टी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के संबंध में दिए गए बयान पर जवाब देते हुए कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा अपने बोल वचन से झारखंड में भाजपा का राजनीतिक अंतिम संस्कार कराकर वापस लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि चार महीनों से पूरे झारखंड में घूमकर झारखंडियों को लड़ाने की कोशिश करने वाले हिमंता सरमा ने भाजपा को रसातल में मिला दिया है। अपने उलूल-जुलूल बयानों से उन्होंने झारखंडियों की आंखें खोल दी हैं। सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड के लोगों ने चुनाव के दौरान यह देख लिया है कि महागठबंधन सरकार विकास की सोच के साथ चुनावी मैदान में है और भाजपा धार्मिक चश्मे से जनता को पूरा झारखंड दिखा रही है। धर्म आधारित सारे एजेंडो के समाप्त होने के बाद अब व्यक्तिगत बदजुबानी पर हिमंता बिस्वा सरमा उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आतंकवाद के एजेंडे के तहत भाजपा समुदायों को आपस में लड़ा कर झारखंड की सत्ता चाहती है, लेकिन जनता असम के स्तरहीन मुख्यमंत्री को झारखंड में तरजीह नहीं दे रही है, जिससे वह बौखलाहट में है।

## 'हेमंत बताएं, झारखंड में क्यों कम हो रही है आदिवासियों की आबादी'



*खिजरी विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन के लिए किया प्रचार*

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/खिजरी।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र में टाटीसिलवे, आदर्श नगर, टाटी पूर्वी, नामकुम खटाल, यदुवंशी नगर, जोरार अखाड़ा, हाई टेंशन कॉलोनी और अमेठिया नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से खिजरी विधानसभा सीट के लिए भाजपा के प्रत्याशी रामकुमार पाहन को अपना मत देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। संजय सेठ ने कहा, झारखंड की सरकार में आज भ्रष्टाचार व्याप्त है। झारखंड के डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। जहां पहले आदिवासी की जनसंख्या थी, वहां तेजी से मुस्लिम आबादी बढ़ी है। इसका जिम्मेदार कौन है, यह हेमंत सरकार को बताना चाहिए। हेमंत सोरेन अगर आदिवासियों के हितेषी हैं, तो बताएं कि आदिवासी 44 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत क्यों बचे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने यहां के संसाधनों को लूटा और मुंबई वाले के हाथों में बेच दिया। आज स्थिति यह है कि यहां के लोग बालू नहीं मिलने के कारण अपना घर भी नहीं बन पा रहे हैं। युवाओं को रोजगार देने का वादा कर यहां के युवाओं पर लाठी बरसाने का काम यह हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार ने किया है। यहां कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ रुपये नकद बरामद होते हैं। यहां के वर्तमान विधायक के पास से रुपये बरामद होते हैं। क्या ऐसे करप्शन वाले विधायक को आप दोबारा जिताना चाहेंगे।

उन्होंने कहा कि खिजरी के भविष्य और विकास के लिए रामकुमार पाहन को अपना मत देकर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं, ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। यहां का विकास हो सके। किसानों का विकास हो सके। सेठ ने कहा, भाजपा के सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 11 तारीख को 2100 रुपये दीदी के खाते में आएगी, ताकि वह अपना घर चला सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को जिनके कच्चे मकान हैं, उन्हें पक्का मकान दिया जाएगा।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सिंदरी में इंडी गठबंधन पर किया प्रहार

# जेएमएम, कांग्रेस व राजद भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियां : जेपी नड्डा

*एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग और आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम मोदी ने किया*

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/धनबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को झारखंड के धनबाद के सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाअड्डा स्थित कल्याणपुर संन्यासी मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए पूरे इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले पांच साल में रोजगार पर पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राज्य को दोनों हाथों और परिवारवाद द्वारा लूटा गया, फर्जी राजनीति को महत्व दिया गया। हेमंत सोरेन की सरकार ने तुष्टीकरण के सहारे राज्य को बांट दिया। जो जनसैलाब मैने देखा है, उससे संकेत मिलता है कि झारखंड के लोगों ने 20 नवंबर को झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सबकी आवाज है- रोटी-बेटी-माटी करे पुकार, झारखंड में हो एनडीए की सरकार।



नड्डा ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस व राजद में दो बात कॉमन है। तीनों ही भ्रष्टाचारी हैं। तीनों पार्टियां परिवारवादी हैं। तीनों ही पार्टियां आपस में फूट डालो और शासन करो की राजनीतिक करती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी ओबीसी का नारा लगाते हैं, लेकिन उन्हें सम्मान भाजपा और मोदी देते हैं। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम पीएम मोदी ने किया। हर दृष्टि से एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग और आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम मोदी ने किया है। नड्डा ने पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था के मामले में भारत दुनिया में 11वें नंबर से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। आज भारत को दुनिया एक शक्तिशाली देश के रूप में देख रहा है। मोदी ने झारखंड के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। हमारे उम्मीदवार को जिताइए, राज्य में 10 मेडिकल कॉलेज खोलेंगे। युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए मोदी ने सिंदरी में बंद खाद कारखाने को हर्ल कब द्वारा पुनः शुरू कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि यदि हमारी सरकार बनी तो इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर करेंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि घुसपैठिये आदिवासी बच्चियों के जमीन के हकदार कभी नहीं बन पाएंगे। ये घुसपैठिये बांग्लादेश से आकर यहां के मदरसों में रुकते हैं और कागजात बनाने का उपाय यहां किया जाता है और फिर ये लोग अपना कांड करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जमीन घोटाला, खदान घोटाला के आरोपित हैं और बेल पर बाहर हैं। ये जातियों में बांटना चाहते हैं। सारा समाज एक हो जाओ। एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे। इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकिये।

### भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाएगी : भाजपा अध्यक्ष

**रांची/बोकारो।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने घुसपैठ के मामले पर कहा कि भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी। कोई भी बांग्लादेशी आदिवासियों की जमीन नहीं ले पाएगा। नड्डा रविवार को बोकरो के गोमिया में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोशिश कर रही है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के जरिए लैंड जिहाद कर सकें। इसमें हेमंत सरकार भी मदद करती है। इसमें सिर्फ हेमंत सोरेन ही नहीं कांग्रेस और राजद भी भ्रष्टाचारी है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। नड्डा ने कहा कि झारखंड में छह लेन का ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगा, जो बनारस से कोलकाता वाया रांची तक जाएगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर बहन को प्रति माह 2100 रुपये दिया जाएगा और लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार आने पर दो लाख 87 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। साथ ही, सरकार पांच लाख युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

## सीएम हेमंत को संताली समाज की चिंता नहीं : चंपाई सोरेन

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/गिरिडीह।** झारखंड के कोल्हान टाइगर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने रविवार को गिरिडीह के गांडेय की भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी के समर्थन में चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी के सर्मथन में वोट देने की अपील की। चंपाई ने सीएम हेमंत और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वोट बैंक बनाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को मेहमान बना लेगी, ये कौन जानता था। उन्होंने कहा कि उनकी आदिवासी बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं। अब तो उन्हें खुद भी आदिवासी कहने में संकोच लगता है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में अत्याचार हो रहा है। राज्य के सीएम वोट बैंक की छाया में सो रहे हैं। ऐसा नहीं चलेगा। या तो सीएम हेमंत को जागना होगा, या फिर बांग्लादेशियों को झारखंड में रहने नहीं दिया जाएगा। चंपाई ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि सारा कुछ कांग्रेस के इशारे पर हेमंत बाबू कर रहे हैं। उन्हें बस वोट लेने से मतलब है। उन्हें संथाली समुदाय की महिलाओं की कोई चिंता नहीं। जनसभा को गांडेय की भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी ने भी संबोधित किया।



## अजहर पर किया गया बम से हमला हार की हताशा का परिणाम : मरांडी

**रांची (हि.स.)।** पाकुड़ विधानसभा सीट से आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम ने दावा किया है कि उनके काफिले पर बम से हमला हुआ है। अजहर के इस दावे के बाद भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के माध्यम से झामुमो और कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। बाबूलाल ने अपने पोस्ट में लिखा है कि हार की हताशा में झामुमो-कांग्रेस एनडीए प्रत्याशियों पर जानलेवा हमले करा रही है। पाकुड़ विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर बम से किया गया जानलेवा हमला इसी बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे हमलों की कोई जगह नहीं है। धनबल के सहारे चुनाव प्रभावित करने की कोशिश करने वाले झामुमो-कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी। साथ ही, बाबूलाल ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से मामले पर संज्ञान लेने को कहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि ईसीआई इस मामले का संज्ञान लेकर घटना में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करे।




## मूलवासी-ओबीसी विरोधियों को धूल चटाने का मन बना चुके हैं मतदाता : डॉ मंडल



**रांची।** पूर्व सांसद, पूर्व जैक उपाध्यक्ष और झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ सूरज मंडल ने कहा है कि झारखंड के मतदाता, मूलवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विरोधियों को अबकी बार के विस चुनाव में धूल चटाने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना सहित गिरिडीह, धनबाद आदि के 38 विस क्षेत्रों में मतदाताओं का वही व्यवहार होगा, जैसा प्रथम चरण के 43 सीटों पर मतदाताओं ने वैसे प्रत्याशियों के साथ किया। डॉ मंडल ने कहा कि राजधनवार की घटनाओं को यदि देखा जाए, तो भ्रष्ट, दलाल और स्वार्थी प्रवृत्ति के वैसे लोगों का व्यक्तित्व, चाल, चरित्र और चेहरा खुलकर सामने आ गया है।

# जामा विस क्षेत्र विकास से कोसों दूर : डॉ लुईस

### कहा, विकास का नया अध्याय लिखना है मेरा लक्ष्य

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची/दुमका।** जामा से झामुमो की प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने वर्तमान सरकार के विकास की पोल खोल दी है। समाचार चैनलों पर चल रहे उनके बयान में भाजपा सरकार में मंत्री रहीं अब बागी प्रत्याशी लुईस मरांडी ने कहा है कि जामा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत गांवों में वे घूम चुकी हैं, जहां पेयजल से लेकर सड़कों की कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। जामा विधानसभा क्षेत्र का पूरा इलाका विकास से कोसों दूर है। उनका लक्ष्य विकास का नया अध्याय लिखना है।

## दो विचारधाराओं के बीच का है यह चुनाव : तेजस्वी यादव

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/दुमका।** जामा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो की प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी के समर्थन में चुनावी सभा में बिहार के पूर्व मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड चुनाव का नतीजा पूरे मुल्क को प्रभावित करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच का है। एक तरफ तलवार बांटने वाले, नफरत फैलाने वाले, संविधान को नहीं मानने वाले हैं, तो दूसरी तरफ प्यार की बात करने वाले, भाईचारे रखने वाले, कलम बांटने वाले, संविधान व लोकतंत्र को बचाने की बात करने वाले, जम्हुरियत की बात करने वाले लोग है।




तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी है। केवल झूठ फैलाना है और कोई काम नहीं करना है। हमलोग की महागठबंधन की पार्टी विकास और काम की बात करती है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में 45 रुपये पेट्रोल मिलते थे, गैस सिलेंडर 450 रुपये मिलते थे। अब पेट्रोल 100 रुपये पार हो चुके हैं, गैस सिलेंडर 1200 रुपये हो गए। यूपीए की सरकार में भाजपा वाले को मंहगाई डायन नजर आती थी, अब डायन नहीं, महबूबा और भौजी नजर आ रही है।




- सुरक्षाकर्मी नहीं किए गए हैं तैनात, असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा, लोगों को होती है परेशानी
- चुनाव बाद एनजीओ को मिल सकता है आश्रम, तब वृद्धों को मिलेगी छत

**2018** में ढाई करोड़ की लागत से बन कर तैयार हो गया था आश्रम

वृद्धाश्रम बने छह वर्ष गुजर गए, लेकिन बेघर बुजुर्गों को नहीं मिला घर



*मामले की जानकारी नहीं थी। इस विषय पर जांच की जाएगी और जल्द से जल्द सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।*

***किरण पासी,** निदेशक, समाज कल्याण विभाग।*

### चिरौंदी में बने वृद्धाश्रम के दरवाजे बेघर बुजुर्गों के लिए कभी खुले ही नहीं

# वृद्धों का आशियाना बना चोरों, शराबियों, जुआरियों का ठिकाना

**काजल मेहता**

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी से कुछ दूर आगे चिरौंदी में वृद्धाश्रम का शिलान्यास वर्ष 2016 में जिला समाज कल्याण विभाग रांची ने किया था। उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार थी और रघुवर दास मुख्यमंत्री थे। वृद्धाश्रम के भवन का निर्माण कार्य काफी तेजी से हुआ। बेघर बुजुर्गों के लिए वर्ष 2018 तक आलीशान भवन करीब ढाई करोड़ की लागत से बन कर तैयार हो गया। लेकिन, इसके बनने का फायदा बुजुर्गों को नहीं हुआ। इस वृद्धाश्रम के दरवाजे बेघर वृद्धों के लिए कभी खुले ही नहीं। वर्ष 2019 में झारखंड में पांचवें विधानसभा के लिए चुनाव हुआ। चुनाव के बाद राज्य में सरकार बदल गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनी। और, अब पांच वर्षों के बाद वर्ष 2024 में झारखंड में छठे विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव हो रहा है। चुनाव परिणाम 23 नवंबर 2024 को आ जाएगा। झारखंड में फिर नई सरकार आ जाएगी। वहीं, चिरौंदी में वृद्धाश्रम बने छह वर्ष गुजर गए, लेकिन अब तक बेघर बुजुर्ग बेघर ही हैं, क्योंकि उन्हें इस वृद्धाश्रम में ठिकाना नहीं मिला।




## फिर से जगी उम्मीद की किरण

जिला समाज कल्याण विभाग, रांची द्वारा बनाए गए करोड़ों के आश्रम को जिला प्रशासन ने एनजीओ (गैर सरकारी संस्था) को देने के लिए वर्ष 2022 में टेंडर निकाला था। इसमें कई प्रकार की शर्तें थीं, जिसका पालन टेंडर लेने वाली संस्था को करना अनिवार्य था। लेकिन, टेंडर में किसी भी एनजीओ ने रुचि नहीं दिखाई। हालांकि, 2022 में ही भवन को चोरों ने बर्बाद कर ही दिया था। इस पर ना ही सरकार, ना जिला समाज कल्याण विभाग और ना ही पुलिस प्रशासन की नजर गई। वहीं, 2024 के जुलाई महीने में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा रांची डीसी को सूचना दी गई कि चिरौंदी में बनाए गए ओल्ड एज होम की हालत जर्जर हो चुकी है। इसे एनजीओ को सौंपने से पहले बनाना होगा। इसके बाद सितंबर 2024 में भवन को फिर से व्यवस्थित करने की शुरुआत हुई और अक्टूबर महीने में यह कार्य पूर्ण हो गया। जब भवन निर्माण कार्य हो रहा था, उस वक्त इसकी लागत करीब ढाई करोड़ रुपये थी। इस बार फिर से भवन को सुव्यवस्थित करने में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आई है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि एनजीओ का चयन हो चुका है और विधानसभा चुनाव के बाद आश्रम एनजीओ को सौंपा जाएगा। अब रांची की जनता को इंतजार इस बात का है कि चिरौंदी का वृद्धाश्रम कब बुजुर्गों को मिल पाता है।

## चोर उखाड़ ले गए दरवाजे-खिड़कियां

करोड़ों रुपये खर्च करके वृद्धाश्रम का आलीशान भवन बना है। यहां 50 बेड हैं, यानी 50 वृद्ध यहां रह सकते हैं। वृद्धाश्रम के कमरे मार्बल से सजाये गए, सोलर लैंप्स लगाये गए, गार्डन बनाया गया, पानी की बड़ी-बड़ी 11 टंकियां लगाई गईं, यहां हर एक व्यवस्था की गई। मगर, जिनके लिए यह बना, उन्हें मिला ही नहीं। वर्ष 2020 से लेकर 2024 के मार्च महीने तक वृद्धाश्रम पर प्रशासन ने ध्यान ही नहीं दिया। एक भी गार्ड या सुरक्षाकर्मी आश्रम में तैनात नहीं किया गया। इस कारण वृद्धाश्रम के भवन पर चोरों, शराबियों और जुआरियों का कब्जा हो गया। नतीजतन, भवन की स्थिति बदहाल हो गई है। देखरेख के अभाव में चोर लाइट होल्डर्स, बेसिन, दरवाजे, खिड़कियां, नल, पाइप, यहां तक कि आदमकद टंकियां भी उखाड़ ले गए। आसपास के लोगों ने वर्ष 2022 में बरियातू थाने में इस संबंध में शिकायत की थी। इसके बाद आश्रम में मात्र एक नोटिस चिपकाकर प्रवेश द्वार पर ताला लगा दिया गया (प्रवेश द्वार के ताले को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था)। इसके बाद भी गार्ड की बहाली नहीं हुई। इसका नतीजा यह हुआ कि चोर पिछले दरवाजे को तोड़कर बची-खुची संपत्ति भी ले गए। वृद्धाश्रम पर पूरी तरह से असामाजिक तत्वों का कब्जा था। जुआरी और शराबियों को एक शानदार आशियाना मिल गया था। एक ओर चोर सामनों की चोरी कर रहे थे, तो दूसरी ओर जुआरियों और शराबियों की महफिल जम रही थी। आश्रम में कहीं शराब की बोतल और सिगरेट, तो कहीं इस्तेमाल किया निरोध पड़ा रहता था। करोड़ों रुपये की लागत से बने वृद्धाश्रम पर ना शासन का ध्यान था, ना प्रशासन का। वृद्धाश्रम का मंजर देखकर ऐसा लगता था, मानों यह आलीशान भवन राजधानी के चोरों, शराबियों और जुआरियों के लिए बनाया गया हो। और, इसका इस्तेमाल चोरों, शराबियों और जुआरियों ने बखूबी किया भी।

## मरम्मत के बाद भवन फिर लावारिस हालत में

बुजुर्गों के इस आशियाने की एक बार फिर से मरम्मत की गई, लेकिन इस बार भी सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं किए गए। हालांकि, जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से बताया गया कि दो सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। लेकिन, जब राष्ट्रीय नवीन मेल की संवाददाता ने दो दिनों तक घंटों आश्रम के बाहर गार्ड का इंतजार किया, तो कहीं कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आया। आसपास के लोगों ने कहा कि सालों तक भवन को अकेला छोड़ दिया गया, फिर मरम्मत की गई और फिर छोड़ दिया गया है। लोगों ने कहा, जब आश्रम को चालू नहीं करना है, तो इतने पैसे क्यों बर्बाद किए जा रहे हैं। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता बाबूलाल ने कहा, यह झारखंड और यहां के बुजुर्गों की बदकिस्मती है कि राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे पर कहीं विरोध नहीं करती हैं। विभागों की लापरवाही से करोड़ों की बनाई गई इमारत को चोरों ने तबाह कर दिया और इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

# रांची विश्वविद्यालय के पीजी में नामांकन नहीं ले रहे छात्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय एक ओर राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) से ग्रेडिंग के लिए तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय में नामांकन लेने वाले छात्रों की संख्या में कमी आ रही है। नैक को ले कर विश्वविद्यालय में रंग-रोगन का काम खूब जोरो पर चल रहा है। इमारतों को चमकाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। वहीं, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यों में किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। एमएड का सेशन छह महीने लेट चल रहा है। स्नातकोत्तर में कई विभागों में क्लास की शुरुआत तक नहीं हुई है। बीते समय में सेशन, रिजल्ट और अन्य समस्याओं को लेकर छात्रों ने विश्वविद्यालय में घेराव और ताला बंदी तक की है। लेकिन, इसका विश्वविद्यालय प्रशासन पर कोई खास असर नहीं हुआ। इस संबंध में आजसू छात्रसंघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीजी की पढ़ाई का स्तर इतना गिरा दिया है कि आज इस विश्वविद्यालय में 50 प्रतिशत से कम नामांकन हो रहा है। जबकि, इस विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए लोग जी-जान लगा देते थे। विश्वविद्यालय में नामांकन कम होने की पूरी जिम्मेदारी रांची विश्वविद्यालय के प्रशासन पर है। इसमें जल्द सुधार नहीं हुआ, तो आजसू उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।




फाइल फोटो

### रांची विश्वविद्यालय में नामांकन की स्थिति

| विषय | आवेदन | नामांकन | विषय | आवेदन | नामांकन |
|---|---|---|---|---|---|
| एंथ्रोपोलॉजी | 22 | 9 | कुड़माली | 5 | 4 |
| बांग्ला | 12 | 3 | कुड़ुख | 50 | 44 |
| बॉटनी | 80 | 30 | मैथमेटिक्स | 174 | 83 |
| केमिस्ट्री | 84 | 47 | मुंडारी | 13 | 10 |
| इकोनॉमिक्स | 118 | 49 | नागपुरी | 44 | 30 |
| इंग्लिश | 368 | 206 | पंचपरगनिया | 3 | 3 |
| फाइनेंशियल | 273 | 124 | फिलॉसफी | 14 | 8 |
| ज्योग्राफी | 239 | 118 | फिजिक्स | 118 | 65 |
| जियोलॉजी | 57 | 22 | पॉलिटिकल साइंस | 204 | 71 |
| हिंदी | 176 | 99 | साइकोलॉजी | 52 | 37 |
| हिस्ट्री | 174 | 93 | संस्कृत | 16 | 10 |
| हो | 2 | 1 | संताली | 19 | 14 |
| होमसाइंस | 17 | 7 | सोशियोलॉजी | 54 | 16 |
| खड़िया | 3 | 3 | उर्दू | 39 | 19 |
| खोरठा | 15 | 9 | जूलॉजी | 228 | 85 |



## श्री गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व पर सजा दीवान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने सिख पंथ के पहले पातशाह धन धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें पावन प्रकाश पर्व दिवस पर रैन सवाई दीवान सजाया। दीवान की शुरुआत 15 नवंबर को शाम साढ़े सात बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने 'नानक नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला...' शबद गायन कर की। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने 'कोई बोले राम नाम कोई सेवै गोसाईंयां कोई अल्लाहे....' शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी जेवेंदर सिंह जी ने कथावाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। संगत को बताया कि बाबा नानक का प्रकाश उस समय हुआ जब पाखंड एवं अज्ञानता रूपी अंधेरा छाया हुआ था। उन्होंने इस पाखंड और अज्ञानता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व के अनेक देशों का भ्रमण किया। इस विचरण यात्रा को उदासी कहा जाता है। इस दौरान उन्होंने कई लोगों का हृदय परिवर्तन किया, ठगों को साधु बनाया, कर्मकांडियों को बाह्य आडंबरों से निकालकर रागात्मिक भक्ति में लगाया। अहंकारियों का अहंकार दूर कर उन्हें मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने विश्व को नाम जपो, कीरत करो और वंड के छको का संदेश दिया। भाई जसकरण सिंह जी पटियाला वाले ने 'धन गुरु नानक तेरी वडी कमाई' और 'कल तारण गुरु नानक आया...' शबद गायन किया। विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे रागी जत्था भाई जगतार सिंह जी जम्मू वाले ने 'भया अनंद जगत विच कल तारण गुर नानक आया...', 'संता के कारज आप खलोआ हर कम करावण आया राम ...' और 'ऐसी मत दीजै मेरे ठाकुर सदा सदा तुध ध्याई...' जैसे कई शबद गायन कर समूह साध संगत को भाव विभोर कर दिया। दीवान में उपस्थित संगत द्वारा उनके साथ-साथ शबद का उच्चारण करते सुन वे काफी प्रभावित हुए और उन्होंने रांची की संगत के भक्ति भाव की जमकर तारीफ की। रात 12.30 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 13 नवंबर से पढ़े जा रहे श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग हुआ। मौके पर भाई महिपाल जी ने आरती और बधाई का शबद पढ़ा।

## न्यूज बॉक्स

### सराय काले खां चौक का नामकरण बिरसा मुंडा के नाम पर करना सही है : अरविंद लाल



**रांची।** सराय काले खां चौक का नामकरण बिरसा मुंडा करने का विरोध मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर किया था। झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवकता अरविंद कुमार लाल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, मेरे अनुसार यह पूरी तरह से सही कदम है, दिल्ली में सराय काले खां कोई छोटा-मोटा चौक नहीं था। हेमंत सोरेन को कांग्रेस के साथ रहते हुए इतना भी समझ नहीं आता है कि दिल्ली की सड़कों के नाम जो हुमायूं, अकबर, औरंगजेब, लोधी आदि के नाम पर हैं, उसको सही करवा दें। अब इंदिरा गांधी स्टेडियम का नाम तुरंत से से बिरसा मुंडा के नाम पर तो नहीं हो सकता। एक शुरुआत हुई है, अच्छी शुरुआत है, इसे सराहा जाना चाहिए। लेकिन, हेमंत सोरेन को इसमें भी पॉलिटिक्स करने में मजा आ रहा है। रांची में बिरसा मुंडा का जो समाधि स्थल है, वहां जाकर देखिए, पूरा गंदा और बेतरतीब है। इसे थोड़ा-सा सजा के रखा जाता, रोज फूल-माला चढ़ता, तो यह सही सम्मान होता। लेकिन, किसी भी आदिवासी नेता को इससे कोई मतलब नहीं है, हां उनके नाम पर पॉलिटिक्स जरूर कर सकते हैं।

### तीन अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे



**रांची।** राजधानी में 8 और 9 नवंबर की रात तीन अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा डोरंडा थाना क्षेत्र में लगातार एक रात में तीन अलग-अलग लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इसमें एक घटना में उषा मार्टिन कंपनी के कर्मचारी के साथ लूटपाट के क्रम में पेट पर चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। इस संबंध में डोरंडा थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले का खुलासा करते हुए डोरंडा थाना प्रभारी जयदीप ने बताया कि अनुसंधान और छापामारी के दौरान तीन अपरधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा हुआ मोबाइल एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं। साथ ही, घटना में प्रयुक्त स्कूटी व नुकीली गुप्ती (छुरा) भी बरामद की गई है। वहीं, रात में पुलिस गश्ती दल द्वारा डोरंडा थाना अंतर्गत स्कॉर्पियों गाड़ी से सामानों की चोरी करता हुआ एक अपराधी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

**आज / कल**




# रातू थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े चेन छिनतई, कैमरे में कैद हुई वारदात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रातू थाना क्षेत्र के विवेकानंद कॉलोनी रोड नंबर 6 में रविवार को दिनदहाड़े एक महिला से चेन छिनतई करने का मामला सामने आया है। पूरी घटना की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार रातू थाना क्षेत्र निवासी निश्चित कुमार कर्मकार की मां के साथ छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस सूत्रों के अनुसार छिनतई मामले पर लिखित आवेदन या एफआईआर दर्ज नहीं करवाया गया था। हालांकि, मोहल्ले के लोगों का कहना है लिखित आवेदन दिया जा चुका है। गौरतलब है कि पांच वर्ष पहले इसी परिवार के घर से पांच लाख रुपये के गहनों की चोरी हुई थी।

### स्कूल की दो शाखाओं के 500 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

# 'मेरे नन्हे कदम' प्ले स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




कार्यक्रम में मौजूद रहीं रांची की बड़ी हस्तियां

रिम्स ऑडिटोरियम में 'मेरे नन्हे कदम' प्ले स्कूल ने रविवार को अपना 11वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। वार्षिक उत्सव में अतिथि के रूप में टेंडर हार्ट स्कूल के डायरेक्टर सुधीर तिवारी मौजूद थे। साथ ही, एकेडमिक शारदा ग्लोबल स्कूल की डॉ रंजना स्वरूप, लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर प्रणव रॉय, ब्रिजफोर्ड स्कूल के प्रिंसिपल सीमा चितलांगिया, जीडी गोयनका स्कूल के प्रिंसिपल डॉ सुनील कुमार, मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल के प्रिंसिपल रेखा नायडू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की निदेशिका विभा सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस कार्यक्रम में 'मेरे नन्हे कदम' प्ले स्कूल के दो ब्रांच के 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रावणी सुमित के आई गिरी नंदिनी नृत्य और शिव तांडव ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। शिक्षकों और बच्चों के बीच के अनूठे रिश्ते को मां मेरी मां गाने द्वारा बखूबी दर्शाया गया। वहीं, बच्चों ने अपनी धरोहर को समेटे परंपरागत नृत्य के साथ-साथ पाश्चात्य संस्कृति की भी झलक प्रस्तुत की। 'मेरे नन्हे कदम' शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य करता आ रहा है।

# अपराधियों ने खूंटी में एसबीआई की एटीएम को बनाया निशाना




◆ चोरी की घटना के बाद एटीएम में आग भी लग गई

◆ पुलिस मामले की कर रही जांच, एफएसएल की टीम भी लगी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर शनिवार की रात करीब दो से ढाई बजे मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर चोर 12 लाख 21 हजार रुपये ले उड़े। मामले की जानकारी मिलने पर रविवार की सुबह खूंटी एसपी अमन कुमार, डीएसपी, मुरहू थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा सहित कई पुलिस पदाधिकारी और बैंक के शाख प्रबंधक बिचना पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

मुरहू पुलिस ने रविवार की सुबह एटीएम के बाहर टूटे हुए ताले, एक लोहे की रॉड और दो पेचकस भी बरामद किए हैं। घटना की जानकारी के बाद एफएसएल, डॉग स्क्वॉड की टीम भी एसबीआई बिचना पहुंची एवं घटना की गहन जांच में जुट गई। एटीएम मैनेज करने वाली एजेंसी सीएमएस द्वारा रविवार को मुरहू थाने में एटीएम में चोरी को लेकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसबीआई बिचना के ब्रांच मैनेजर संदीप कुमार ने बताया कि बीती रात लगभग दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात लोगों ने गैस कटर से एटीएम काटकर 12 लाख 21 हजार रुपये की चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि सीएमएस एजेंसी द्वारा शनिवार शाम को ही एटीएम में पैसे डाले गए थे। बताया कि सीसीटीवी में दिख रहा है कि दो लोग गैस सिलिंडर लेकर चहारदीवारी फांदकर शनिवार रात को बैंक परिसर में घुसे और एटीएम के शटर में लगे। ताले को काटकर एटीएम का शटर उठाया एवं गैस कटर के मदद से एटीएम को काटकर उसमें रखे सभी पैसे चुरा लिए। बैंक मैनेजर ने बताया कि रविवार को रिकॉर्ड के मिलान के बाद पता चला कि एटीएम में 12 लाख 21 हजार रुपये थे। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना के बाद एटीएम में आग भी लग गई। यह आग चोरों द्वारा जानबूझ कर लगाई गई या शार्ट सर्किट के कारण लगी, इसकी जांच की जा रही है। एटीएम में लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम भी एसबीआई बिचना पहुंची और आग पर काबू पाया। बैंक मैनेजर ने बताया कि सुनसान इलाका होने की वजह से रात में गार्ड नहीं रहते हैं, लेकिन बैंक के सर्विलांस सिस्टम को काफी मजबूत किया गया है। चोरी के दौरान अलार्म भी बजा, लेकिन सुनसान स्थान होने के कारण आवाज को कोई सुन नहीं सका और चोर अपने मंसूबे में सफल रहे। उन्होंने बताया कि लगातार पुलिस टीम द्वारा गश्ती भी की जाती है। इसके बावजूद चोरों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया।

## एक नजर

### पीके कॉलेज बुंडू के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**तमाड़।** अड़की थाना क्षेत्र के कडरूडीह निवासी 20 वर्षीय बादल प्रमाणिक ने घर में लगे पंखे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रविवार देर शाम छह बजे की है। बादल पीके कॉलेज बुंडू में इंटर का छात्र था। बताया जाता है कि घर के सदस्य खेत में धान काटने गए थे। शाम को जब सभी घर पहुंचे तो देखा कि बादल पंखे के सहारे झूल रहा है। परिजन उसे तत्काल तमाड़ अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। तमाड़ पुलिस ने शव बरामद कर तमाड़ थाना लाई। सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेजा जाएगा।

### मांडर में वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के सोसई स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना रविवार दोपहर की है। बताया जाता है कि चटवल निवासी विक्की उरांव अपने एक अन्य दोस्त करकट के तस्लीम अंसारी के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद लोगों ने दोनों को रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार विक्की के पैर की हड्डी टूट चुकी है। वहीं तस्लीम को गंभीर चोट लगी है।

### बेड़ो में कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच कपड़े और कंबल बांटे

**बेड़ो।** कपड़ा बैंक बेड़ो के तत्वावधान में रविवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में नेहालू पंचायत के टिकराटोली में नेहालू के शिक्षक गंगा महली के सहयोग से जरूरतमंदों के बीच कपड़े और कंबल बांटे गए। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, साड़ी, शूट, पैंट, शर्ट, छोटे बच्चों के कपड़े और वृद्धो के बीच कंबल का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि कपड़ा बैंक ठंड के दिनों में प्रत्येक रविवार को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़ा बांटता है। वहीं जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में जमा कर सकते हैं। जिन कपड़ों को बेकार समझकर लोग फेंक देते हैं, वह कपड़ा किसी के लिए सहारा है। परोपकार मनुष्य-जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, परन्तु हमें जहां भी जिस भी रूप में लोगों का सहयोग करने का मौका मिले हमें करना चाहिए। इसी भाव के साथ कपड़ा बैंक के सभी सदस्य काम करते हैं। उन्होंने आम लोगों से जनकल्याण के लिए कपड़ा बैंक को सहयोग करने की अपील की।

### आरपीएफ मुरी ने महिला का कराया प्रसव

**रांची।** रांची ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मुरी ने महिला का प्रसव कराया। आरपीएफ मुरी के एएसआई एस बैठा ने रविवार को बताया कि ट्रेन संख्या 08195 (टाटा-हटिया मेमो पैसेंजर) प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मुरी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसी दौरान आरपीएफ मुरी और मेरी सहेली टीम ने एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा में देखा। इसकी सूचना तत्काल सहायक चिकित्सा पदाधिकारी मुरी को दी। इसके बाद एसीएमएस मुरी और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को चिकित्सकीय सहायता दी। महिला की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों और स्टाफ ने उसे स्ट्रेचर की मदद से स्टेशन से बाहर पहुंचाया और एंबुलेंस की व्यवस्था की। इसके बाद महिला को आरपीएफ एस्कॉर्ट के साथ सदर अस्पताल, सिल्ली ले जाया गया, जहां उसने एक सुरक्षित और स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया।

### बुंडू में बंद घर से नकदी समेत 3.17 लाख के जेवरात चोरी

**बुंडू ।** थाना क्षेत्र के नीलगिरी टोली स्थित असीत वरण सेन के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगद 17 हजार रुपये और लगभग तीन लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। घटना शनिवार रात की है। असीत वरण सेन ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था और घर में ताले लगे थे। उन्होंने बताया वे रांची में काम करते हैं और वहीं रहते हैं। पत्नी तीन नवंबर को बड़ी बेटी के पास मुंबई गई हुई है। घर को खाली देख चोरों ने घटना को अंजाम दिया। मेन गेट के अतिरिक्त घर के अन्य दरवाजों में लगे तालों को भी चोरों ने तोड़ दिया। असीत वरण सेन ने बताया कि पूजा घर में रखी अलमारी की चाबी चोरों ने खोजकर अलमारी खोलकर उसमें रखे नगदी और जेवरात चुरा लिए। चोरी गए सामान में सोने की तीन अंगूठी, स्वर्णयुक्त चार शाखा पोला, सोने की दो चूड़ियां, सोने की 12 नथुनी, सोने के तीन लॉकेट, सोने के तीन टॉप्स, सोने की तीन बालियां, चांदी के पायल आदि शामिल हैं। घटना की लिखित सूचना बुंडू थाने को दे दी गई है। बुंडू पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### कांग्रेस नेता ने पदयात्रा निकालकर प्रत्याशी राजेश के लिए मांगा वोट

**नामकुम।** कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के समर्थन में रविवार को जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडेय के नेतृत्व में पदयात्रा निकालकर लोगों से राजेश कच्छप को भारी मतों से जिताने की अपील की गई। इस दौरान लीचीबगान स्थित आवास से निकाली पदयात्रा नामकुम रेलवे क्रासिंग, तेतरीटोली, महावीर कॉलोनी, श्रीनगर कॉलोनी, जोरार बस्ती, पंडित सदन, साईं नगर, लोहरा कोचा होते हुए रांची-पुरुलिया रोड जाकर लोगों से राजेश कच्छप को जिताने की अपील की गई। मौके पर महासचिव राजीव रंजन राजू, विनयशील सिंह, अखिलेश सिंह, रामकुमार यादव, रीना सांगा, सीता मुंडा, रीना मुंडा, बबलू मुंडा और रामाशंकर तिवारी आदि मौजूद थे।

### इंडिया गठबंधन में ही महिलाओं को मिलता है सम्मान : यशस्विनी

**सोनाहातू/राहे।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में कांग्रेस नेत्री यशस्विनी सहाय ने राहे प्रखंड के भगत सिंह चौक गोमदा और सोनाहातू बाजार में नुक्कड़ सभा कर तीर धनुष छाप पर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान इंडिया गठबंधन की सरकार में होता है। हेमंत सरकार महिलाओं के सम्मान में कई योजनाएं चला रही है। राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सरकार में रहने के लिए अमित महतो को वोट देकर विजयी बनाएं। नुक्कड़ सभा में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुंदरी तिर्की ने अपनी बातों को रखा। मौके पर अजय साहू, निशिकांत गंझू, राजकिशोर मुंडा, प्रदीप दास और झामुमो के बादल महतो आदि मौजूद थे।

### बीआईटी पॉलीटेक्निक और अज्ञात आरोपियों के के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रांची। विगत 14 नवंबर को दो गुटों के बीच हुई झड़प में एक छात्र की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने रविवार को बीआईटी मेसरा ओपी में बीआईटी पॉलीटेक्निक और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। मामले पर पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 14 नवंबर को पॉलीटेक्निक डिपार्टमेंट में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गई थी, जिसमें एक छात्र राजा कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। राजा पासवान कोकर खोरहा टोली का रहने वाला था। उसके साथियों ने उसे गंभीर अवस्था में रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 15 नवंबर की देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सुतियांबे मुड़हर पहाड़ से मिला लापता युवक का शव

**पिठोरिया।** पिठोरिया पुलिस ने लापता युवक शाहबाज कुरैशी का शव सुतियांबे मुड़हर पहाड़ से रविवार को बरामद किया है। मृतक के पिता जुबैर कुरैशी ने ने 15 नवंबर को शाहबाज कुरैशी के लापता होने का मामला थाने में दर्ज कराया था। थाना प्रभारी गौतम राय ने बताया कि युवक का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

फ्लाई ऐश ढुलाई में सीपीसीबी की गाइडलाइन का खुलेआम हो रहा उल्लंघन

## एनटीपीसी टंडवा से खलारी होकर हाइवा ट्रकों में हो रहा फ्लाई ऐश का परिवहन




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
एनटीपीसी टंडवा से खलारी होकर किए जा रहे फ्लाई ऐश परिवहन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के गाइडलाइन का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। इसके बावजूद संबंधित सारी एजेंसियां मौन हैं। उल्लेखनीय है कि कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न होने वाली भारी मात्रा में राख (फ्लाई ऐश) का प्रबंधन एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है। फ्लाई ऐश का प्रबंधन इस प्रकार करना है कि पर्यावरण को नुकसान नहीं हो। निचले इलाके और परित्यक्त खदानों के भरने, सड़क निर्माण आदि में भरने के लिए फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाना है

### राज्य में सरकार बनते हैं घुसपैठियों पर कार्रवाई कर करेंगे बाहर : सेठ

**नामकुम।** रांची सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को जीरार स्थित भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में प्रथम चरण चुनाव में 43 सीटों में से 30 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी की जीत निश्चित मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार ने जिस तरह से बांग्ला देश के घुसपैठियों को स्थापित कर शरण दे रही है, यहां के आदिवासियों की संख्या घटती जा रही है। राज्य में चुनाव के पश्चात भाजपा की सरकार बनने के साथ ही इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे बाहर करेगी।

### रेलवे ट्रैक पर दो घंटे घायल पड़ा रहा बच्चा, ग्रामीणों ने कराया सदर अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज।** साहिबगंज रेल थाना क्षेत्र के महाराजपुर स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेल पटरी किनारे रविवार को घायल अवस्था में आठ वर्षीय एक बच्चा पड़ा रहा। करीब दो घन्टे तक बच्चा दर्द से कराहता रहा। ग्रामीणों की नजर पड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चा के सिर व आंख के ऊपर गहरा चोट है। ग्रामीण बेंगा महतो व कुंदन ने बच्चे को देख और फिर सदर अस्पताल लेकर आये। घटना करीब सुबह आठ बजे की है। ग्रामीणों के अनुसार इस दौरान कई ट्रेन गुजरी है। हालांकि बच्चे की जान बच गई। इस दौरान आरपीएफ, जीआरपी या किसी रेलकर्मी की नजर नही पड़ी। काम के लिए आसपास के लोग निकले तो रेलवे ट्रेक पर बच्चा को देखा। वही बच्चा कुछ भी बोलने की स्थिति में नही है। ग्रामीणों के अनुसार किसी ट्रेन से गिरने से बच्चा घायल हो गया है। वही खबर लिखे जाने तक बच्चे की पहचान नही हो सकी है। इधर रेलथाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जवान को अस्पताल भेजा गया है।

### नकटा पहाड़ इलाके में पुलिस ने की छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। अब दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 20 नवंबर को होना है। इसके लिए रांची पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पहले चरण के मतदान में कई इलाकों में नक्सलियों ने अपनी धमक दिखाते हुए बैनर और पोस्टर से चुनाव का बहिष्कार किया था। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने लाल सलाम के आतंक को खत्म करते हुए शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाया। 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश के बाद रांची पुलिस पूरी तरह एक्टिव नजर आ रही है। इसी कड़ी में खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में चान्हो थाना प्रभारी और मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी के साथ पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के सदस्यों के संभावित ठिकाने नकटा पहाड़ इलाके में चंदवा थाना की सीमा तक छापेमारी की गई। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने कहा कि गांव में रहने वाले ग्रामीणों के दिल से उग्रवादियों और नक्सलियों के आतंक को खत्म करना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। इसमें हमने सफलता भी हासिल की है। यही कारण है कि उग्रवादी और नक्सली अब ग्रामीण इलाकों में भी घुसने से डर रहे हैं। डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि सरकार की कई योजनाएं ऐसी हैं, जिससे उग्रवादी और नक्सली मुख्य धारा में भी जुड़ रहे हैं। हम उग्रवादियों और नक्सलियों से यह कहना भी चाहते हैं कि गोलियों और बंदूक में कुछ नहीं रखा है। आप मुख्य धारा से जुड़कर आम लोगों की जिंदगी जी सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बन्ना गुप्ता ने पूर्णिमा व अजय के लिए किया प्रचार

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए धनबाद के दौरे पर हैं। इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक के रूप में उन्होंने झरिया में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है। एक ओर नफरत बढ़ाने वाले, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले एनडीए के लोग हैं, दूसरी ओर, शिक्षा, रोजगार, विकास, एकता और संविधान की बात करने वाला इंडिया गठबंधन है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने सभी वर्ग को मान-सम्मान दिया है। अब हमारा कर्तव्य है कि हमलोग इंडिया गठबंधन से झरिया की प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह और धनबाद के प्रत्याशी अजय दुबे को भारी बहुमत से जिताएं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार झारखंड की हर माता और बहन के खाते को मंईयां योजना से जोड़ने का कार्य कर रही है। झरिया की जनसभा में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव, प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह, एमएलसी सुनील सिंह, डीएसएस के प्रदेश अध्यक्ष राज आनंद सिंह, असम के सांसद गौरव गोगोई जैसे वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बन्ना गुप्ता ने धनबाद और झरिया में छोटी-बड़ी कई सभाओं व बैठकों में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया।

### मतदानकर्मियों को कोई समस्या नहीं हो : वरुण रंजन



**रांची।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने सिल्ली विस क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र और क्लस्टर का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं ससमय कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। वरुण रंजन ने निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों और यहां बने क्लस्टर में पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी रुकेगी। इसके लिए इनके आवासन में कोई समस्या नहीं हो। इनके खाने, पेयजल, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था इन केंद्रों में सुनिश्चित रहे। निरीक्षण क्रम में अपर समाहर्ता रांची सह निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली, रामनारायण सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली एवं अंचल अधिकारी सिल्ली और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रांची नगर निगम ने हरमू में चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने रविवार को अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया। हरमू हाउसिंग क्लोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर और श्री पंचमंदिर के समक्ष मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लगाए गए दुकानों, ठेले, खोमचे, बांस-बल्ली, अस्थायी संरचनाओं तथा विभिन्न मांस-मछली के दुकानों को हटाया गया। विदित हो कि अतिक्रमण मुक्ति अभियान के दो दिन पूर्व से ही रांची नगर निगम द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके, अतिक्रमण जस का तस था। वहीं, अस्थायी संरचनाओं को हटाने के लिए बुलडोजर का भी प्रयोग किया गया।

### जेल अदालत से रिहा हुए दो बंदी



**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के जरिये रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डालसा के सचिव कमलेश बेहरा की अध्यक्षता में जेल अदालत लगाई गई थी। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में संसीमित चार बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। इसमें दो बंदी आकाश मुंडा और पतरस मुंडा को जेल अदालत के जरिये हाजत अवधि का लाभ देते हुए रिहा किया गया। इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, प्रशांत वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## जर्जर हाल में है खलारी को बिजली आपूर्ति करने वाला बचरा विद्युत सब स्टेशन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी को बिजली आपूर्ति करने वाला झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड का बचरा विद्युत सब स्टेशन जर्जर हाल में है। करीब छह दशक पुराना यह सब स्टेशन विभाग द्वारा पूरी तरह उपेक्षित है। खलारी में पिपरवार जीएम आफिस के निकट डीवीसी का पावर ग्रीड बनने से पूर्व तक सीसीएल की कोयला खानों के संचालन के लिए इसी बचरा सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति होती थी। खलारी सीमेंट कारखाने का अपना ताप विद्युत संयंत्र बंद होने के बाद लंबे समय तक खलारी का सीमेंट कारखाना भी बंद होने तक इसी विद्युत सबस्टेशन से चला। वर्तमान में डकरा केडीएच स्थित मोनेट डेनियल कोल वासरी भी इसी विद्युत सबस्टेशन से चल रहा है। जबतक सीसीएल के कोयला खानों की मशीने इस सबस्टेशन पर निर्भर रही तबतक सीसीएल ने ही एक प्रकार से इस सबस्टेशन को गोद ले रखा था। सबस्टेशन से लेकर ट्रांस्मीशन लाइन का रखरखाव सीसीएल प्रबंधन द्वारा किया जाता रहा। उद्योगों का भी सहयोग मिलता रहा। परंतु वर्तमान में पूरा सबस्टेशन केवल जेबीवीएनएल के कर्मियों के भरोसे चल रहा है। छह दशक पुराना होने के कारण सबस्टेशन की अधिकतर मशीने जर्जर हाल में आ गई हैं। विभाग द्वारा किया गया मेंटेनेंश नाकाफी है। कंट्रोल रूम का अधिकतर पैनल काम नहीं करता है। सबस्टेशन के कर्मी जैसे तैसे बिजली आपूर्ति कर रहे हैं। सब स्टेशन के तीन फीडर के माध्यम से राय, खलारी, हेन्देगीर के गांवों के 50 हजार से अधिक आबादी को बिजली आपूर्ति की जाती है। 33 हजार से 220 वोल्ट के बीच कहीं भी विश्वसनीय स्विचगियर नहीं है। नतीजा यह है कि कहीं तार टूटकर गिर जाए या कोई मरम्मति कार्य ही करना हो तो सीधे पतरातू से 33 हजार वोल्ट लाइन बंद कराने की नौबत आ जाती है।

## खाली समय में रचनात्मक और कलात्मक ज्ञान का सही उपयोग करें कैदी : डालसा सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकारा खूंटी में जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डालसा सचिव एवं प्रभारी कारा अधीक्षक ने महिला कैदियों को हस्तकला का ज्ञान दिया, ताकि वे यहां से जाने के बाद गलत रास्ते में न जाकर समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे बंदी जो किसी कारणवश अपने बेलर की व्यवस्था नहीं करा पाते या अपने परिवार से नहीं मिल पाते हैं या किसी कागजात की वजह से बेल कराने या किसी भी तरह की समस्या हो, तो वे आवेदन के माध्यम से डालसा सेक्रेटरी या कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं। उन्हें यथासंभव निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। डालसा सचिव ने कहा कि जितने भी नए कैदी अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर यहां रह रहे हैं और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, तो वे अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए डालसा सचिव एवं कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं, ताकि पढ़ाई पूरी करने में उन्हें निःशुल्क सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी कैदियों से पढ़ाई पर फोकस करने के लिए प्रेरित किया, ताकि झूठे आरोपों से उन्होंने कहा कि अपने कीमती समय का सदुपयोग करें और खाली समय में अपने रचनात्मक और कलात्मक ज्ञान का सही उपयोग करें।

### साहिबगंज में चुनाव कराने धनबाद से जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी

**धनबाद।** धनबाद जिले के अधिकारी तथा कर्मचारी विधानसभा चुनाव कराने के लिए साहिबगंज जिला जाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारी की है। साहिबगंज जिले की ओर से धनबाद के डीसी से चुनावकर्मी भेजने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद धनबाद की डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने धनबाद से चुनावकर्मियों को साहिबगंज भेजने का निर्णय लिया। चुनावी ड्यूटी के लिए कर्मचारियों की सूची साहिबगंज के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी। 270 लोगों की भेजी गई थी सूची : जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार धनबाद जिले से 270 अधिकारी-कर्मचारियों की सूची भेजी गई थी। इसके आधार पर ही साहिबगंज प्रशासन की ओर से 230 लोगों के नाम का चयन किया गया था। 230 में पीठासीन पदाधिकारी तथा मतदान पदाधिकारी बनाय गया है। साहिबगंज डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से ही सभी चुनावकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### शिक्षक मूल्यांकन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** बुद्धा पब्लिक स्कूल टुटकी में शिक्षक मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में रांची से आये मुख्य मेंटर और प्रशिक्षक रूपा टेटे एवं एस चांद प्रकाशन के सहायक प्रादेशिक प्रबंधक अभय कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को नए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण कौशल विकसित करने का तरीका बताया । उन्होंने आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं शिक्षण कौशल विकसित करने का तरीका को बारीकी से समझाया ताकि विद्यार्थी जल्द से जल्द अधिक सीख पाए। इस अवसर पर आसपास के कई विद्यालय के शिक्षक एवं प्राचार्य भी उपस्थित रहे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव,राहुल भद्रा,नकुल बड़ाईक, गोविंदर सिंह, लंकेश्वर, हर्ष कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, प्रेमचंद, सुजाता, शालिनी, जितेंद्र महतो, राकेश समेत और भी कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**चान्हो के पकरियो के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।**

## एक नजर

### कार्तिक के बाद अगहन माह को हिंदू धर्म का दूसरा सबसे पवित्र महीना

**कोडरमा ।** कार्तिक के बाद अगहन माह को हिंदू धर्म का दूसरा सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस महीने में भगवान श्री कृष्ण और विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इस समय भगवान श्री कृष्ण का प्रिय मास यानी अगहन माह चल रहा है। इसे मार्गशीर्ष महीना भी कहा जाता है। इसकी शुरूआत 16 नवंबर से हो गई है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार नौवां महीना अगहन मास कहलाता है। इसी पवित्र माह में देवी पार्वती-भगवान शिव और राम-सीता का विवाह अगहन मास में ही हुआ था। इतना ही नहीं, भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान भी इसी माह में दिया था। वृंदावन के बांके बिहारी भी इसी महीने में प्रकट हुए थे और कश्यप ऋषि ने मार्गशीर्ष महीने में ही कश्मीर बसाया था।

### महिला कैडर सदस्यों का एक दिनी क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

**पंडोमचांच।** समर्पण संस्था द्वारा प्रखंड अंतर्गत मधुबन और ढाब पंचायत में पंचायत स्तरीय महिला कैडर सदस्यों का एक दिनी क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। दोनों पंचायतों में चिह्नित 40-40 सदस्यों ने भाग लिया। विषय प्रवेश कराते हुए परियोजना मैनेजर आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि समर्पण विभिन्न सामाजिक विषयों के साथ स्थानीय स्वशासन सशक्तिकरण की दिशा में भी कार्यरत है। इसे सफल बनाने में पंचायत फैसिलिटेटर सुनीता कुमारी, मनीषा कुमारी, योगेश कुमार, गुड्डी, जीतेन्द्र कुमार, विमला देवी, मंगल देव रजक, मनीष कुमार, नमिता, लक्ष्मी देवी, संगीता देवी, बेबी देवी, पिंकी देवी, रजनी विश्वकर्मा, कोऑर्डिनेटर शंकरलाल राणा आदि की भूमिका रही।

### खवासडीह कांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**सतगावां।** प्रखंड के ग्राम खवासडीह में हुई घटना को लेकर दलित शोषण मुक्ति मंच के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को गांव का दौरा कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की। बता दें कि करीब सालभर पूर्व विमली देवी, पति भगवानी तुरिया, सा-खवासडीह ने सुधीर यादव,जगनीडीह से 10 हजार लिया था। इस राशि को पंचायती निर्णय के अनुसार 23 हजार रू सुधीर यादव को माह सितंबर-अक्तूबर 2024 में वापस कर दिया गया। लेकिन सुधीर को मात्र इतना रुपए मिलना उचित नहीं समझा। बल्कि और रू की मांग को लेकर 31 अक्तूबर 2024 को अपने साथियों और परिवारों को लेकर विमली देवी से और पैसे की मांग करने लगे।

24 वर्ष बाद भी विकास की मुख्य धारा से कटे हैं जनजातीय परिवार, बिचौलिए हावी

# शिक्षा और स्वच्छता अभी भी है कोसों दूर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड अपना 24वां स्थापना दिवस मनाया। पूरे राज्य में जनजातीय गौरव दिवस के नाम पर कार्यक्रम कर विकास की गाथा गाई जा रही है। जिस सपने और उद्देश्य से धरती आबा की धरती को अलग प्रांत का नाम दिया गया, वह आज भी अधूरा है। सच पूछा जाए तो जनजातीय परिवार आज भी उसी स्थिति में हैं जो संयुक्त बिहार के समय थे। आज भी झारखंड के जनजातीय परिवार खासकर बिरहोर कुरहा में रहने को विवश हैं। पानी के लिए नदी या नाले पर आत्मनिर्भर हैं। अशिक्षा कूट-कूट कर भरी हुई है। शिकार, जड़ी- बूटी, लकड़ी, पत्तल आदि वन सामग्री से अपना जीवन यापन करना इनकी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल है। अशिक्षा के साथ रहन-सहन का तरीका आज भी वही है जो 24 वर्ष पहले था। बरही के खोड़ाहर पंचायत के केवाल और बरसोत के बरियठ्ठा स्थित बिरहोर कॉलोनी सत्य बयां करने के लिए काफी है। केवाल स्थित आवासीय परिसर एक जलमीनार वर्षो से खराब है। करीब 50 परिवारों वाला यह जनजातीय बस्ती एक दम तोड़ते जलमीनार से ही अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। विद्यालय तो है पर संख्या के आधार कर बच्चे नामांकित और नियमित नही हैं। सरकारी योजनाओं को धत्ता बताते हुए आधे अधूरे आवास बना कर पैसे निकाल लिए गय। घर मे प्लास्टर तक नहीं हुआ है। जनजातीय परिवार आज भी कुरहा में रहने को मजबूर है। जनजातीय परिवार का आज भी शराब और शिकार पसंदीदा कार्य है। सरकार लाख दावा करे पर आज भी इस समुदाय के अधिकांश लोग समाज की मुख्य धारा से कटे हुए हैं। सरकारी योजना तो आते हैं पर दलालों से घिरा होता है। शिविर भी लगाए जाते है पर वास्तविकता कम और खाना पूर्ति ज्यादा होती है। आज भी केवल स्थित आवासीय कॉलोनी का नजारा देखा जा सकता है, जहां बन रहे आवासीय कॉलोनी में मापदंडों की खुल्लेआम धजियां उड़ाई जा रही है।

### इन बातों पर ध्यान देने की है आवश्यकता

जनजातीय परिवार के विकास को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने की आवश्यकता है। सबसे पहले जनजातीय परिवार में जागरूकता और शिक्षा लाने का काम करना निष्ठा पूर्वक होगा। जिससे जनजातीय परिवार अपने रोजमर्रा की जिंदगी को समझे और समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके। तभी जनजातीय परिवार के विकास की कहानी लिखी जा सकती है, अन्यथा जनजातीय गौरव दिवस एक कार्यक्रम हो सकता है वास्तविकता नहीं।

### पुराना पीपल का पेड़ गिरा, बाल-बाल बचे लोग

**जयनगर।** जयनगर-सरमाटांड मुख्य मार्ग के प्रखंड मुख्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने रोड पर रविवार को वर्षों पुराना पीपल का पेड़ अचानक गिर गया। इससे राहगीर समेत आसपास के लोग बाल-बाल बच गये। पेड़ सड़क के साथ बिजली खंभे पर गिरने से पीपल के नीचे झोपड़ी में चला रहे होटल में बैठे ग्रामीण समेत आसपास के लोगों में पूरी तरह अफरा-तफरी मच गई। पेड़ गिरने से 11 हजार वोल्ट प्रवाहित चार बिजली खंभे समेत तार भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना रविवार के सुबह लगभग 7 बजे की है। घटना के दौरान लोग आनन फानन में बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली कनेक्शन कटवाया। वहीं बिजली खंभा व तार टूट जाने से प्रखंड मुख्यालय सहित कई गांव में 12 घंटे तक बिजली बाधित रही। वहीं लगभग 5 घंटे तक जयनगर- सरमाटांड का मुख्य मार्ग आवागमन बंद रहा। घटना के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने घटनास्थल पहुंचकर सड़क व बिजली खंभे पर गिरा पीपल को जेसीबी मशीन से हटाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रस्ट ने ग्रामीण महिलाओं को साड़ी देकर किया सम्मानित




**रामगढ़।** राधा गोविंद शिक्षा स्वस्थ ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने ललकी घाटी एवं गड़के के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं के बीच साड़ी वितरण और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। सभी गरीब ग्रामीण महिलाएं साड़ी पाकर खुशी से झूम उठीं। कार्यक्रम का आयोजन राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया था। मौके पर सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पिछले कई वर्षों से संस्था ने साड़ी देकर महिलाओं को सम्मानित करते आ रही है। उन्होंने महिलाओं की समस्या और उनके विकास पर बाते रखी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सचिव एवं ग्रामीण महिलाओं को शुभकामनाएं दी, और कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर हमेशा सहयोग किया है। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार एवं सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

### एनडीए प्रत्याशी ने पदयात्रा कर लोगों से मांगा समर्थन



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा, बोरोबिंग, लारीकलां, बड़कीपोना आदि में पदयात्रा और जनसम्पर्क कर लोगों से संवाद करते हुए समर्थन मांगा। उन्होंने लोगों से आगामी 20 नवंबर को चुनाव चिन्ह-केला छाप पर मुहर लगाकर विजय बनाने की अपील की। सुनीता चौधरी ने लोगों से कहा की आप मुझे विजय बनाएं रामगढ़ विकास के मामले में राज्यभर में अव्वल रहेगा। कहा की मैं लोगों के हर सुख दुख में साथ रही हूं और आगे भी साथ रहूंगी। आप सभी वोट देकर मुझे विजय बनाएं।

### महागठबंधन सरकार में आदिवासियों पर बढ़ा है अत्याचार: चंद्रप्रकाश चौधरी



**रामगढ़।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में सभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से कहा कि राज्य के महागठबंधन सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल में आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। राज्य में लोहा, कोयला और बालू की लूट हुई है। राज्य में भ्रष्टचार बढ़ा है और बांगलादेशी घुसपैठ बढ़ा है। श्री चौधरी ने कहा कि आप सभी एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को वोट देकर विजय बनाएं। कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनने पर राज्य में बेहतर शासन व्यवस्था बहाल कर बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों सभी के हित में नीति बनाई जाएगी और राज्य का तेजी से विकास किया जाएगा।

### कुत्ते के हमले से 13 लोग घायल,इलाजरत



**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानाडीह और बाजार में रविवार को कुत्तों का आतंक देखने को मिला। जहां आवारा कुत्तों ने एक साथ 13 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों को लेकर परिजन इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां सभी का इलाज किया गया। घायलों की पहचान रोहित कुमार, प्रयाग यादव, धनेश्वर यादव, दिलीप कुमार, मनोज प्रसाद, सहदेव पंडित, राहुल कुमार, उमाशंकर राणा ,अर्जुन मेहता ,संतोष कुमार यादव, निरंजन मेहता, शमशेर अंसारी और चिराग राज के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कई लोग घर के बाहर और कई लोग बाजार में कुछ सामान खरीदने के दौरान आवारा कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद इन सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज चल रहा है।

## बाबू रघुवंश सिंह की 9वीं पुण्यतिथि पर गरीबों को कराया गया भोजन




**रामगढ़।** कोयलांचल भुरकुंडा को अखबार से परिचित करवाने वाले बाबू रघुवंश सिंह की 9वीं पुण्यतिथि मनाई गई। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वाधान में इस अवसर पर भुरकुंडा बाजार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें दिवंगत बाबू रघुवंश सिंह के पुत्र राजकुमार उर्फ राजू सिंह, आतिश सिंह, बहु डॉली सिंह, पोती नंदिनी राज के अलावा मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, सचिव शंकर जायसवाल, बिजली राय सहित दर्जनों लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने वाले दर्जनों गरीब-असहायों को राजकुमार उर्फ राजू सिंह ने दिवंगत पिता की स्मृति में भोजन करवाया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास का क्षेत्र बाबू रघुवंश सिंह को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने 1948 से इलाके में अखबार बेचना शुरू किया था। कहा जाता है कि यही नहीं, उन्होंने मुफ्त अखबार बांट लोगों में रुचि जगाई।

उफ, ये जाम का हाल... अब तक की गई प्रशासनिक कार्रवाई पर उठ रहे हैं कई सवाल

## कब चालू होगा बरही का बस पड़ाव, कहां लगेंगे सब्जी या मछली बाजार : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रतिदिन लग रहे जाम से आम आवाम परेशान है। जाम से सबसे ज्यादा परेशानी एम्बुलेंस चालक को हो रही है। जहां आपात सेवा देने वाली गाड़ी भी घंटों जाम में फंसी रहती है। स्कूल की गाड़ी हो या अधिकारियों का सरकारी वाहन इस जाम से हर कोई परेशान है। सब के मन में बस एक ही सवाल - आखिर कब तक लगेगा जाम? कब इससे मिलेगी मुक्ति? प्रशासन का कब होगी उचित स्थाई कारवाई? आदि दर्जनों सवाल जितनी मुंह उतनी बातें, जो कभी शासन तो कभी प्रशासन को कोस रही है। पर दोनों स्तर पर अब तक कोई स्थाई समाधान के लिए कदम नहीं उठाये गये हैं। लोगों की माने तो प्रशासनिक अधिकारियों की कारवाई भी दुर्घटना के बाद ही होते हैं। बार-बार सड़क किनारे लगने वाली दुकानें और वाहनों को हटाया जाता है। अस्थाई संरचना को तोड़कर उसे तबाह किया जाता है। आज सब्जी मार्केट, मछली मार्केट या ठेला खोमचा के लिए स्थाई स्थान का निर्धारण नहीं किया गया है। करोड़ो खर्च के बाद भी बस पड़ाव चालू नही हुआ। कई बार डीसी, एसपी, डीटीओ आदि अधिकारियो का दौरा हुआ पर स्थिति यथावत है। ऐसे में प्रतिदिन लगने वाले जाम से जनता को राहत कैसे मिलेगी? इस सवाल को लेकर बरही का जनमानस परेशान है और स्थानीय शासन और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

द्वितीय चरण के मतदान के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

## डीडीसी ने सामग्री व ईवीएम वितरण स्थल का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विधानसभा चुनाव के तहत द्वितीय चरण के मतदान को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने संत कोलंबस कॉलेज में सामग्री, ईवीएम, नियुक्ति पत्र वितरण स्थल का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने सामग्रियों की उपलब्धता के अलावा विधानसभा के निर्धारित मतदान दलों को सामग्री की आपूर्ति को लेकर कोषांग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सामग्री कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की सामग्री का चुनाव के दौरान अभाव नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए प्रर्याप्त साइन साइनेज लगाने का निर्देश दिए ताकि सामग्री व ईवीएम के लिए सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने ईवीएम वितरण स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके सामग्री कोषांग के नोडल पंकज तिवारी मौजूद थे। गौरतलब है कि 20 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान होने है।

## अटल विचार मंच के मांडू विधानसभा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अटल विचार मंच के मांडू विधानसभा प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा ने विष्णुगढ़ प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं अटल विचार मंच को समर्थन देने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चला कर समर्थन मांगा। वहीं विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि मैं आपको कोई लोक लुभावना वादा नहीं करूंगा हां इतना जरूर है कि मैं आपके हर सुख-दुख में बेटा-भाई बनकर एक सेवक के रूप में उपस्थित रहूंगा। इस क्षेत्र में हर संभव विकास करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आपके उत्साह और समर्थन से मुझे एक नई शक्ति मिली है। मैं आप सबों को भरोसा देता हूं कि आने वाले 5 वर्षों में मुझे अपने बीच ही पाएगा। इस अवसर पर विजय सिंह, रोहित कुमार, गौरव सिन्हा, राम ठाकुर, विजय ठाकुर, विवेक कुमार, रिंकू ठाकुर, पिंटू ठाकुर, महेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, शशि कुमार, विकास कुमार, बबलू ,राजू राम, पवन राम भीम राम छोटी पासवान, महेंद्र प्रकाश सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित हुए। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## जूली की विदाई नई शिक्षिकाओं का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सनराइज अकादमी पटेलनगर भुरकुंडा में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के निदेशक राहुल श्रीवास्तव, शिक्षिकाओं नेहा कुमारी उर्फ जूली ने केक काटकर किया। समारोह में पूर्व कंप्यूटर शिक्षिका जूली को उपहार देकर विदाई दी गई। साथ ही तीन नई शिक्षिका नेहा नायक, नूरजहां खातून, नेहा लहेरी और अजीत पासवान का उपहार देकर र स्वागत किया गया। मौके पर संस्था के निदेशक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षिका जूली कुमारी ने संस्था के लिए जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि वर्तमान का समय डिजीटल युग है। इसलिए बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा जरूरी है। निदेशक श्री श्रीवास्तव ने जूली के स्वस्थ शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। वहीं पूर्व शिक्षिका जूली कुमारी ने कहा कि यहां के छात्र-छात्राओं ने मुझे जो स्नेह और प्यार दिया है, उसे जीवन भर याद रखूंगी। उन्होंने कहा कि जब भी अवसर मिला तो सनराइज अकादमी में आकर दुबारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर की शिक्षा दूंगी। जूली ने तीनों नई शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की बात कही। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। अंत में सामुहिक भोज का भी शिक्षक-शिक्षिका और विद्यार्थियों ने जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कमलेश मेहता, रजनीश प्रसाद, अजीत पासवान, पुरुषोत्तम गोस्वामी, क्रिशु, करण, तनीषा, अलीशा, नीरज, रितिका, मधु, खुशबू, निक्की, आशा, मुंशी, विनय, कोमल, बुलबुल, शीतल, महताब अंसारी, प्रियंका, शालिनी, पूजा, ऋतिक, रितिका, आनंद, संदीप, नेहा, ओम, कुमकुम, चंद्रमा, कुसुम, समीना, केशव, टिंकू, अक्षत वर्मा, नीरज, कोमल, सागर, अंजली, विनय, अलीशा, तनीषा, रवि, प्रेरणा, राखी, शमीना, संगीता, कुसुम, श्वेता, राखी, नेहा, पिंकी, साइस्ता, छोटेलाल, रवि, विशाल, अंकित सिंह, निरंजन चौहान, सोनाली, पलटू आदि का विशेष योगदान रहा।

## आलू की फसल अच्छी होने की है पूरी संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। जयनगर** इस समय आलू की फसल का बढ़िया मौसम है। किसान आलू फसल में कोड़ाई कर उस पर पास चढ़ा रहें हैं। आलू की फसल का यह अनुकूल मौसम है। अभी पाला नहीं पड़ने से आलू की उपज अच्छी होने की संभावना है। किसान समय से आलू की कोड़ाई और आलू पास की भराई करें। आलू पास की भराई करने से पाला मारने का डर नहीं रहेगा। आलू फसल का पास भराई के दो से तीन दोनों के अंदर पानी का पटवन करें। कृषि वैज्ञानिक मनीष कुमार ने बताया कि किसान आलू फसल का उपज बढ़ाने के लिए कोड़ाई के समय यूरिया और डीएपी खाद का मिश्रण कर आलू खेतों में डालकर ही पास भरें। समय पर पटवन करने से आलू में लगने वाले किटाणु और पड़ने वाले सर्दी पाला से बचाया जा सकता है। किसान परिवर्तित मौसम को देखते हुए प्राकृतिक बारिश का पानी आलू खेतों में जमने नहीं दें और यदि बारिश होती है तो आलू की फसल खेतों से पानी का निकासी तुरंत करें , जिससे आलू की फसल का बीज सड़ने से बचाया जा सकता है। कृषि वैज्ञानिक मनीष कुमार ने बताया कि इस मौसम में बारिश कि संभावना कम है, लेकिन अचानक बारिश होती है तो किसान पानी निकासी के बाद आलू खेतों के आसपास पत्तो और पवार या सुविधा अनुसार पटवन कर जमीन को गर्म करे।

हार-जीत की चिंता छोड़ चुनाव प्रचार में लगे बरही विस के भाजपा उम्मीदवार

## जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया, सत्ता परिवर्तन तय : मनोज

*गिरिडीह रोटरी क्लब के सदस्यों संग बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** पहले चरण के चुनाव समाप्त होते ही सभी उम्मीदवार अपने हार जीत के आंकड़े बैठाने में व्यस्त हैं। वही बरही के भाजपा उम्मीदवार सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हार जीत की चिंता छोड़ पार्टी हित में दूसरे चरण के चुनाव के लिए निकल पड़े हैं। इसी क्रम में भाजपा उम्मीदवार सह पूर्व विधायक गिरिडीह, जमुआ, झरिया आदि विस क्षेत्र पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार के लिए वोट मांग रहे हैं। जमुआ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ मंजू देवी के पक्ष में जमुआ चौक पर जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं, गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी के पक्ष में प्रचार किया। गिरिडीह रोटरी क्लब के सदस्यों संग बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। झरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में यादव महासभा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में शमिल हुए। जीत के लिए आश्वस्त श्री यादव को बरही विस के जनता के प्यार पर पूरा भरोसा है। इसकी प्रमाणिकता 23 नवंबर को सिद्ध हो जायेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी की जीत ही उनकी जीत है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय है। प्रदेश की जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है।

# शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर जन जागरण का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष (1975-2025) के उपलक्ष्य में जन जागरण अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तक वितरण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को समझाना और बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रेरित करना था। पहला पुस्तक वितरण शिविर पहाड़ टोली, बंगरु में आयोजित किया गया, जहां 150 बच्चों और अभिभावकों के बीच पुस्तक वितरित की गईं। शिविर में विशेष रूप से 4 बिरहोर परिवारों को भी शामिल किया गया। इसके बाद सरदार टोली, फरसाबेड़ा में 50 बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा सामग्री दी गई। अंत में कुम्हार टोली, खूंटी टोली में 100 बच्चों और अभिभावकों के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वंदना के साथ हुई, जिसमें उपस्थित जनसमूह को सुबह प्रार्थना करने और माता-पिता का आशीर्वाद लेने की महत्ता बताई गई। वक्ताओं ने समझाया कि माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है, जो एक सफल जीवन के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि शिक्षा न केवल बच्चों को एक बेहतर इंसान बनाती है, बल्कि उन्हें एक सफल और समृद्ध नागरिक बनने में भी मदद करती है। इसी क्रम में कक्षा 8, 9 और 10 के छात्रों के लिए ट्यूटोरियल प्रोग्राम की जानकारी दी गई। साथ ही, बेरोजगार युवाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर कक्षाओं की घोषणा भी की गई, जिससे युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिल सके। अभियान के दौरान अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस आयोजन में कृषक बंधु के सचिव प्रभात कुमार और विद्या वनस्थली शिक्षा समिति के राहुल कुमार का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में मनोरमा देवी, रूपा देवी, वर्षा साहू, नरसिंह पेतिया और सतेंद्र महतो की उपस्थिति ने इसे और भी सफल बनाया। जन जागरण अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने की यह पहल निश्चित रूप से बच्चों और अभिभावकों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालेगी।



# उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ ने प्रखंड समिति का किया गठन

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ की बैठक रविवार को उमा महेश्वर महावीर मंदीर कुरडेग में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राहि ने की। बैठक में मुख्य रूप से उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ की प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज मिश्रा को अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार नंद, परमेश्वर पंडा, प्रदीप सारंगी, पंकज सारंगी एवं ओमकार मिश्र को उपाध्यक्ष, सतीश सारंगी को सचिव, शिव कुमार नंद एवं देवाशिष पंडा को उपसचिवउपसचिव एवं पवन सारंगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। मौके पर संघ के संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राही ने संघ के उद्देश्यों एवं विचारों की जानकारी देते हुए कहा की हमें संगठित होकर चलने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष विद्याबंधु शास्त्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने समाज की परंपरा, संस्कृति और संस्कारों को यथा संभव अनुपालन करने की कोशिश करनी चाहिए। वहीं संघ के कोषाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने संघ के कार्य योजनाओं पर चर्चा की। वहीं कहा कि आने वाले वर्ष 2025 में होने वाले सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार का सफल संचालन में सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक का समापन संघ के जिला उपसचिव सूरज कुमार बीसी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, पवन मिश्र, भगवान पंडा, पवन सारंगी, शिवकुमार नंद, सतीश सारंगी, छोटू पंडा, भीमसेन पंडा, जितेंद्र नंद, भीमसेन दास, पंकज सारंगी, पवन मिश्रा, प्रदीप सारंगी, सुमित सारंगी के साथ कई विप्र बंधु मौजूद थे।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, 71- कोलेबिरा आर0ओ0 -सह- अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार, 70- सिमडेगा आर0ओ0 -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए मतगणना केंद्र एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। तथा उन्होंने मतगणना से संबंधित की जा रही तैयारियां के संबंध में उपस्थित पदाधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण कर लेने की बात कहीं। काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों के लिए टेबल लगाने सहित अन्य कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मौके पर कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज एवं अन्य उपस्थित थे।

# इंद मेला गांव की संस्कृति से एक दूसरे को जोड़ता है : बालमुकुंद

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड के कोनसोदे मे इंद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची से आये कलाकारों ने नागपुरिया गीत व आधुनिक गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बालमुकुंद सिंह व विशिष्ट अतिथि शंकर सिंह, रामचंद्र साहु, बलराम सिंह, दिलेश्वर साहु ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इंद मेला हमारी धरोहर व विरासत है। इसे सहेज कर रखना है। उन्होंने कहा कि इंद मेला हमारी सभ्यता व संस्कृति है। इंद मेला में अच्छी वृष्टि व अच्छी फसल होने पर ग्राम देवता को आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत क्यूम अब्बास ने भक्ति वंदना प्रस्तुत कर किया। इसके बाद रांची से आये प्रतीम, सुमन गुप्ता, केसो देवी ने गीत प्रस्तुत कर लोगों को रिझाया। वहीं डांसर तमन्ना, काव्या व दिव्या व संगम की जोड़ी नै हिंदी, नागपुरी व भोजपुरी गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की वाह वाही लुटी। संचालन संदीप साहु ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे अजित साहु, अध्यक्ष बिलखु महतो, सचिव रामचंद्र साहु, अजित महतो, रोहित साहु, मनोज साहु के अलावा अन्य लोगों की अहम भूमिका रही। मेला में बादाम, शकरकन्द आदि की बिक्री खूब हुई। मौके पर मेला समिति के साथ बानो प्रशासन उपस्थित थे।

# रास मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, झूमे दर्शक






नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में शनिवार रात आयोजित ऐतिहासिक रास मेला शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। इससे पूर्व रास मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन रास मेला समिति के संरक्षक हेमशरण सिंह, अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह, सुभाष साहू, राजेश अग्रवाल एवं समिति के सदस्यों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत झारखण्ड विभूति से सम्मानित लोक गायक महाबीर साहू ने भक्ति वंदना से की। उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुरस्कार से सम्मानित जगदीश बड़ाईक ने राम मंदिर पर आधारित गीत सहित माटी से जुड़े गीतों को प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोनी कुमारी, उर्मिला महंतो ने अपने शानदार गीतों की प्रस्तुति से समाँ बांधा जबकि मशहूर डांसर रूपा एवं माही ने अपने नृत्य से रातभर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## बंगाल का प्रसिद्ध छऊ रहा आकर्षक का केंद्र

रास मेला में मनोरंजन हेतु बिजली बिजली झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रैन, बिजली नाव, बच्चों के लिए प्लास्टिक के तालाब में वोट आदि कई मनोरंजन के साधन थे। लेकिन रास मेला का मुख्य आकर्षक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से आये कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति रही, जिसमें कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के मुखौटों से सज्जित होकर कई धार्मिक घटनाओं की प्रस्तुति देकर दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। छऊ नृत्य को देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ जुटी थी। मेले में जलडेगा थाना के अलावा, बानो, कोलेबिरा, बांसजोर, ओडगा पुलिस बल चप्पे चप्पे में हरेक गतिविधियों पर नजर रख रही है। जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार और पुलिस निरीक्षण विनोद कुमार पासवान, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ शंभू राम खुद पुलिस बल के साथ सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेले में चारों ओर घूमते नजर आए। वहीं मेले में एसडीओ व एसडीपीओ ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। मेला के सफल संचालन में रास मेला समिति के संरक्षक हेमशारण सिंह, अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह, सुभाष साहू अघणा खड़िया, राजेश अग्रवाल त्रिलोक साहू, दिलेश्वर साहु, भोला साहु, अनिल प्रसाद साहू, रामेराम, बुधराम बढ़ाईक, आशीष साहू, आशीष इंदवार, जसवंत साहू, बिनोद साहू, मुखिया बालमुनी लुगुन, जयंती बड़ाईक, मुखिया बिमला देवी, जगदीश बड़ाईक, रामदेव साहू सुजीत कुमार नाथ, अताउल रहमान, रमेश सिंह, मो इरफान, जोगे बिंझीया, अरुण कुमार मिश्रा, ढोलो सिंह, चतुर बड़ाईक, रघुनाथ बड़ाईक सहित मोटिया संघ और नवयुवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही।

# स्वर्ण जयंती के मौके पर जन जागरण अभियान का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तक वितरण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अभियान का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को समझाना और बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रेरित करना था। पहला पुस्तक वितरण शिविर पहाड़ टोली, बंगरु में आयोजित किया गया। जहां 150 बच्चों और अभिभावकों को पुस्तकें वितरित की गईं। शिविर में विशेष रूप से चार बिरहोर परिवारों को भी शामिल किया गया। इसके बाद सरदार टोली, फरसाबेड़ा में 50 बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा सामग्री दी गई। अंत में कुम्हार टोली, खूंटी टोली में 100 बच्चों और अभिभावकों के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना के साथ हुई। जिसमें उपस्थित जनसमूह को सुबह प्रार्थना करने और माता-पिता का आशीर्वाद लेने की महत्ता बताई गई। वक्ताओं ने समझाया कि माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है, जो एक सफल जीवन के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि शिक्षा न केवल बच्चों को एक बेहतर इंसान बनाती है, बल्कि उन्हें एक सफल और समृद्ध नागरिक बनने में भी मदद करती है। इसी क्रम में कक्षा 8, 9 और 10 के छात्रों के लिए ट्यूटोरियल प्रोग्राम की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मनोरमा देवी, रूपा देवी, वर्षा साहू, नरसिंह पेतिया और सतेंद्र महतो की उपस्थिति ने इसे और भी सफल बनाया।

# सिमडेगा को गांजा तस्करी का कॉरिडोर बना रहे हैं तस्कर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अफजल इमाम नशे के सौदागरों ने सिमडेगा को नशे का कॉरिडोर बना दिया हैं। ओडिसा से सिमडेगा के रास्ते गांजा की खेप लगातार बिहार और नेपाल पहुंचाई जा रही है। विस चुनाव के आचार संहिता लगने के बाद सिमडेगा पुलिस ने बांसजोर के खम्मन टांड़ इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर लगातार वाहन जांच शुरू की तब लगातार यात्री बसों से गांजा और गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ने लगे। विस चुनाव संपन्न कराने के लिए सिमडेगा ओडिसा सीमा पर बांसजोर ओपी क्षेत्र के खम्मन टांड़ में इंटर स्टेट चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इस दौरान विगत एक माह में पुलिस अलग अलग यात्री बसों से लगभग 113 किलो गांजा के साथ 07 गांजा तस्करों को धर दबोचा। सिमडेगा पुलिस गांजा तसकरों की कमर तोडने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बता दें कि ओडिसा से बिहार और इसके बाद नेपाल के अंतरराष्ट्रीय बाजार तक नशीले गांजे का काला कारोबार होता है। सूत्रों की माने तो ओडिसा से सिमडेगा के रास्ते गांजा तस्कर गांजा की खेप महीने में 10 से 15 बार नेपाल के अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पंहुचाने की फिराक में रहते हैं। तस्कर अलग अलग हथकंडे अपना कर गांजा की तसकरी करते हैं। लेकिन इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर ये तस्कर पुलिस के तेज निगाहों के आगे मात खा जाते हैं और पुलिस उन्हे दबोच लेती है। एसडीपीओ सिमडेगा बैजू उरांव ने बताया कि सिमडेगा पुलिस खम्मन टांड़ इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर पिछले एक माह के भीतर ओडिसा से बिहार तस्करी कर ले जाते हुए 113 किलो गांजा जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 05 करोड 5 लाख रुपए से अधिक है। इन तस्करों के पास से पुलिस ने जब्त किया है।

## थोक बाजार से 100 रुपए से अधिक दामों में बिक रहा है लहसुन

**सिमडेगा।** जिले के खुदरा बाजार में लहसुन व प्याज का भाव बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। इनके दामों में बेतहाशा हो रही वृद्धि से खाने का स्वाद भी बदल गया है। इन दोनों के दाम बढ़ने से गृहणी सबसे ज्यादा परेशान है। इन दिनों लहसुन थोक बाजार में 200 से 300 रुपए जबकि खुदरा में 400 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। जबकि प्याज खुदरा बाजार में 60 से 70 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। जबकि थोक बाजार में 42 से 40 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं अदरक 160 रुपए प्रति किलो की दर से खुदरा बाजार में बिक रहा है। जबकि थोक में 60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। आने वाले दिनों में इनके दाम में और वृद्धि हो सकती है। ग्राहक संध्या तिग्गा ने कहा कि लहसुन और प्याज के दाम बढ़ने से पहले रसोई में लहसून व प्याज का ज्यादा उपयोग करते थे। लेकिन जब से दाम में बढ़ोतरी हुई है, तबसे उसका उपयोग कम दिया है।

# टाटा में सिमडेगा की युवतियों ने मांदर व नगाड़ा बजाकर समां बांधा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** टाटा के बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में संवाद जनजातीय महोत्सव के 11वें संस्करण के विधिवत उद्घाटन समारोह में 451 नागाड़ा, मांदर, भेईर, नरसिंघा बजाकर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्र, टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, धाड़ दिशोम के परगना बैजू मुर्मू, हो समाज के पीढ़ मानकी गणेश पिंगुवा, जुगसलाई तोरोफ परगना दशमत हांसदा, भूमिज समाज के प्रधान उत्तम सिंह सरदार, सोमरा खड़िया, टाटा स्टील फाउंडेशन के शिव शंकर कांडयाँग सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र सिमडेगा की 30 युवतियां जो मांदर नागाड़ा बजाकर पूरे सिमडेगा जिले का नाम टाटा सहित झारखण्ड में ऊंचा किया। कार्यक्रम के दौरान इनके नगाड़ा-मांदर बजाने की कला देख कर टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्र अपने को रोक नहीं पाए और उपस्थित सभी अतिथियों ने सामूहिक नृत्य कर माहौल को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम में सिमडेगा के चक्रीय विकास संस्थान द्वारा संचालित छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र और पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज की छात्राओं ने निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के नेतृत्व में खड़िया जनजाति, चीक बड़ाईक जनजाति , कवर जनजाति, बैगा जनजाति, लोहरा जनजाति, गोंड जनजाति के कलाकारों के साथ कलर्स ऑफ झारखण्ड कार्यक्रम में अपने नृत्य का प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चक्रीय विकास संस्थान के कलाकार जयपाल दास, रुत जड़िया, अनिमा कुमारी, सलमा कुमारी, असमा डूंगडूंग, बूटी रोस केरकेट्टा, संजीता बा, सुमन केरकेट्टा, सनिला एक्का, सुप्रिया केरकेट्टा, सुलोचनी कुमारी, अनुपा सोरेंग, बजरंग दास, सोमरा भुइंहर, कृष्णा कुमार, मौसमी सोरेंग सहित अन्य कलाकार शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## सूंड़ी समाज ने वार्षिक उत्सव को लेकर किया विचार-विमर्श

**सिमडेगा।** रविवार को सुंडी समाज की बैठक अनूप प्रसाद के आवास पर समाज के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। इसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में 5 जनवरी 2025 को होने वाले वार्षिक उत्सव पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं विवाह योग्य जितने भी समाज के युवक- युवतियों के अभिभावकसे आग्रह किया गया है कि आप सभी अपने मंडल के अध्यक्ष के पास अपने बच्चों का बायोडाटा फोटो के साथ यथाशीघ्र जमा करें। बैठक में सम्मेलन की तैयारी को लेकर सभी मंडल की बैठक का तिथि निश्चित किया गया। 26 नवंबर बीरू, 27 नवंबर सिमडेगा नगर का, 30 नवंबर रायबोगा का एवं 1 दिसंबर को बानो में। सभी मंडल अध्यक्षों से आग्रह पुर्ण निर्देश दिया गया है की बैठक में ज्यादा संख्या में सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। मौके पर अमित रंजन, दीपा गुप्ता, रमेश प्रसाद, शोभा गुप्ता, सतीश प्रसाद, हितेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के पति का निधन, विधायक ने दी संतावना



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ की महिला कांग्रेस अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख तरसिला खड़िया के पति कमिल खड़िया का निधन हो गया। इस सूचना पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उनके आवास पहुंचे। वहीं शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया। विधायक ने दिवंगत की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया। वहीं हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। भूषण बाड़ा ने दिवंगत कमिल खड़िया के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। साथ ही कहा कि उनकी कमी समाज और कांग्रेस पार्टी को हमेशा खेलेगी। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज के विकास में उनके द्वारा किये गये कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा।

## मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** मंडल कारा सिमडेगा में मासिक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में लगभग डेढ़ सौ बंदी उपस्थित हुए। कैदियों को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिमडेगा मनीष कुमार सिंह द्वारा बंदियों को मुफ्त कानूनी सहायता के तहत व्यवहार न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में निःशुल्क अपील एवं पैरवी के बारे में बताया गया। बताया गया कि कोई भी बंदी अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है। वे मुफ्त में अपने वाद की पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा में आवेदन दे सकते हैं।डीएलएसए द्वारा उन्हें मुफ्त में अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। जेल अदालत में मोटर दुर्घटना के आरोप में बंद अभियुक्त को तीन हजार जुमार्ना राशि जमा करने की शर्त पर कारा से मुक्त किया गया।बताया गया कि मोटर दुर्घटना से सम्बंधित मामलों में मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी सिमडेगा के न्यायालय से संबंधित बंदी ?3000 की राशि का जुमार्ना जमा पर कर कारा से मुक्त किया जाएगा।इस कार्यक्रम में मनीष कुमार सिंह मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी सिमडेगा एवं अन्य उपस्थित थे।

## बेलानकानी माता के तीर्थ स्थल पहुंचे विधायक



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा रविवार को फरसाबेड़ा स्थिति बेलानकानी माता के चर्च पहुंच कर ईश्वर से क्षेत्र के विकास, और तरक्की की प्रार्थना की। विधायक ने क्षेत्र के लोगों के लिए भी ईश्वर से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। विधायक ने चर्च में मौजूद पुरोहितों से भी मिलकर अशीर्वाद लिया। साथ ही चर्च के विकास में हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर चर्च के कई पुरोहित, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रतिमा कुजूर, अजित नवरंगी सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रीरामरेखाधाम मेले का समय के साथ स्वरुप भी बदला

**सिमडेगा।** कई दशकों से श्रीरामरेखाधाम में लग रहे मेले में भी समय के साथ अपना स्वरुप बदला है। दशकों पूर्व हमारे पुर्वज पैदल और बैलगाड़ी में रामरेखाधाम पहुंचते थे। इसके बाद साईकिल का दौर शुरु हुआ, जो हाल के दिनों तक जारी था। साइकिल सवार श्रद्धालुओं की संख्या इतनी होती थी कि धाम समिति के द्वारा साईकिल स्टैंड बनाया जाता था। बदलते दौर ने इस वर्ष धाम परिसर में ऐसा कोई श्रद्धालु नजर नहीं आया जो साईकिल से रामरेखाधाम पहुंचा हो। रामरेखाधाम परिसर में कहीं भी साइरकिल खड़ी नजर नहीं आई। धाम के हर तरफ चार पहिया वाहन, मोटरसाइकिल एवं ऑटो हजारों की संख्या में नजर आ रही थी। मेला में चाय का दुकान लगाने वाले कैरबेड़ा निवासी नंदकुंवर सिंह ने बताया कि लगभग दस साल पूर्व एक समय था साहब, तब धाम परिसर में साइकिल रखने की जगह नहीं मिलती थी। क्या बूढ़े, क्या जवान, क्या महिलाएं हर कोई साइकिल से ही मेला देखने आया करता था।

## कैंप में 31 लोगों की हुई निःशुल्क जांच

**सिमडेगा/कुरडेग।** राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय कुरडेग में वयोवृद्ध कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 31 लोगों का जांच कर निःशुल्क में दवा दिया गया। मौके पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुभद्रा कुमारी ने सेंटर का निरीक्षण कर केन्द्र के सभी रजिस्टरों की जांच की। इस दौरान केंद्र के सभी रजिस्टर अपडेट पाया गया। उन्होंने केंद्र परिसर में लगाए गए औषधीय पौधों का अवलोकन करते हुए आयुष चिकित्सक डॉ आशीष उरांव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर हरिप्रसाद, योग शिक्षक घनश्याम राम, सफाई कर्मी जसवंती इन्दवार, सहिया साथी असुन्ता कीड़ो आदि उपस्थित थे।

## ईवीएम वज्रगृह की 24 घंटे हो रही है निगरानी

**सिमडेगा।** मतदान सम्पन्न होने के बाद लोग जोड़ घटाव में जुट गए है। वहीं दुसरी ओर चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी ईवीएम मशीन की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर नजर आ रहे है। राजनीतिक दल के प्रतिनिधि 24 घंटे सिमडेगा कॉलेज में बने वज्रगृह में रखे ईवीएम मशीन की निगरानी कर रहे है। राजनीतिक दल एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि सीसीटीवी के माध्यम से वज्रगृह की निगरानी कर रहे है। इसके अलावे प्रतिदिन सुबह और शाम में उम्मीदवार या उम्मीदवार के निर्वाचन अभिकर्ता भी संबंधित निर्वाची अधिकारी के साथ वज्रगृह का निरीक्षण कर रहे है। वज्रगृह के पूरे इलाके की सुरक्षा का भार सीआईएसएफ के जवानों के जिम्मे दिया गया है। चारों ओर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। सुरक्षा ऐसी है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। निर्वाची अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के दिन भी सभी अभ्यर्थियों या निर्वाचन अभिकर्ता की मौजुदगी में ही वज्रगृह का सील खोला जाएगा।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# डीसी व एसपी ने मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकनर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। अभियान जिला के शनिचरा बाजार से होते हुए सुभाष चौक तक मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार का छउ नृत्य से एवं मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा ढोल मांदर बजाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिद्धू कहूं स्टेडियम से करतार बद्ध होकर जिले के पदाधिकारियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं छाव नृत्य, मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के माध्यम से जिले के मुख्य मार्ग शनिचरा है से होते हुए सुभाष चौक तक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूकता संदेश दी गई। रैली सुभाष चौक पहुंची जहां सभा का आयोजन कर लोगों को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान निर्वाचन तिथि 20 नवंबर रामगढ़ विधानसभा चुनाव अंकित तख्ती को रंग-बिरंगे गुब्बारे के साथ आसमान में छोड़कर मतदाताओं को स्वच्छ व निष्पक्ष रूप से आगामी 20 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। वहीं, कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच आगामी विधानसभा निर्वाचन 20 नवंबर रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मतदान तिथि अंकित मतदाता जागरूकता आमंत्रण कार्ड देकर मतदाताओं को मतदान करने का अपील भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मतदाताओं ने 20 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, पंचायती राज्य पदाधिकारी निशा कुमारी, स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो, पुलिस उपाधीक्षक पतरातु, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,सभी थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीएवी गांधीनगर की दो छात्राओं का चयन झारखंड टीटी टीम में



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। डीएवी गांधीनगर की दो छात्राओं आकृति सिंह और निथी कुमारी का चयन एसजीएफआई नेशनल टेबल टेनिस टूनार्मेंट के लिए झारखंड टेबल टेनिस टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता सिलवासा दादर नागर हवेली और दामन दीउ में 17 से 21 नवंबर 2024 तक आयोजित होगी। झारखंड टेबल टेनिस टीम में शामिल होने पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा तथा खेल प्रशिक्षक गोविंद झा, कौशल कुमार, स्वाति शिप्रा आदि ने खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी।

# दीपांकर भट्टाचार्य ने राजकुमार यादव के पक्ष में किया चुनावी सभा



**नवीन मेल संवाददाता। धनवार**

धनवार के सर्कस मैदान में भाकपा माले का चुनावी सभा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, बिहार के विधायक महबूब आलम, विधायक गोपाल रविदास, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम ने भाग लिया। इस बाबत दीपांकर ने कहा कि 2019 से धनवार की जनता के साथ धोखा हो रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के भाजपा में शामिल होने पर इन्होंने कहा कि पिछले बार धोखा हो गया था क्योंकि चुनाव हो गए थे। लेकिन इस बार धोखा नही बल्कि रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से माले के चारो उम्मीदवार जीतकर इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा। झारखंड का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और यह बिरसा मुंडा की धरती है। झारखंड में पहली बार भाजपा की सरकार बनी तो गोलियां चलने लगी तब लगा कि झारखंड में पुलिसिया राज्य कायम हो गया। भाजपा जनता की सरकार नही बनाकर अडानी ओर अम्बानी का झारखंड बनाना चाहती है। आफताब आलम ने कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है वहां की महिलाओं, दलितों व पिछडों आदि की क्या स्थिति है किसी से छुपा नही है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नही बच गया है । मौके पर जयंती चौधरी, कौशल्या दास, अयूब अंसारी, पंकज यादव, सागिर अंसारी, वसीर आलम, मकसूद आलम, शंकर पासवान, रामदेव यादव, किशोरी अग्रवाल, विनय संथालिया, अशोक पासवान, गावा प्रमुख ललिता देवी आदि हजारों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## लाला लाजपत राय को शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** नमन संस्था के कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पूर्व सैनिक सरदार बलविंदर सिंह ने कहा कि आज युवाओं को लाला लाजपत राय के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए, ताकि हम देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन कर सकें। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा, पत्रकार बृजभूषण सिंह, राघवेन्द्र शर्मा, समाजसेवी और युवा संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए और अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन जूगुन पांडे ने किया।

## झांसी की घटना हृदय विदारक, आदित्यनाथ संवेदनहीन : डॉ अजय

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर पूर्वी से पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आग से 10 नवजात शिशुओं की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से पीड़ित परिवारों को इस दुख को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। रविवार को बयान जारी कर डॉ. कुमार ने इस घटना के लिए योगी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल पर जाने के बजाय सोशल मीडिया पर महज एक पोस्ट कर अपनी जिम्मेवारी पूरी मान लेते हैं। एक तरफ इस घटना से कई परिवारों की दुनिया वीरान हो गई, दूसरी तरफ बेफिक्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं। जिनलोगों पर नवजात शिशुओं की मौत का भी कोई असर नहीं पड़ता, वे कितने निर्दयी हैं, इसे आसानी से समझा जा सकता है।

## युवक को लाठी से मार कर किया घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत अरमई बेहरा टोली गांव में मामूली बात पर एक व्यक्ति ने गांव के ही 24 वर्षीय बिरसु किंडो को लाठी से सिर में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद लहूलुहान बिरसु को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल युवक ने बताया मेरा बड़ा भाई और भाभी मजदूरी करने बनारस गए थे। बनारस में दोनों अलग-अलग ईंट भट्ठा में काम करते थे। मेरी भाभी अपने बच्चों को लेकर अकेले घर लौट आई। मैंने भाई को छोड़कर आने का कारण पूछा। इसी बात पर वहां खड़े मुकेश गोप को गुस्सा आ गया और उसने लाठी से मेरे सिर पर वार कर दिया। वही मामले को लेकर बिरसु ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराने की बात कही।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला-सिमडेगा नेशनल हाईवे पर स्थित लोहा पुल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से आम टोली, पालकोट की 45 वर्षीय मोनीला खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि वह रास्ता भटककर बाघिमा की ओर पैदल जा रही थीं। ग्रामीणों ने मोनीला को बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पाया और परिजनों को सूचित किया। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें रांची स्थित रिम्स भेज दिया।

## फोरलेन सड़क निर्माण में एयरटेल टावर बना बाधा, 10 दिनों में हटाने का निर्देश

गुमला। भरनो में फोरलेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं नावाटोली के पास सड़क किनारे स्थित एयरटेल टावर के कारण मेन रोड निर्माण कार्य में रुकावट आ रही है। इस संदर्भ में रविवार को एनएचएआई के परियोजना निदेशक राजीव रंजन ने भरनो में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि भरनो क्षेत्र के अधिकांश रैयतों को मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है और शेष भुगतान इस महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# भाजपा के व्यापारियों की नजर झारखंड के खनिज संपदा पर : सीएम

## भाजपा व्यापारियों को लाभ पहुंचाने वाली पार्टी



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)**

भाजपा के व्यापारियों की नजर झारखंड के खनिज संपदा पर है। भाजपा व्यापारियों को लाभ पहुंचाने वाली पार्टी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। श्री सोरेन रविवार को गांडेय के कन्हाई डीह गांव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन के पक्ष में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि करीब बीस साल के शासन में भाजपा ने गरीबों के हित में कोई कार्य नहीं किया। गरीबों की प्रतिदिन की जरुरतें नमक,दाल,चावल पर टैक्स लगा दिया। किसान आत्महत्या कर रहे थे। तब ही प्रण लिया था कि डबल इंजन की सरकार को उखाड़ फेंकना है। भाजपा के डबल इंजन की सरकार को हटाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग छोटी छोटी जरुरतें पूरी करने के लिए उधार लेते थे, कर्ज लेकर काम चलाते थे। इलाज के लिए, बिजली बिल के लिए उधार लेते थे। ग्रामीणों की इन समस्याओं को उन्होंने अपने कंधे पर लिया और बिजली बिल माफ कर दिया। किसानों के दो लाख तक के ऋण को माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना लाया जिसके तहत उनके खाते में 1000 रुपए की राशि पहुंचाने का कार्य किया। दिसम्बर में ये राशि 2500 रुपये हो जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो चौबीस घंटे बिजली आएगी पर कोई बिल नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अहिल्यापुर को प्रखंड बनाने की मांग पूरी की जाएगी। बिजली बिल को लेकर जो केश मुकदमा कोर्ट में चल रहा है उसे भी वापस करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बाद में संथाली भाषा में संबोधित कर लोगों को गांडेय विधानसभा एवं झारखंड के विकास के लिए झामुमो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, प्रणव वर्मा, झामुमो के जिला महासचिव महालाल सोरेन, प्रखंड सचिव भैरो वर्मा,ध्रुवदेव पंडित,जिप सदस्य हेंगामुनी मुर्मू, गोपीन मुर्मू पुर्व जिप सदस्य बबली मरांडी,कर्मिला टुडू, चांदमल मरांडी, दिलीप मंडल, फरदीन इम्तियाज अहमद, राजेश सिंह,भागवत सिंह,मो इनामुल, मुफ्ति मोहम्मद सईद आलम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# खाली समय में रचनात्मक व कलात्मक ज्ञान का सही उपयोग करें कैदी : डालसा सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकारा खूंटी में जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डालसा सचिव एवं प्रभारी कारा अधीक्षक ने महिला कैदियों को हस्तकला का ज्ञान दिया, ताकि वे यहां से जाने के बाद गलत रास्ते में न जाकर समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे बंदी जो किसी कारणवश अपने बेलर की व्यवस्था नहीं करा पाते या अपने परिवार से नहीं मिल पाते हैं या किसी कागजात की वजह से बेल कराने या किसी भी तरह की समस्या हो, तो वे आवेदन के माध्यम से डालसा सेक्रेटरी या कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं। उन्हें यथासंभव निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। डालसा सचिव ने कहा कि जितने भी नए कैदी अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर यहां रह रहे हैं और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, तो वे अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए डालसा सचिव एवं कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं,

## भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सोहन सिंह का निधन, पार्टी में शोक की लहर

गुमला। पालकोट प्रखंड के डहुपानी पंचायत के खरवाडीह गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता 60 वर्षीय सोहन सिंह का रविवार देर रात करीब 12 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी में शोक की लहर है। सोहन सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने वालों में मंडल अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह, सूरज वर्मा, राम अवध साहू, सूरज देव सिंह, गोपाल प्रसाद केसरी, अरविंद सिंह, प्रतिमा देवी, बेचन प्रसाद, जितेंद्र लाल, मनोज साव केसरी, मनोज केसरी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, दारोगा साहू, दुर्गा प्रसाद और चथुर साहू सहित कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे। वरिष्ठ कार्यकर्ता के निधन को पार्टी ने अपूरणीय क्षति बताया है। सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# कोंडरा में संपन्न हुआ देवराज इन्द्र पूजनोत्सव और सांस्कृतिक मेला

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोण्डरा के पंचायत भवन स्थित कोण्डरा बाजार डांड़ में देवराज इन्द्र पुजनोत्सव और सांस्कृतिक मेला संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने बैगा, पहान और पुजार के साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। पूजा का उद्देश्य क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्धि और देवराज इन्द्र की कृपा बनाए रखना था।




रात्रि में नागपुरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें नागपुरी गायक अशोक सिंह, सहदेव बड़ाईक, अनीष महली, केशो देवी, बिंदेश्वरी देवी, रजनी कुमारी, सुमन गुप्ता और डांसर दीपिका सिंह सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन झुमी झारखंड म्यूजिकल ग्रुप, गुमला के कमल किशोर और उनके साथियों ने किया। गायक अशोक सिंह ने गणपति वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश कुमार टुडू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इन्द्र पूजा हमारी सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति से जुड़े रहने का प्रतीक है। इसे प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन कोण्डरा ग्राम के ग्रामीणों और इन्द्र पुजनोत्सव आयोजन समिति ने किया। समिति के अध्यक्ष रामसागर चिक बड़ाईक, उपाध्यक्ष लंकेश चिक बड़ाईक, कोषाध्यक्ष बसंत सिंह, सचिव करमपाल गोप, संरक्षक सिकंदर सिंह और अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया। समिति के अध्यक्ष रामसागर चिक बड़ाईक ने बताया कि कोण्डरा में यह उत्सव वर्षों से मनाया जा रहा है और यह क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे और इस आयोजन ने सभी को उत्साह और आनंद से भर दिया।

# बजरंग दल के लोग गाय बचाने में जुटे, चिकित्सक का नहीं मिला साथ

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर

चैनपुर में रविवार की सुबह एक दुखद घटना घटी, जहां एक गाय की तबीयत खराब होने पर बजरंग दल के युवकों ने उसे बचाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के कारण गाय की मौत हो गई। गाय की तबीयत खराब होने पर बजरंग दल के युवकों ने पशु चिकित्सा विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल किया, लेकिन उन्हें बताया गया कि विभाग की सेवाएं सिर्फ 9 बजे से 5 बजे तक उपलब्ध हैं। इसके बाद भी युवकों ने विभाग से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। बजरंग दल के राजन पांडेय, सौरभ कुमार, गणेश सिंह,सूरज कुमार, भरत कुमार, सुंदरम केसरी,अतुल कुमार, निखिल सिंह सहित कई लोगो ने आरोप लगाया है कि पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के कारण गाय की मौत हुई है।

## बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर के ब्लड बैंक में बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया । रक्तदान करने वालों में दीपक गोप और उपेंद्र सिंह शामिल हैं। दोनों रक्तदाताओं ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान किया। बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में ब्लड बैंक गुमला में ब्लड की खपत ज्यादा है एवं पर्याप्त मात्रा में ब्लड भी उपलब्ध नहीं है। स्थिति को देखते हुए कुछ दिनों के बाद विभिन्न प्रखंडों में भी रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर रविंद्र सिंह, अरविंद जायसवाल, यशराज सिंह, सहदेव कुमार लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, अंजू किंडो सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# शिकायत का कोई मौका नहीं मिलेगा : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

धनवार से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के तिसरी के पपीलो गांव स्थित पैतृक आवास के पास रविवार को भाजपा की एक नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के धनवार प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित हुए। सभा में भारी संख्या में निरंजन राय के समर्थकों का जुटान हुआ था। वहीं उनके समर्थकों ने निरंजन के इस फैसले का स्वागत किया। बैठक के दौरान निरंजन राय व उपस्थित लोगों ने बाबूलाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर मौजूद लोगों ने बाबूलाल से राजधनवार को जिला बनाने की मांग की । साथ ही धनवार विधान सभा क्षेत्र में हो रही परेशानीयों के निष्पादन का अपील किया गया। जिस पर बाबूलाल ने भी अपनी हामी भरते हुए सारी समस्याओं का समाधान करने की बात कही। साथ ही उन्होंने निरंजन के फैसले को असम्भव को सम्भव करना बताया। कहा कि वे जितनी आगे निकल गए थे, वहां से हमारे समर्थन में लौटना बड़ी बात है। मौके पर निरंजन राय ने कहा कि बाबूलाल उनके गुरु और वे उनके चेले हैं। गुरु चेले में थोड़ा - बहुत अलगार होता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर हाल के दिनों में लोगों से अपने द्वारा किए गए विकास के वादों को हर हाल में पूरा करवाएंगे अन्यथा फिर से अलगार हो सकता है और इस मर्तबा दिल्ली तक हिल जाएगी। बता दें निरंजन राय द्वारा बाबूलाल मरांडी को समर्थन दिए जाने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ पहली बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे दोनों एक साथ नजर आए हैं। इसके साथ ही दोनों ने मिलकर आसपास के क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान भी चलाया है। वहीं मीडिया से बात करने के क्रम में निरंजन राय ने कहा कि मेरे गुरु बाबूलाल थे और आज भी हैं। हम उनका सम्मान करते हैं।

# गुमला में ठंड ने दी दस्तक अलाव की मांग तेज

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

नवंबर के साथ ठंड ने गुमला जिले में दस्तक दे दी है। सुबह-शाम ठंडी हवाओं और गिरते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। राहगीरों, बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से खासा संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं, गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए यह मौसम और भी चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

### राहगीरों और कमजोर वर्गों के लिए ठंड बनी चुनौती

ठंड की वजह से सड़कों पर काम करने वाले मजदूर, दिहाड़ी कर्मी और राहगीर मुश्किल हालात में हैं। बुजुर्ग और बच्चे, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, सबसे अधिक प्रभावित हैं। रात के समय तापमान में तेज गिरावट हो रही है, जिससे खुले में सोने वालों को ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है।

### समाजसेवियों की अपील: सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था हो

समाजसेवी शैल मिश्रा ने जिला प्रशासन से अपील की है कि सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक-चौराहों, बस स्टैंड और बाजारों में अलाव की व्यवस्था तुरंत की जाए। उन्होंने कहा, ठंड के कारण गरीब और मजदूर वर्ग के लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासन को उनकी मदद के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि प्रशासन को ठंड के मौसम में अलाव और कंबल वितरण जैसी राहत योजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### सामुदायिक पहल की जरूरत

ठंड के मौसम में समाजसेवियों, प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ठंड के दौरान जरूरतमंद लोगों को राहत दी जा सकती है। अभी देखना यह है कि प्रशासन कब तक अलाव की व्यवस्था और राहत कार्य शुरू करता है।

# संतोष उरांव की प्रतिमा का हुआ अनावरण

## फुटबॉल मैच व जतरा का भी हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

प्रखंड के चपका स्थित चौक पर तुरियाडीह निवासी शहीद संतोष उरांव की प्रतिमा का अनावरण किया गया। डीआईजी डीएन लाल के निर्देश पर 158 बटालियन के निरीक्षक रामनरेश यादव एवं भीमसेन प्रसाद के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मौके पर सीआरपीएफ के अधिकारियों ने शहीद संतोष उरांव की पत्नी फुलसुन्दरी कुमारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । इसके पूर्व शहीद संतोष की प्रतिमा को चपका चौक पर रविवार को स्थापित किया गया और आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना की गई। इसके पूर्व इंस्पेक्टर भीमसेन प्रसाद ने शहीद संतोष के बावत बताया कि उनका जन्म 1991 में हुआ था और महज 32 वर्ष की आयु में 17 नवम्बर 2023 को वे शहीद हो गए। घटना के वक्त संतोष सीआरपीएफ 94 बटालियन में पदस्थापित थे। अनावरण के मौके पर सीआरपीएफ के डीआईजी रविन्द्र भगत, जीप सदस्य सतवंती देवी, मानती उरांव, प्रमुख सविता देवी, अरुण पांडेय, कृष्ना कुमार लोहरा, मुखिया अंगनि उरांव, सोमारी उरांव, रामरित कुजुर सहित सीआरपीएफ रांची एवं लोहरदगा के कर्मी शामिल थे।

उधर संतोष उरांव की शहादत एवं उनकी स्मृति में उनके पैतृक गांव तुरियाडीह में तीन दिवसीय फुटबॉल मैच एवं पड़हा पाचोरा शहीद संतोष उरांव जतरा का आयोजन किया गया। फाइनल मैच रविवार को वेस्ट जोन रुकी एवं न्यू स्टार घाघरा के बीच खेला गया जिसमें न्यू स्टार घाघरा की टीम 1- 0 से बिजयी रहा।

जब भी चिन्ताओं का झुण्ड आपके मन पर आक्रमण करे, उससे प्रभावित होना अस्वीकार कर दें। शान्ति के साथ प्रतीक्षा करें, और समाधान खोजें। चिन्ताओं पर अपनी शान्ति के शक्तिशाली रसायन का छिड़काव करें। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, एक 'पैरा-ग्राम' में



संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस और भारत

पड़ोस से लेकर सड़क तक और समाज से लेकर राष्ट्रों के बीच बढ़ती असहिष्णुता ही युद्ध, नफरत एवं द्वेष का कारण है जिससे हमारे बहुसांस्कृतिक, बहुजातीय और बहुधार्मिक समाज की एकजुट टूटती है। असहिष्णुता केवल सामाजिक एवं राजनैतिक ताने-बाने को ही छिन्न-भिन्न नहीं करती है, बल्कि इसका देश की अर्थव्यवस्था, उसके विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हर साल 16 नवंबर के दिन पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहें, इसी संकल्प के साथ मनाया जाता है। 1995 में महात्मा गांधी की 125वीं जयंती पर संयुक्त राष्ट्र ने सहनशीलता वर्ष मनाया था। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1996 में औपचारिक तौर पर प्रस्ताव पास कर अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस की शुरूआत की थी।

**असहिष्णुता केवल सामाजिक एवं राजनैतिक ताने-बाने को ही छिन्न-भिन्न नहीं करती है, बल्कि इसका देश की अर्थव्यवस्था, उसके विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।**

असहिष्णुता मुख्यतः अनजान कारकों एवं स्थितियों के प्रति संदेह से भरे रवैये से उपजती है। परस्पर सद्भाव एवं सम्मान के स्थान पर प्रतियोगिता तथा द्वेष से संचालित समाज अंततः बिखराव की तरफ बढ़ता है। स्वयं के विरूद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। बताया जाता है कि सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को दंभी या अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा आम हो गया है। इतना ही नहीं लोग रिश्ते-नाते भूलकर भी जान लेने और देने पर उतारू हो रहे हैं। युद्धरत देशों के शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे हैं जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। इसी से युद्ध रुक नहीं रहे हैं। रूस-यूक्रेन हो या हमास-इजरायल के बीच लगातार युद्ध चल रहा है। जिसमें अब तक हजारों लोगों की जाने जा चुकी हैं जिससे समूचे विश्व की अर्थ-व्यवस्था प्रभावित है। बात विश्व की ही नहीं, राष्ट्र एवं समाज की भी है, हर ओर छोटी-छोटी बातों पर उत्तेतना, आक्रोश, हिंसा, नफरत, द्वेष के परिदृश्य व्याप्त है। विश्व सहनशीलता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि मानव समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे। भारतीय समाज के पास बुद्ध,वेदवाणी और गुरुवाणी से लेकर गांधी तक अहिंसावादी विचारों की धरोहर है पर उकसावे की कार्रवाई हो रही है जिसके पीछे हिंसा, घृणा, वैर विरोध और प्रतिरोध जैसे विकार घात लगाए बैठे हैं। पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक या आर्थिक में से कोई भी कारण सहिष्णुता की नाजुक दीवार को गिराने के लिए काफी हो सकता है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद एवं सौहार्द कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है।

# आशा की रैली तथा भय की बिकवाली के मध्य संग्रह



शशांक भारद्वाज
वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक चॉइस ब्रोकिंग।

भारतीय शेयर मार्केट के गिरावट का क्रम बना हुआ है। निफ्टी 26 सितंबर 24 के अपने उच्चतम स्तर 26250 से 2766 अंक नीचे गिर 49 दिनों में 23484 का निचला स्तर बना चुका है। बहुत से शेयरों में 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। 26250 निफ्टी पर जो अत्यधिक मूल्यांकन की अवधारणा बनी, उससे विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली प्रारंभ हुई तथा लगातार सी चली। 50 दिनों में ही उन्होंने नकद संभाग में 144000 करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए।ये राशि उन्होंने अमेरिका तथा कम मूल्यांकन पर उपलब्ध मार्केट में निवेश की। अमेरिका में ट्रंप की विजय की संभावना, आशा में ट्रंप कैरी ट्रेड चल रहा था जिसमें यह माना जा रहा है कि ट्रंप की विजय से वहां के शेयर मार्केट में उछाल आएगा तथा लाभ होगा। ऐसा हुआ भी। अब यह घटनाक्रम बीत चुका है। अतः वहां भी पिछले सप्ताह के अंतिम दो व्यापारिक सत्रों में 514 अंकों की गिरावट आई है तथा उच्चतम स्तरों से भी 1044 अंकों की कमी आई है। अब यह देखना रुचिकर होगा कि वहां जो विक्रय हो रहा वो धनराशि भारतीय शेयर मार्केट में शीघ्र आती है कि नहीं? चूंकि भारतीय शेयर मार्केट अपने ऐतिहासिक तथा उचित मूल्यांकन की ओर हैं एवं कुछ प्रमुख वैश्विक वित्तीय निवेशक संस्थानों ने भारतीय मार्केट पर अपना वेट भी बढ़ाया है, अतः भारत में पुनः विदेशी निवेश का क्रम आरंभ हो सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडी ने भारत की 7.2 प्रतिशत की ठोस वृद्धि दर तथा नीचे आती मुद्रास्फीति की भविष्यवाणी की है तथा इसके आधार पर भारत को सुखद स्थिति में बताया है। मूडी की अच्छी रेटिंग देश में विदेशी निवेश के प्रवाह को सकारात्मक बढ़ा सकती है। सीएलएसए ने भारतीय शेयर मार्केट में अपने आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है तथा चीन में कटौती की है। ट्रंप भी चीन विरोधी माने जाते है, ऐसे में वहां अमेरिकी निवेश कम हो सकता है। इसका लाभ भारत को हो सकता है। भारत में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का एक कारण इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों के लाभ में अपेक्षित वृद्धि न होना भी रहा है। परंतु यह कमी एक चक्रीय मंदी हो सकती है। एचडीएफसी के दीपक पारिख ने ऐसा कहा भी है।भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर भी 7 प्रतिशत के ऊपर ही है। ऐसे में कॉरपोरेट की आय तथा लाभ में पुनः अच्छी वृद्धि होगी ही। नकद संभाग में एफआईआई की बिकवाली भी पिछले सप्ताह कम होनी प्रारंभ हो गई है तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उनके विक्रय की तुलना में अधिक क्रय किया है, साप्ताहिक आधार पर भी तथा अंतिम दो व्यापारिक सत्रों में भी। अभी महत्वपूर्ण अवधारणा में परिवर्तन होना है। मार्केट और गिरेगा का भय अभी प्रबल है। मार्केट में अच्छी गिरावट आ चुकी है, अब इस स्तरों पर निवेश प्रारंभ किया जा सकता है, यह अवधारणा बनने से मार्केट में गिरावट थम तेजी आरंभ होगी। दो तीन दिन लगातार मार्केट तेज होंगे तो अवधारणा परिवर्तित होगी। शेयर मार्केट में अवधारणा का भी बहुत महत्व होता है। अगले सप्ताह एफआईआई क्या करते, यह भी महत्वपूर्ण है। यदि उनकी खरीदारी आई तो मार्केट में अच्छा उछाल दिख सकता है। मार्केट में अभी आशा की रैली तथा भय की बिकवाली के मध्य एक संघर्ष चल रहा है। कंपनियों के लाभ में कमी की छोड़ अर्थव्यवस्था के अन्य कारक लगभग ठीक ही हैं। जेफरीज के अनुसार वित्त वर्ष 24-25 में निफ्टी की कंपनियों की आय में 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अक्टूबर में म्यूचुअल फंड में 41887 करोड़ रुपए का कीर्तिमान निवेश आया। डेट फंड में 1.57 लाख करोड़ रुपए आए। संकेत यह कि निवेश के लिए धन आ रहा है। अक्टूबर में नई जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम भी 13 प्रतिशत बढ़ 30470 करोड़ रूपए हो गया। इसका भी एक बड़ा भाग शेयरों में निवेशित होता है। 34.5 लाख नए डीमैट खाते भी खुले। भारतीय शेयर मार्केट अभी विस्तार की ओर बढ़ रहे। धन का प्रवाह तथा निवेशक आ रहें हैं परंतु बहुत बड़े विक्रय को आत्मसात करने की क्षमता, स्थिति में अभी नहीं हैं। इसीलिए जब अभी एफआईआई की बहुत बड़ी तथा लगातार बिकवाली आई तो मार्केट 10 प्रतिशत तक लुढ़क गए। अगले कुछ वर्षों में भारतीय शेयर मार्केट बड़ी बिकवाली को भी आत्मसात करने में सक्षम हो जाएगा। अक्टूबर में सब्जी के मूल्यों में बढ़त आने पर खुदरा मुद्रास्फीति 14 माह के उच्चतम स्तर 6.21 हो गई। सुखद बात यह रही कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल जी ने सब्जियों की महंगाई के कारण बढ़ी मुद्रास्फीति के कारण ब्याज दरों में कमी न करने की प्रवृत्ति को अनुचित ठहराया है। सही भी है, कोई ऋण ले कर सब्जी आलू प्याज थोड़ी खरीदता है।हमलोग तो बहुत समय से यह बात उठा रहे थे, हो सकता है खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने के बाद भी आरबीआई राष्ट्र की आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए ब्याज दरों में कमी के युग में पुनः प्रवेश करे। ऐसा होता है तो खपत तथा मांग बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था तथा शेयर मार्केट, दोनों में उछाल आएगा। भारत अर्थव्यवस्था की लागत कम करने की ओर बढ़ रहा है। परिवहन लागत के आधा प्रतिशत की कमी आई है,और भी कमी आएगी। इस माह भारत के वस्तु निर्यात में दो वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि हुई है,39.2 अरब डॉलर का निर्यात हुआ है। पिछले कुछ समय में भूराजनीतिक परिस्थितियां भी अपेक्षाकृत ठीक ही हैं। इजराइल ईरान युद्ध ठंडा ही है। क्रूड के मूल्य भी 71 डॉलर प्रति बैरल के निचले स्तरों पर ही है। हां, महाराष्ट्र तथा झारखंड विधानसभा चुनाव का एग्जिट पोल इस सप्ताह है,वो शेयर मार्केट को प्रभावित कर सकता है। भारतीय शेयर मार्केट एक बड़ी गिरावट के बाद आकर्षक स्तरों पर हैं, यहां से और गिरावट आएगी तो और आकर्षक होंगे।निवेश के समय इतना ध्यान अवश्य रखें कि अत्यधिक मूल्यांकन के ऊंची पी ई के शेयरों से दूर रहें, जिन शेयरों के भाव अभी भी कई गुणा बढ़े हुए है, उनमें निवेश बहुत सोच समझ कर करें। हर आपदा में भी अवसर होते है, भारतीय शेयर मार्केट की अभी की गिरावट इसका अपवाद नहीं हैं। उचित मूल्यांकन के शेयरों के निवेश प्रारंभ कीजिए।



आपकी बात

## अदालतों के निर्देश भी नहीं सुधार सके नदियों की सेहत



योगेंद्र योगी

हिन्दू शास्त्रों में गंगा और यमुना नदी का धार्मिक महत्व बताया गया है। इन नदियों की उपयोगिता के कारण इन्हें जीवनदायिनी कहा गया है। वर्तमान में हालत यह है कि ये जीवनदायिनी खुद जीवन के लिए तरस रही हैं। देश में अन्य समस्याओं की तरह इन नदियों के की बबार्दी के लिए भी राजनीति जिम्मेदार है। नदियों का प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक दलों को वोट नहीं दिला सकता, इसलिए इनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। सत्तारुढ़ दलों की प्राथमिकता में नदियों की पवित्रता बरकरार रखना नहीं रह गया है। इन नदियों की हालत नालों जैसी बन चुकी है। भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति के कारण इस हालत से निपटने के लिए सरकारी प्रयास विफल साबित हुए हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, हाईकोट और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद नदियों में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। अदालतों ने नदियों में प्रदूषण के लिए कई बार भारी जुर्माना लगाया है। चुंकि जुमार्ना नेता-अफसरों की जेब से नहीं जाता, इसलिए उसका ऊंट के मुंह में जीरे जितना ही असर हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने यमुना नदी को अनुपचारित अवशिष्ट से प्रदूषित करने के लिए आगरा नगर निगम को 58.39 करोड़ रुपये पर्यावरणीय मुआवजा देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी और यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर नगर निगम को फटकार लगाई। इस तरह के मामले में इससे राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी नगर निगम के खिलाफ अप्रैल में आदेश दिया था। यह पहला मौका नहीं है कि जब एनजीटी या अदालत ने नदियों के प्रदूषण के लिए सरकारी एजेंसियों पर जुमार्ना लगाया हो, इससे पहले भी ऐसे कदम उठाए जा चुके हैं, किन्तु शासन-प्रशासन की मिलीभगत से नदियों में प्रदूषण का स्तर का बढ़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि नदियों का जल पीने लायक तो दूर आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3,000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने नोएडा विकास प्राधिकरण पर 100 करोड़ यानी एक अरब रुपये और दिल्ली जल बोर्ड पर 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात

## ट्रम्प की जीत और भारत-अमेरिका संबंध



सुरेश हिंदुस्तानी

व्हाइट हाउस में ट्रम्प की वापसी किसी चमत्कार से कम नहीं है। 130 वर्ष के अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी ने यह कारनामा किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा, जिसमें पहली और तीसरी बार वे सफल रहे, दूसरी बार के चुनाव में जो बाइडेन से पराजित हो गए। इस चुनाव में पराजित होने के बाद ट्रम्प अमेरिका में राजनीतिक तौर पर लगातार सक्रिय रहे। उनका मिशन फिर से राष्ट्रपति बनना ही था, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान बनाया। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस यकीनन राजनीतिक समझ रखती थी, लेकिन यह समझ किसी भी प्रकार से सफलता की परिचायक नहीं बन सकी। हालांकि अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने तो उनको भावी राष्ट्रपति के रूप में प्रचारित कर दिया। लेकिन यह नैरेटिव भी उनके लिए जीत का मार्ग नहीं बना सका। यहां एक खास तथ्य यह भी माना जा सकता है कि कमला हैरिस को भारतीय मूल का बताने का सुनियोजित प्रयास किया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि भारतीय मूल के मतदाताओं को उनके पक्ष में लाया जा सके, लेकिन वे जिन हाथों में खेल रही थी, वह लाइन भारत के लिए राजनीतिक तौर सही नहीं थी। वैश्विक राजनीति के जानकार डोनाल्ड ट्रम्प की जीत कई निहितार्थ निकाल रहे हैं। कई विश्लेषक ट्रम्प की जीत को भारत की कूटनीतिक सफलता के तौर पर भी स्वीकार कर रहे हैं। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत सरकार जिस नीति और विचार को लेकर कार्य कर रही है, उसकी झलक ट्रम्प के विचारों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका की खोई ताकत को फिर से प्राप्त करना चाहते हैं। आज अमेरिका कहने मात्र को ही महाशक्ति है, लेकिन उसका वैसा दबदबा आज नहीं है, जो पहले हुआ करता था। इस बीच भारत ने महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अपने कदम बढ़ाए हैं, इसलिए आज विश्व के अनेक देश भारत को महाशक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हमें स्मरण होगा कि रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान भारत के नागरिक पूरे सम्मान के साथ भारत लौटे थे। उस समय भारत के नागरिकों के समक्ष यूक्रेन की सेना ने अपने हथियार नीचे कर लिए थे। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भारत की शक्ति का ही परिचायक था। भारत की इस बढ़ती शक्ति से अमेरिका भी भली-भांति परिचित है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बारे में कई बार यह कहा जा चुका है कि भारत चाहे तो युद्ध रुकवा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

**यदि, समझ की कमी के कारण, आप किसी के साथ झगड़ा शुरू करते हैं, तो याद रखें कि आपमें से प्रत्येक उतना ही दोषी है, जितना कि दूसरा, चाहे झगड़ा किसी ने भी शुरू किया हो। मूर्ख वाद-विवाद करते हैं, बुद्धिमान विचार-विमर्श करते हैं।**

## दूसरों के साथ मिलजुल कर रहना




श्री श्री परमहंस योगानंद

रोम की पूरी सरकार क्राइस्ट में निर्दयता जागृत नहीं कर सकी। यहाँ तक कि जिन्होंने उन्हें सूली पर चढ़ाया, उनके लिए भी उन्होंने प्रार्थना कीः परमपिता, उन्हें क्षमा कर दें, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं। आन्तरिक शिष्टाचार, भीतरी हार्दिक शालीनता और निरन्तर सद्भावना, सभी प्रकार के बुरे व्यवहार के लिए उचित रामबाण औषधियाँ हैं। अधिकांश समय, लोग अपने ही दृष्टिकोण से बात एवं कार्य करते हैं। वे कभी-कभार ही दूसरे व्यक्ति के पक्ष को देखते हैं, या देखने का प्रयास भी करते हैं। यदि, समझ की कमी के कारण, आप किसी के साथ झगड़ा शुरू करते हैं, तो याद रखें कि आपमें से प्रत्येक उतना ही दोषी है, जितना कि दूसरा, चाहे झगड़ा किसी ने भी शुरू किया हो। मूर्ख वाद-विवाद करते हैं, बुद्धिमान विचार-विमर्श करते हैं। शान्त भाव का अर्थ यह नहीं है कि आप सदा मुस्कुराते रहें और हर किसी से सहमत होते रहें, चाहे वे कुछ भी कहें- कि आप सत्य का सम्मान करते हैं परन्तु उससे किसी को नाराज नहीं करना चाहते। यह तो पराकाष्ठा होगी। जो इस प्रकार अपने अच्छे स्वभाव के लिए, दूसरों से प्रशंसा बटोरने की इच्छा के साथ, हर किसी को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं, उनका भावनाओं पर अनिवार्य रूप से नियन्त्रण नहीं होता।...

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




**आज का दोहा**

**युद्ध अदेखे चल रहे, दिखें नहीं हथियार।**
**चांदमारियां इस तरह, खेल रहा संसार।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

अलग बात

## धीमी न्यायिक प्रक्रिया के विकल्प पर सोचना होगा



उमेश चतुर्वेदी

उलेमा बनाम उत्तरी दिल्ली मामले पर सुनवाई के दौरान जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां की थीं, इस मामले पर आए फैसले का अंदेशा उनसे हो गया था। सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन इसके लिए मानक प्रक्रिया बनाकर राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के हाथ जरूर बांध दिए हैं। जैसा कि हर फैसले के साथ होता है, हर पक्ष अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहा है। बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है। बरसों तक धीमी गति से चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया का एक संदेश यह है कि ताकतवर चाहे तो अपराध करने के बावजूद प्रक्रिया की घुमावदार गलियों में न्यायिक फैसले को टाल सकता है। यह टालना इतना लंबा हो जाता है कि एक तरह से वह न्याय से इनकार हो जाता है। देर है पर अंधेर नहीं की सोच भी उबाऊ और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के सामने धुंधली होते-होते समाप्त हो जाती है। इसी घुमावदार और लंबी-धीमी न्यायिक प्रक्रिया का विकल्प बनकर बुलडोजर न्याय उभरा था। राज्य सरकारों ने इसे त्वरित न्याय के साधन के तौर पर अपनाया और देखत ही देखते अपराधमुक्त समाज की चाहत रखने वालों की चहेती बन बैठीं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई की मानक प्रक्रिया बनाते हुए त्वरित न्याय के विकल्प या न्यायिक प्रक्रिया की घुमावदार गलियों को पूरी तरह नजरंदाज किया है। यही वजह है कि इस फैसले के बाद अपराधियों, गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों के उभार को लेकर समाज का एक बड़ा वर्ग सशंकित हो उठा है। देश की सबसे बड़ी अदालत होने के चलते सुप्रीम कोर्ट को इस सामाजिक सोच का भी संज्ञान लेना चाहिए और उसे भी आश्वस्त करना चाहिए कि उसके फैसले के बावजूद किसी गैंगस्टर, कोई अपराधी या समाज विरोधी तत्व को कमजोर तबके की जमीनों या सार्वजनिक संपत्तियों के अतिक्रमण का हक नहीं मिल जाता। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उत्तरी दिल्ली के एक मामले में दिया है। अप्रैल 2022 में दिल्ली के जहांगीर पुरी में रामनवमी के दिन



निकले जुलूस पर एक मस्जिद और उस इलाके से जुलूस पर हुए पथराव और उससे उपजी हिंसा के जवाब में दिल्ली नगर निगम ने अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई को सांप्रदायिक कार्रवाई का रंग देते हुए सेकुलर धारा के दिग्गज वकीलों मसलन कपिल सिब्बल आदि ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। भले ही सुनवाई इसी मामले की होती रही, लेकिन संदेश ऐसा गया मानो उत्तर प्रदेश की सरकार की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई हो रही है। इसकी वजह यह रही कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने त्वरित न्याय के विकल्प के रूप में इसे अपनाया। तब उत्तर प्रदेश सरकार को लेकर यह छवि बनाई गई कि वह सिर्फ अल्पसंख्यक यानी मुस्लिम तबकों के खिलाफ ही बुलडोजर कार्रवाई करती है। जबकि योगी सरकार ने बिरादरी से ब्राह्मण लेकिन कर्म से माफिया और गैंगस्टर विकास दुबे के खिलाफ भी इस कार्रवाई को किया। भदोही के बिरादरी से पंडित गैंगस्टर और राजनेता विजय मिश्रा की अतिक्रमित संपत्तियां भी उत्तर प्रदेश सरकार के निशाने पर रहीं। लेकिन प्रचारित सिर्फ अतीक, मुख्तार जैसे मुस्लिम दबंगों और माफियाओं की संपत्तियों के खिलाफ हुई कार्रवाई ही की जाती रहीं। इस बहाने त्वरित न्याय के इस सरकारी विकल्प को हिंदुत्ववादी राजनीतिक दर्शन का ना सिर्फ नतीजा बताया गया, बल्कि यह नैरेटिव स्थापित कर दिया गया। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आम लोगों के बीच संदेश यही गया है कि यह उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आया फैसला है। बुलडोजर कार्रवाई को लेकर प्रचारित सिर्फ योगी सरकार रही, लेकिन अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आंध्र, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि सरकारों ने भी की है। एक आंकड़े के मुताबिक, पिछले सात सालों में करीब 2000 अवैध अतिक्रमण बुलडोजर कार्रवाई में ढहाए गए। जिनमें सबसे ज्यादा करीब डेढ़ हजार मामले उत्तर प्रदेश के ही रहे। लेकिन उत्तर प्रदेश में इस कार्रवाई से खाली कराई गई जमीनों को कमजोर तबकों में बांटा भी गया है। करीब सात सौ ऐसे प्लॉट बांटे जा चुके हैं। इसकी चर्चा कम हो रही है। निश्चित तौर पर इससे किसी को इनकार नहीं होगा कि किसी अपराधी के अपराध की कीमत उसका पूरा परिवार अपना घर गवांकर क्यों चुकाए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# संगम की स्वच्छता की पहरेदारी कर रहे प्रयागराज के 500 गंगा प्रहरी


एजेंसी। प्रयागराज




प्रयागराज में गंगा और यमुना का संगम सिर्फ दो नदियों का नहीं बल्कि सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का भी संगम है। हर साल देश और विदेश से आने वाले लाखों करोड़ों लोग यहां के स्वच्छ और निर्मल जल में आस्था की डुबकी लगाकर सनातन परंपरा का निर्वहन करते हैं। तीर्थों के तीर्थ संगम के प्रति लोगों की यह आस्था यूं ही बनी रहे, इसके लिए 500 गंगा प्रहरी दिन-रात दोनों नदियों की स्वच्छता और निर्मलता को बनाए रखने में जुटे हुए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब करोड़ों लोग संगम में पवित्र स्नान करेंगे तब भी यही गंगा प्रहरी नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए पहरेदार बनकर खड़े रहेंगे। योगी सरकार इन्हें ट्रेनिंग के साथ ही रोजगार से जोड़कर प्रोत्साहित कर रही है। प्रयागराज में छोटे बड़े करीब 25 घाट हैं। महाकुंभ के दौरान इन सभी घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ने वाला है। ऐसे में घाटों के साथ साथ गंगा और यमुना नदी की स्वच्छता को बनाए रखना एक चुनौती होगी। हालांकि, प्रत्येक घाट पर तैनात गंगा प्रहरी इसको लेकर आश्वस्त हैं। वह निरंतर नदियों और घाटों की सफाई में जुट हुए हैं और साथ ही श्रद्धालुओं को भी नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं। प्रत्येक घाट पर 15 से 20 गंगा प्रहरी गंगा और यमुना दोनों ही नदियों की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। महाकुंभ के दौरान यह शिफ्ट में काम करेंगे। वहीं, पूरे देश से चुनिंदा 200 से अधिक गंगा प्रहरी यहां बुलाए जा रहे हैं, ताकि गंगा और यमुना की स्वच्छता बनाए रखने में जनशक्ति की कमी न हो। प्रयागराज में ह्यनमामि गंगे परियोजना के तहत वन्य जीव संस्थान के माध्यम से ये गंगा प्रहरी लगातार नदियों और घाटों की स्वच्छता के साथ साथ जलीय जीवों के संरक्षण में जुटे हुए हैं। जलज योजना में असिस्टेंट कॉर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे चंद्रा कुमार निषाद के अनुसार, गंगा और यमुना नदियों में लाखों लोग डुबकी लगाते हैं, लेकिन यदि जल स्वच्छ न हो तो उनकी आस्था को ठेस पहुंचती है। हमारी टीम दिन रात घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाती है। घाट के साथ साथ नदी में जो अपशिष्ट पदार्थ होते हैं उन्हें भी जाल के माध्यम से निकालकर नदी को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जाता है। इसके अतिरिक्त हम श्रद्धालुओं को भी जागरूक करते हैं कि वो घाट और नदी दोनों ही जगह स्वच्छता का ध्यान रखें। इसमें कूड़ा या फूल माला न फेंकें। इसके बावजूद जो लोग फूल या अन्य गंदगी फेंकते हैं तो हम तुरान जाल और अन्य इक्विपमेंट से उठा लेते हैं। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार नदियों की स्वच्छता पर अच्छा काम कर रही है। नमामि गंगे परियोजना के तहत जो सबसे अच्छा काम हुआ है वो यह की नदियों की सुरक्षा और स्वच्छता की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों को दे दी गई है। जिन लोगों की आय का प्रमुख स्रोत जलीय जीवों का शिकार था, वही अब उनके रक्षक बन गए हैं। इसकी वजह से नदी में कछुओं, डॉल्फिन, मछलियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

# हमारे पास काम करने के लिए है बहुत समय : फारूक अब्दुल्ला

एजेंसी। श्रीनगर



नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, अभी जम्मू-कश्मीर में हमारी सरकार बने महज एक महीने ही हुआ है। अब तक जो भी काम हुआ है, वो शानदार हुआ है। हमने घोषणा पत्र में कई काम करने के वादे किए हैं। अभी हमारे पास बहुत समय है। अभी हमारे पास पांच साल का समय है। हम सभी वादों को पूरा करेंगे। हम अपने वादों को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। वहीं, महबूबा मुफ्ती के इस बयान पर कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को अनुच्छेद 370 को लेकर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। इस पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि महबूबा मुफ्ती को इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए। हमें जिस रास्ते पर चलना चाहिए, हम चल रहे हैं। हम अपने मेनिफेस्टो में अपने सभी वादों को लेकर अपना मत स्पष्ट कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा मुझे इस विषय पर कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, छोटी मीटिंग में उमर अब्दुल्ला के शामिल नहीं होने पर अपनी बात रखते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अभी एक महीना ही सरकार बने हुआ है। अभी वो दूसरी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त हैं, थोड़ा समय दीजिए, कुछ दिनों बाद वो भी आपको इस तरह की बैठकों में शामिल होते हुए दिखेंगे। जिस तरह से मुस्लिमों का अपना धार्मिक ढांचा है, ठीक उसी तरह से हिंदुओं का भी होना चाहिए।

# मंत्री कैलाश गहलोत ने दिया आम आदमी पार्टी और सरकार से इस्तीफा

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने राजधानी में चुनाव से 3 महीने पहले पार्टी और सरकार दोनों से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि पार्टी और सरकार अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है और दिल्ली की जनता के बजाय राजनीतिक एजेंडा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कैलाश गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को केवल दो लाइनों में उन्होंने इस्तीफा लिखा है, लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे इस्तीफे में उन्होंने विस्तार से इसके पीछे के कारणों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लोगों के प्रति प्रतिबद्धता का स्थान ले लिया है। इसी के चलते जनता को किए गए कई वादे अधूरे हैं। इस संदर्भ में उन्होंने दिल्ली में यमुना की सफाई के वादे का उल्लेख किया। अपने पत्र में गहलोत ने मुख्यमंत्री आवास पर करोड़ों का खर्च कर हुए निर्माण कार्य से जुड़े विवाद 'शीश महल' का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे बहुत से लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है कि क्या हम अब भी आम आदमी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के बजाय हम राजनीतिक एजेंडा के लिए ज्यादा लड़ाई लड़ रहे हैं। यह स्वाभाविक है कि दिल्ली की जनता की वास्तविक भलाई केंद्र सरकार से लगातार लड़ते रहने से हासिल नहीं होगी। अपने पत्र के अंत में उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा दिल्ली की जनता की सेवा से शुरू हुई थी और वह आगे भी जारी रहेगी।

## भाजपा के पास मुद्दा नहीं, ईडी-सीबीआई पर लड़ रही चुनाव : दुर्गेश

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी का कहना है कि वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत के इस्तीफे से एक बार फिर साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी के पास दिल्ली की जनता को देने के लिए कुछ नहीं है और वह केवल ईडी-सीबीआई के भरोसे चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने रविवार को एक पत्रकार वार्ता में मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहे, हालांकि उन्होंने इस विषय पर कुछ नहीं कहा। दुर्गेश पाठक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से हम लगातार देख रहे थे कि कैलाश गहलोत पर इनकम टैक्स और ईडी के छापे पड़ रहे थे। भाजपा ने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया है। दूसरी ओर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि कैलाश गहलोत के इस्तीफे से साफ है कि जिन मुद्दों पर भाजपा लड़ रही है उनको लेकर आम आदमी पार्टी के अंदर भी असंतोष है। सचदेवा ने कहा कि कैलाश गहलोत ने अपने इस्तीफे में यमुना की सफाई और शीश महल जैसे मुद्दे उठाए हैं। इन्हीं मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी लगातार सरकार को घेर रही है।

## मणिपुर की स्थिति का जायजा लेने आयेंगे सीआरपीएफ प्रमुख

**इंफाल।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह बढ़ती अशांति को देखते हुए मणिपुर का दौरा करने वाले हैं। वह अपने मणिपुर दौरे पर स्थिति का जायजा लेने के बाद राज्य में तैनात सीआरपीएफ को आवश्यक निर्देश देंगे। जिरीबाम जिले में 16 नवंबर को आतंकवादियों के हाथों अपहृत लोगों में से छह शवों की बरामदगी के बाद राजधानी इंफाल में बीती रात गुस्साई भीड़ छगलबंद के विधायक सापम कुजाकेश्वर, पाटसोई के विधायक सापम निशिकांत और मंत्री डॉ. एसपीएएम रंजन सिंह और कई अन्य विधायकों के घरों पर हमले का प्रयास किया।

# कांग्रेस ने कभी भी देश को महत्व नहीं दिया : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी। मुंबई



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने रविवार को कोल्हापुर की चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस ने कभी भी देश को महत्वपूर्ण नहीं समझा। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की विभाजन नीति का ही परिणाम है कि देश का विभाजन हो गया। कांग्रेस के कालखंड में आतंकवाद बढ़ा, लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसी ने भी देश की ओर टेढ़ी नजर से नहीं देखा। ये नया भारत है, कोई छेड़ेगा तो उसे छोडेंगे नहीं। योगी आदित्यनाथ आज कोल्हापुर जिले में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्य नाथ ने कहा कि ये चुनाव न सिर्फ सत्ता के लिए, बल्कि महाराष्ट्र और देश के लिए भी अहम है। एक तरफ एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ नैतिकता से रहित गठबंधन है। महाविकास अघाड़ी में नूरा कुश्ती चल रही है। पवार और ठाकरे के बीच लड़ाई चल रही है और वे खुद को और देश को खतरे में डाल देंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश को धमकाने का रहा है। अगर कांग्रेस न होती तो ये देश कभी न टूटता। अगर देश न टूटा होता तो आज पाकिस्तान न होता। उन्होंने कहा कि कल प्रियंका वाड्रा आई थीं तो उन्होंने विकास के बारे में कुछ नहीं कहा होगा, वह सिर्फ तोड़ने की बात करने आई थीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर बाला साहेब ठाकरे होते तो क्या वे कांग्रेस के साथ गठबंधन करते? लेकिन उद्धव ठाकरे ने बाला साहेब के मूल्यों को किनारे रखकर कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया।

# राहुल गांधी ने जीवन में एक भी अच्छा काम नहीं किया : दिलीप जायसवाल

एजेंसी। पटना



बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे, बक्सर में धर्म परिवर्तन की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी पर पूछे गए सवाल के जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि राहुल गांधी क्या कहते हैं और क्या करते हैं, यह पूरा देश जानता है, लेकिन उन्हें इसका अहसास नहीं है। उम्र के हिसाब से राहुल गांधी का दिमाग जितना विकसित होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है। उनका दिमाग कमजोर लगता है। यही वजह है कि उनकी पार्टी के लोग भी उन्हें पप्पू कहते हैं। हम ऐसे व्यक्ति की बातों पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, जिसने जीवन में कभी एक भी अच्छा काम नहीं किया। शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि उद्धव ठाकरे जब तक भारतीय जनता पार्टी के साथ थे, तब तक वे इस गठबंधन में रहकर बहुत खुश थे।

## प्रधानमंत्री ने बालासाहेब ठाकरे को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बालासाहेब ठाकरे को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बालासाहेब को एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया, जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तीकरण के लिए काम किया। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं महान बालासाहेब ठाकरे को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तीकरण के लिए काम किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# जिन्होंने चुनाव टाले, वो निश्चित हारेंगे : अखिलेश यादव

एजेंसी। अयोध्या



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या में कहा कि जिन्होंने चुनाव टाले हैं वे हारेंगे। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को उपचुनाव हारने का एहसास हो गया था, इसी कारण चुनाव टाल दिए गए। सपा नेता ने कहा कि 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाले थे। बाहर रहने वाले लोग त्योहारों पर छुट्टी पर घर आए थे। उन्होंने मन बना लिया था कि 13 नवंबर को भाजपा को हराकर वापस काम पर जाएंगे। इस बात की भनक भाजपा को लग गई थी। इसलिए चुनाव 13 से 20 नवंबर को टाल दिए। जो टालेंगे वो चुनाव हारेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बुनियादी सवाल वही है। आज भी खाद नहीं है, डीएपी नहीं है। वे किसानों के धान की कीमत नहीं दे पाए। अगली फसल की कोई तैयारी नहीं है। बिजली महंगी है। नौकरी, रोजगार के लिए लोगों को धरने पर बैठना पड़ रहा है। जो लोग ह्यवन नेशन, वन इलेक्शनह्न, का दावा करते हैं, वे परीक्षा नहीं करा पा रहे हैं। इन्होंने रिकॉर्ड परीक्षा कराने का दावा किया था। रिकॉर्ड परीक्षाओं में 30 प्रतिशत बच्चों की परीक्षा छूट गई थी। ये वही लोग हैं जो परीक्षा टालते हैं। अखिलेश यादव ने झांसी की घटना पर कहा कि ये दुखद है कि इस तरह की घटना आज के समय पर हो रही है।

# नालंदा मेडिकल कॉलेज की घटना पूरे बिहार के लिए बेहद शर्मनाक : मृत्युंजय

एजेंसी। पटना



आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने नालंदा मेडिकल कॉलेज में हुई घटना को शर्मनाक बताया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन की दलील को बेतुका करार दिया। नालंदा मेडिकल कॉलेज घटना पर आरजेडी प्रवक्ता ने कहा है कि ये पूरे बिहार के लिए बेहद शर्मनाक है। इसमें मानव तस्करी के आरोप शामिल हैं। पीड़ित परिवार का दावा है कि मौत के बाद आंख निकाल ली गई, जबकि प्रशासन बेतुके ढंग से कह रहा है कि चूहे इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं - ठीक वैसे ही जैसे पहले दावा किया गया था कि चूहे शराब पी गए। इस तरह तो ये तथाकथित चूहे सरकार भी गिरा सकते हैं। यह किस तरह का शासन है? बिहार में आखिर हो क्या रहा है? उन्होंने अराजकता का आरोप लगाते हुए आगे कहा, बिहार में अराजकता की स्थिति है। कोई कुछ भी बोल रहा है। जिंदा लोगों की तो छोड़िए जो मृत लोग हैं उनके साथ ऐसा किया जा रहा है। इससे बड़ा संवेदनहीनता का मामला कुछ हो नहीं सकता है। बिहार की सरकार के लिए ये शर्म की बात है। अगर सरकार के अंदर थोड़ी भी शर्म बची है तो इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। महाराष्ट्र के अमरावती में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बाइडेन से पीएम मोदी की तुलना की है।

# गृहमंत्री की विदर्भ की सभी रैलियां रद्द, दिल्ली रवाना हुए

एजेंसी। नागपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की महाराष्ट्र में रविवार को प्रस्तावित 4 चुनावी रैलियां अचानक रद्द कर दी गईं। इन रैलियों के लिए अमित शाह शनिवार शाम को नागपुर पहुंचे थे। अचानक किन्हीं कारणों से सुबह रैलियां रद्द होने के बाद अमित शाह तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की विदर्भ के वर्धा, सावनेर, काटोल और गढ़चिरौली में रविवार को कुल 4 चुनावी सभाएं होने वाली थीं। उन्होंने अहम पदाधिकारियों और भाजपा के बड़े नेताओं से चर्चा की। इसके बाद स्थानीय संपादकों के साथ अमित शाह की मुलाकात हुई। अमित शाह के जल्दबाजी में दिल्ली जाने की वजह को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि मणिपुर में दोबारा भड़की हिंसा के चलते अमित शाह को दिल्ली लौटना पड़ा है।

# मूली बेचकर मालामाल हो रहे नूंह के किसान तीन महीने में हो जाती है 50 हजार की कमाई

एजेंसी। नूंह



नूंह में मूली की फसल से किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। नूंह के मरोड़ा और खानपुर गांव के किसान मूली की फसल से मालामाल हो रहे हैं। किसान कई फसलें लगाकर कम समय में अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। दरअसल, मरोड़ा गांव दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से सटा हुआ है। यहां के किसान बीते कई सालों से मूली की खेती कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि तीन महीने के अंदर किसान लगभग 50 हजार रुपये कमाते हैं, जिससे उनका जीवन सुधर रहा है। किसान यासीर ने बताया कि यहां मूली की खेती लंबे समय से की जा रही है और इसकी डिमांड भी बहुत अधिक है। ठंड के समय यहां मूली की खेती की जाती है और इसका कारोबार कर रोजाना 500 से एक हजार रुपये कमाया जाता है। ग्रामीण मुश्ताक ने कहा कि मूली की खेती कई एकड़ में होती है। यहां की मूली की मांग अधिक होने की वजह से अधिकतर लोग इसकी खेती करते हैं। ग्राहक अजहरुद्दीन ने बताया कि मूली तो पूरे जिले में मिलती है, लेकिन मरोड़ा की मूली की डिमांड अधिक होती है। यहां की मूली स्वादिष्ट होती है, इसलिए यहीं से ही मूली खरीदी जाती है। पिछले 50 सालों से यहां मूली की खेती की जा रही है। ग्राहक जफरुद्दीन ने कहा कि मरोड़ा गांव की मूली में स्वाद होता है और इसी की वजह से इसकी डिमांड अधिक है। मैं पिछले 10 सालों से इसी गांव से ही मूली खरीद रहा हूं। नूंह के किसान मूली के अलावा ज्वार-बाजरे की फसल भी करते हैं। इसकी कटाई के बाद ही वह खेत में मूली की फसल लगाते हैं और इसके बाद गेहूं की बुवाई करते हैं।

## राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की जिम्मेदार दिल्ली सरकार : हर्ष मल्होत्रा



**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के कारण आम लोगों को सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हर्ष मल्होत्रा ने इसके लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि अगर आज दिल्ली में प्रदूषण का कहर अपने चरम पर है, तो सीधे तौर पर इसका जिम्मेदार कोई और नहीं, बल्कि दिल्ली सरकार है। अब तक जो कदम प्रदूषण को रोकने के लिए इस सरकार द्वारा उठाए जाने चाहिए थे, वो नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार ने पिछले 10 सालों में प्रदूषण को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। यहां तक की एक हजार करोड़ रुपए जो प्रदूषण की रोकथाम के लिए सेस के रूप में खर्च किए जाने थे, उसे कहां खर्च किया, इस बारे में भी दिल्ली सरकार ने अब तक कोई विशेष जानकारी नहीं दी है।

## माधवराव सिंधिया हमारे वरिष्ठ नेता थे, कांग्रेस उनका अपमान नहीं सहेगी : जीतू पटवारी



**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी में दिवंगत नेता माधवराव सिंधिया की मूर्ति को फंदा डालकर स्थानांतरित करने के मामले में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस पार्टी की ओर से इस घटना की कड़ी निंदा की गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को कहा कि माधवराव सिंधिया हमारे वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने हमेशा देश की सेवा की। हम इस घटना की पूरी तरह निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा सिंधिया परिवार से नफरत की है और इस घटना से यह और स्पष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी शिवराज सिंह चौहान के शासन में सिंधिया परिवार के साथ क्या हुआ था, वह जग जाहिर है। यह बात अलग है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया आज भाजपा में हैं।

## माधवराव सिंधिया की प्रतिमा फंदा डालकर किया गया शिफ्ट , चार इंजीनियर निलंबित

**कटनी।** दिवंगत नेता माधवराव सिंधिया की प्रतिमा को आपत्तिजनक तरीके से स्थानांतरित करने के मामले पर विवाद हो गया है। यह मामला प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंच गया है। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 30 के कटनी बाईपास मार्ग पर चारलेन करने के लिए चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत चाका बायपास में स्थापित माधवराव सिंधिया की प्रतिमा को स्थानांतरित किया गया। जानकारी के अनुसार, प्रतिमा के गले में फंदा डालकर उसको स्थानांतरित किया गया, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। इसके बाद सीएम मोहन यादव ने मामले का संज्ञान लिया। इस मामले में निर्माण कार्य एजेंसी के जिम्मेदार सीनियर इंजीनियर मनोज वर्मा एवं इंजीनियर आशीष सिंह परिहार तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्राधिकरण अभियंता के जिम्मेदार टीम लीडर राजेश कुमार नेमा एवं सहायक ब्रिज इंजीनियर दीपक सोनी को निलंबित कर दिया है।

## महाराष्ट्र में एक बार फिर बनेगी महायुति की सरकार : ललन सिंह



**मुंबई ।** जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने महाविकास आघाडी पर जमकर निशान साधा है। कांदिवली पूर्व विधानसभा के महायुति उम्मीदवार अतुल भास्कर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने कहा कि जिस तरह से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जीत मिली थी, ठीक उसी तरह महाराष्ट्र में एक बार फिर से महायुति की सरकार बनने जा रही है।

## जीएसएल 2024 : गुडाकेश मोती गुयाना अमेजन वॉरियर्स टीम में शामिल हुए



**जॉर्ज टाउन (गुयाना)(हि.स.)।** स्पिन गेंदबाज गुडाकेश मोती एक्सॉनमोबिल गुयाना ग्लोबल सुपर लीग (जीएसएल) 2024 के लिए गुयाना अमेजन वॉरियर्स टीम का हिस्सा होंगे। 2021 में फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण करने के बाद से ही मोती अमेजन वॉरियर्स के लिए एक अहम खिलाड़ी रहे हैं। वह 2023 में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और 2024 सीपीएल फाइनल में अमेजन वॉरियर्स के लिए खेले थे। मोती सीपीएल 2024 के दौरान वॉरियर्स के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने सिर्फ 18.64 की औसत से 17 विकेट चटकाए थे। वह गुयाना के अपने साथी खिलाड़ियों शिमरोन हेटमायर, रोमारियो शेफर्ड और कीमो पॉल के साथ मिलकर वॉरियर्स की मजबूत टीम में शामिल हो गए हैं। ग्लोबल सुपर लीग 26 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें अमेजन वॉरियर्स का मुकाबला हैम्पशायर हॉक्स, लाहौर कलंदर्स, रंगपुर राइडर्स और विक्टोरिया से होगा।

## विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया की चुनौती के लिए तैयार इक्वाडोर : बेकासे



**गुआयाकिल,(आईएएनएस)।** इक्वाडोर के मैनेजर सेबेस्टियन बेकासे ने कहा है कि उनकी टीम मंगलवार को विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया के साथ होने वाले मैच में उन्हें बराबरी की टक्कर देगी। इक्वाडोर वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में 11 मैचों में 16 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है, जो तीसरे स्थान पर मौजूद कोलंबिया से तीन अंक पीछे है। कोलंबिया के बंदरगाह शहर बैरेंक्विला में मंगलवार को होने वाला मुकाबला दोनों टीमों को डायरेक्ट क्वालीफाई करने का मौका देगा। बेकासे ने संवाददाताओं से कहा, यह एक अच्छी चुनौती होगी। हम अच्छी तरह से तैयार होंगे और एक ऐसी टीम के खिलाफ बराबरी की प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे जो बहुत अच्छा खेल रही है। अगस्त में इक्वाडोर के मैनेजर के रूप में स्पेन के फेलिक्स सांचेज की जगह लेने वाले अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने बताया कि कोलंबिया में कुछ कमजोरियां हैं। बेकासे ने कहा, उनके पास फॉर्म में चल रहे फॉरवर्ड और विंगर हैं, जो आक्रमण करते समय खतरनाक साबित होते हैं। डिफेंस में उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो शारीरिक रूप से मजबूत हैं और तकनीकी रूप से भी बहुत मजबूत हैं।

## राफेल के लिए ट्रॉफी जीतना मेरे सबसे बड़ी प्रेरणा है : कार्लोस अल्काराज



मलागा (स्पेन), 17 नवंबर (आईएएनएस)। कार्लोस अल्कराज ने कहा है कि राफेल नडाल के लिए डेविस कप जीतना उनके लिए 'बहुत बड़ी प्रेरणा' है और वह राफा के फेयरवेल मैच में उनके साथ होने को लेकर उत्साहित हैं। नडाल ने पुष्टि की है कि डेविस कप उनके शानदार करियर का अंतिम टूनामेंट होगा और अल्कराज स्पेन के महानतम खेल आइकनों में से एक को शानदार फेयरवेल मैच देने के लिए बेताब हैं। अल्कराज ने डेविस कप फाइनल 8 मैच के लिए स्पेनिश टीम में शामिल होने के लिए मलागा में उतरने पर कहा, यह शायद मेरे करियर का सबसे खास टूनामेंट है, क्योंकि जो हो रहा है, वह बहुत बड़ी चीज है। डेविस कप हमेशा से एक ऐसा टूनामेंट रहा है जिसे मैं एक दिन जीतना चाहता हूं। मैं स्पेन का प्रतिनिधित्व करने के लिए जुनूनी हूं। मैंने कई बार कहा है यह दुनिया की सबसे बड़ी चीजों में से एक है और किसी भी क्षेत्र में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना खास है। राफा का मेरे साथ होना, यह जानते हुए कि यह उसका आखिरी टूनामेंट है, इसे और भी खास बना देगा। उन्होंने कहा, मैं टीम के लिए हर संभव तरीके से योगदान देने और मदद करने की कोशिश करूंगा। अपने लिए, स्पेन के लिए और खास तौर पर राफा के लिए। कोई भी खिलाड़ी अपने अविश्वसनीय करियर को खिताब के साथ खत्म करने के लिए

# भारतीय टीम आज मैत्री फुटबॉल मैच में मलेशिया से भिड़ेगी

### साल की पहली जीत की तलाश

### इस साल 10 मैच खेले हैं जिनमें से छह में उसे हार का सामना करना पड़ा है



**गाचीबावली (हि.स.)।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम मुख्य कोच मनोलो मार्केज के नेतृत्व में सोमवार को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में चिर प्रतिद्वंदी मलेशिया के खिलाफ खेलने उतरेगी। यह मैच हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में होगा। भारतीय टीम इस मैच के जरिए साल की पहली जीत तलाश रही है। ऐसे में भारतीय टीम के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। मुख्य कोच मनोलो मार्केज के लिए भी यह अहम मैच होगा। जुलाई में इगोर स्टिमैक की जगह मनोलो मार्केज को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। इसके बाद टीम ने उनकी कोचिंग में तीन मैच खेले हैं, जिनमें से एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे हैं। ओवरऑल भारतीय टीम ने इस साल 10 मैच खेले हैं, जिनमें से छह में उसे हार का सामना करना पड़ा है और चार मैच ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम ने 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अपना पिछला मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला था।

भारत और मलेशिया की फुटबॉल प्रतिद्वंद्विता काफी पुरानी है। 1957 में कुआलालंपुर में एक दोस्ताना मैच में दोनों टीमें पहली बार आपस में भिड़ी थीं। भारत ने वह मैच 3-0 से जीता था। दोनों टीम अब तक 32 बार आपस में खेल चुकी हैं। भारत और मलेशिया ने अब तक 12-12 मैच जीते हैं, जबकि आठ मैच ड्रॉ रहे हैं। मौजूदा फीफा रैंकिंग में भी अधिक अंतर नहीं है। भारत 125वें और मलेशिया 133वें स्थान पर है।

## साइबरपीस कैफे में झारखंड ईस्पोर्ट्स लीग 2.0 का शानदार आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन गेमिंग की लोकप्रियता को नए आयाम पर पहुंचाते हुए, झारखंड ईस्पोर्ट्स लीग 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन रांची के लेवल 7-साइबरपीस कैफे में हुआ, जो रिलायंस ट्रेंड्स, नॉर्थ ऑफिस पारा के पास स्थित है।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो आयोजन की गरिमा को और बढ़ा गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को विशेष उपहार और आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। यह आयोजन ना केवल प्रतिस्पर्धा का मंच था, बल्कि खिलाड़ियों को ईस्पोर्ट्स के क्षेत्र में करियर बनाने और नई संभावनाओं को तलाशने का अवसर भी प्रदान करता है।

| विजेताओं की सूचीः- | फ्री फायर एरिना: |
|---|---|
| प्रथम स्थानः सत्यजीत कच्छप | प्रथम स्थानः आकाश गुप्ता |
| दूसरा स्थानः अभिजीत | दूसरा स्थानः अर्जीत सिंह |
| तीसरा स्थानः शुभम केशरी | तीसरा स्थानः पियूष चौबे |

## बालक-बालिका का कबड्डी प्रशिक्षण शुरू



**रांची।** रांची जिला कबड्डी संघ द्वारा जयपाल सिंह स्टेडियम में कबड्डी ग्राउंड का भूमि पूजन किया गया । साथ ही साथ आज से ही कबड्डी ग्राउंड में अभ्यास शुरू कर दी गई है । जयपाल सिंह में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक अभ्यास होगा । संघ द्वारा सीनियर प्रशिक्षक सम्मी सुमार सिंह एवं दिव्यांस कुमार को अभ्यास कराने का दायित्व सौंपा गया है। यह भी विदित हो कि यहाँ पर सभी वर्गों बालक बालिका का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जाएगा । इस मौके पर राज्य संघ के सचिव संजय झा गोविंद झा तपन राउत किक बॉक्सिंग संघ के प्रशिक्षक दीपक बर्मा छोटू तिर्की सुनील कच्छप उमेश दास बिक्की बर्मा प्रदीप तिर्की हरीश कुमार शिवसागर सम्मी सिंह दिव्यांस कुमार एवं अन्य संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विराट के समर्थन में जॉनसन ने कहा,

## 'मैं उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एक और टेस्ट शतक बनाते देखना चाहूंगा'



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने का बहुत अधिक दबाव है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने किंग कोहली का समर्थन किया है। मिचेल जॉनसन ने कहा कि वह सोच में है कि क्या मौजूदा स्थिति विराट कोहली को 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के लिए शीर्ष स्कोरर बनने के लिए जरूरी दृढ़ संकल्प देगी। कोहली ने इस साल छह टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनका औसत 22.72 का रहा है। यह उनके ओवरऑल टेस्ट औसत और ऑस्ट्रेलिया में उनके टेस्ट औसत से काफी कम है। दिग्गज बल्लेबाज का टेस्ट मैचों में करियर औसत 47.83 है। ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले चार दौरों में उन्होंने 54.08 की औसत से रन बनाए। लेकिन इस बार न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन कहीं न कहीं उनके दिमाग में रहेगा। कीवी टीम के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारत 3-0 से हार गया था जिसमें विराट का कुल योगदान महज 91 रन का रहा। जॉनसन ने 'द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में अपने कॉलम में रविवार को लिखा, उनका फॉर्म हाल के दिनों में बहुत अच्छा नहीं रहा है।

## घरेलू मैदान पर टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी करना अब अधिक चुनौतीपूर्ण : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगाज से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के शीर्ष बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी करना अब अधिक चुनौतीपूर्ण है। भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि घरेलू मैदान पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। उन्होंने पिचों की बदलती प्रकृति का हवाला दिया।

2020/21 में चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने के बाद टेस्ट में बल्लेबाजी औसत 37.0 से घटकर 28.8 हो गया है। इसके अलावा, 2020/21 सीरीज तक ऑस्ट्रेलिया में प्रति विकेट औसत गेंदें 66.6 थीं और उसके बाद यह भी घटकर 52 हो गई हैं। भारत की यादगार श्रृंखला जीत से पहले ऑस्ट्रेलिया में प्रति टेस्ट औसत ओवर 347.1 था, और तब से यह घटकर 279.4 हो गया है।

स्मिथ ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से बात करते हुए अपना आकलन दिया, रविकेट भी शायद तब बेहतर थे, इसलिए आपको आउट करने के लिए अच्छी गेंदें कम थीं। इसमें से बहुत कुछ बल्लेबाजों की गलती थी और उस समय मुझे लगा कि मैं बहुत ज्यादा गलतियां नहीं कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैंने पहले टेस्ट से पहले कहा था, वे मुझे आउट नहीं कर पाएंगे और

## बीसीसीआई ने दिया बड़ा अपडेट : केएल राहुल पूरी तरह फिट



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत होने में अब कुछ दिन ही शेष हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल की चोट को लेकर अपडेट दिया है। बीसीसीआई ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मैच सिमुलेशन के पहले दिन कोहनी में चोट लगने के बाद केएल राहुल ठीक हो गए हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। वीडियो में टीम के फिजियोथेरेपिस्ट्स ने भी पुष्टि की कि राहुल मेडिकली पूरी तरह से फिट हैं। वहीं केएल राहुल ने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और पहले टेस्ट मैच के लिए तैयार हूं। केएल राहुल को पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के रिप्लेसमेंट का पहला दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि रोहित के पहले टेस्ट के दौरान उपलब्ध रहने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## शुभमन गिल हुए चोटिल



टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं। उनके पहले टेस्ट मैच से बाहर होने की संभावना है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय युवा बल्लेबाज शुभमन गिल बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। गिल टीम के सिमुलेशन ट्रेनिंग मैच के दूसरे दिन स्लिप में लो कैच लपकने के दौरान चोटिल हो गए थे। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक गिल की चोट पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### फोन मैन्युफैक्चरिंग में टाटा का और बढ़ेगा दबदबा

# पेगाट्रॉन की आईफोन फैक्ट्री में 60% हिस्सेदारी खरीदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा ग्रुप की कंपनी, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने ताइवान की कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी पेगाट्रॉन के भारत में स्थित एकमात्र आइफोन प्लांट में बहुमत हिस्सेदारी खरीदने पर सहमति जताई है। इस डील के तहत, दोनों कंपनियां आपस में मिलकर एक नया ज्वाइंट वेंचर बनाएगी, जिससे टाटा की ऐपल सप्लायर के रूप में स्थिति और मजबूत होगी।

रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पिछले सप्ताह आंतरिक रूप से घोषित इस डील के तहत, टाटा 60 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी और ज्वाइंट वेंचर के तहत दैनिक संचालन का जिम्मा संभालेगी, जबकि पेगाट्रॉन शेष हिस्सेदारी रखेगी और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी।

हालांकि सूत्रों ने इस डील की रकम का खुलासा नहीं किया। टाटा ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जबकि ऐपल और पेगाट्रॉन ने रविवार को रॉयटर्स के सवालों का जवाब नहीं दिया। रॉयटर्स ने अप्रैल में सबसे पहले खबर दी थी कि पेगाट्रॉन को ऐपल का समर्थन प्राप्त है और वह अपनी भारत में स्थित एकमात्र आइफोन फैक्ट्री टाटा को बेचने के लिए अंतिम दौर की बातचीत कर रही थी। यह ताइवान की कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी का ऐपल के साथ की गई पार्टनरशिप से अपने कदम पीछे खींचने की ताजा कवायद है।

चीन और अमेरिका के बीच भू-राजनीतिक तनाव के बीच ऐपल चीन से परे अपनी सप्लाई चेन में विविधता लाने पर विचार कर रहा है। भारत में टाटा के लिए, चेन्नई स्थित पेगाट्रॉन प्लांट उसके आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं को मजबूत करेगा।



### आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग में तेजी

टाटा भारत के सबसे बड़े कारोबारी घरानों में से एक है और आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से विस्तार कर रहा है। वह भारत में संचालित एकमात्र अन्य आईफोन कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर, फॉक्सकॉन को टक्कर दे रहा है। रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में पहले सूत्र के हवाले से बताया कि इस डील के समापन की घोषणा शुक्रवार को आईफोन प्लांट में आंतरिक रूप से की गई थी। वहीं, दूसरे सूत्र ने कहा कि दोनों कंपनियां आने वाले दिनों में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी हासिल करने के लिए आवेदन करने की योजना बना रही हैं।

## टॉप 10 कंपनियों में आठ की मिडकैप 1.65 लाख करोड़ रुपये घटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की टॉप 10 कंपनियों में आठ का कुल मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,65,180.04 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान निजी क्षेत्र की एचडीएफसी बैंक सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,906.01 अंक या 2.39 फीसदी की गिरावट आई। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे थे। एसबीआइ का मूल्यांकन 34,984.51 करोड़ रुपये घटकर 7,17,584.07 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 27,830.91 करोड़ रुपये घटकर 5,61,329.10 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 22,057.77 करोड़ रुपये घटकर 17,15,498.91 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई का बाजार पूंजीकरण भारती एयरटेल का 11,215.87 करोड़ रुपये घटकर 8,82,808.73 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 4,079.62 करोड़ रुपये घटकर 5,74,499.54 करोड़ रुपये और आईसीआईसी बैंक का मूल्यांकन 2,832.38 करोड़ रुपये घटकर 8,85,599.68 करोड़ रुपये रह गया।

### आम जनता को टमाटर की महंगाई से मिली राहत

## एक महीने में कीमतों में आई 22.4 प्रतिशत की गिरावट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देशभर में सप्लाई में सुधार के कारण टमाटर की खुदरा कीमतों में मासिक आधार पर 22.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, 14 नवंबर को टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 52.35 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जो 14 अक्टूबर को 67.50 रुपये प्रति किलोग्राम था।

इसी अवधि के दौरान, दिल्ली की आजादपुर मंडी में बढ़ती आवक के कारण मॉडल थोक मूल्य में लगभग 50 प्रतिशत की तीव्र गिरावट देखी गई, जो 5,883 रुपये प्रति क्विंटल से घटकर 2,969 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। मंत्रालय ने कहा कि पिंपलगांव (महाराष्ट्र), मदनपल्ले (आंध्र प्रदेश) और कोलार (कर्नाटक) जैसे प्रमुख बाजारों से भी इसी तरह की कीमत में सुधार की सूचना मिली। मंत्रालय ने कहा, हालांकि मदनपल्ले और कोलार के प्रमुख टमाटर केंद्रों पर आवक कम हो गई है, लेकिन महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात से मौसमी आपूर्ति के कारण कीमतों में कमी आई है, जिससे देश भर में आपूर्ति की कमी पूरी हो गई है। बयान में कहा गया है कि मौसम की अनुकूल स्थिति ने पैदावार और खेतों से उपभोक्ताओं तक आपूर्ति श्रृंखला के सुचारू संचालन, दोनों को समर्थन दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश का टमाटर उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 213.20 लाख टन होने का अनुमान है।



## सीएनजी वाहनों के बाजार में हुंडई की पकड़ मजबूत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) सीएनजी ईंधन विकल्प पर बड़ा दांव लगा रही है, क्योंकि देश के ग्रामीण और शहरी बाजारों में इस प्रौद्योगिकी से लैस मॉडलों की मांग बढ़ रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अदिकारी ने यह बात कही। कंपनी फिलहाल अपने तीन मॉडल- ग्रैंड आई10 एनआईओएस, ऑरा और एक्सटर में सीएनजी विकल्प देती है। कंपनी की घरेलू बिक्री में सीएनजी मॉडल की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023-24 में 11.4 प्रतिशत बढ़ी है, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 9.1 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में अब तक कंपनी की घरेलू बिक्री में सीएनजी मॉडल का योगदान बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गया है। इस अवधि के दौरान घरेलू बाजार में विभिन्न ईंधन विकल्पों में इसकी कुल वाहन बिक्री 3.54 लाख इकाई रही। एचएमआईएल के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने सीएनजी मॉडल पर कंपनी की तेजी के पीछे के कारणों पर कहा, वर्तमान में, भारत में पहले से ही 7,000 से अधिक सीएनजी स्टेशन हैं और 2030 तक लगभग 17,500 सीएनजी स्टेशन बनाने का लक्ष्य है, जिससे सीएनजी की मांग में और वृद्धि होगी। सीएनजी वाहनों की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से एचएमआईएल ने अपने एक्सटर और ग्रैंड आई10 नियोस मॉडल में हाई-सीएनजी डुओ पेश किया है, जिसमें दोहरे सिलेंडर प्रणाली के साथ पर्याप्त बूट स्पेस और उच्च ईंधन दक्षता उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हाई-सीएनजी डुओ की शुरूआत का उद्देश्य उच्च माइलेज और सुरक्षा के साथ पर्याप्त जगह प्रदान करने की ग्राहकों की मांगों को पूरा करना है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी**



## भारतीय बाजार की अनदेखी नहीं की जा सकती : वैश्विक विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** दुनिया के शीर्ष उद्योग विशेषज्ञों की राय है कि सरकार की सुधारात्मक पहलों और तेजी से बढ़ते टेक उद्योग के दम पर भारत एक ऐसा बाजार बन चुका है जिसकी कोई अनदेखी नहीं कर सकता। हाल ही में एशिया में निवेश के अवसर और व्यापार के बाद की प्रतिक्रिया विषय पर आयोजित एक सेमिनार में एक प्रतिभागी ने कहा कि पांच साल पहले उभरते बाजार सूचकांक पर भारत का भारांक नौ प्रतिशत था। उन्होंने कहा, यह अब 20 प्रतिशत से अधिक हो गया है। यह विकास की ऐसी गाथा है जिसमें कई संरचनात्मक और विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में पैठ को लेकर काफी सकारात्मक चीजें है। सेमिनार का आयोजन डॉयचे बैंक के सहयोग से 'द एसेट' द्वारा किया गया था। एमएससीआई के उभरते बाजार सूचकांक के अनुसार, शीर्ष पांच देशों का वेटेज लगभग 80 प्रतिशत है। हाल के वर्षों में भारत लगातार मजबूत हुआ है।

# वाहन चालकों ने यातायात नियमों की बेखौफ उड़ाई धज्जियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** दैनिक समाचार पत्रों में हर दिन सड़क दुर्घटना की खबर आते रहते है, इसके बावजूद भी वाहन चालकों द्वारा सड़क याता-यात नियमों का खुलेआम धज्जिया उड़ाया जा रहा। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में वाहन चालक क्षमता से अधिक सवारी को भर लेते है, इतना ही नहीं कमाण्डार वाले गाड़ी के छज्जा पर भी सवारी को बैठा लेते है, इनके मन में प्रशासनिक करवाई का कोई डर भय नहीं है साथ ही सामान भी लाद लेते है गत दिन ही अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मृत्यु हो गयी,लेकिन इससे वाहन



मालिकों और चालकों को कोई फर्क नहीं है। यातायात नियमों का पालन वाहन चालकों द्वारा नहीं किये जाने के कारण ही सड़क दुर्घटना और सड़क जाम की समस्या इस क्षेत्र में अक्सर देखी




होते रहता।

गत वर्ष 2023 में जिला में कुल 104 लोगो का सड़क दुर्घना हुआ, जिसमे 45 लोगो की मृत्यु हो गयी, 37 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये और 22 लोगो घायल हो गए थे। क्षमता से अधिक सवारी बैठने का काम ग्रामीण क्षेत्रो में ज्यादा है क्योंकि लोगो को कम सवारी गाड़ी की वजह से विवशता वश नहीं चाहते हुए भी गाड़ी के छज्जा पर जान जोखिम में डाल कर बैठना पड़ता है। रमना प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले सवारी गाड़ियों में रविवार और बुधवार को क्षमता से अधिक सवारी ऊपर निचे लाद कर आती-जाती है,ऊपर बैठे सवारी में बड़ो के साथ नाबालिग बच्चे भी दिख जायेंगे, और सड़क की स्थिति खराब है फिर भी बेधड़क वाहन चालक ओवर लोड लेकर चलते हैं।

## एक नजर

### आग से झुलसी महिला की मौत

**पलामू।** जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव में गोविंद पासवान की पत्नी रीमा देवी (30) आग से झुलसने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बीती रात की है। रीमा देवी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मेदिनीनगर में इलाज के दौरान भी कोई सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर किया। रांची ले जाते समय रविवार को रास्ते में ही रीमा देवी की मौत हो गई।

### चतरा के डैम में डूबने से किशोर की मौत

**चतरा(हि.स.)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव निवासी संतोष चंद्रवंशी के 12 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार की मौत रविवार को बागदुलवा डैम में डूबने से हो गई। परिजनों ने बताया कि वह अपने फुफेरा भाई के साथ डैम के पास खेल रहा था। खेलने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। फूफेरा भाई ने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। जब तक उसे निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो गई। डैम से निकालकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य के लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जपला में ट्रेन के झटके से किशोर गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन के झटके से उदय चन्द्रवंशी का 12 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।वह कजरात नावाडीह का निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जा रहा है कि क्रोसिंग बंद था, और पैदल सूरज रेलवे क्रॉसिंग पार हो रहा था। उसी समय ट्रेन आ गया। मौजूद लोगों के आवाज देने पर वह पीछे हटा, लेकिन तब तक ट्रेन से हल्के झटका से वह दूर जा गिरा। घायलवस्था में उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया।

# लातेहार में नक्सलियों के नाम पर आतंक मचाने वाले पांच बदमाश हुए गिरफ्तार



**लातेहार (हि.स.)।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी नक्सलियों के नाम पर हिंसक घटनाओं को अंजाम देते थे।

गिरफ्तार अपराधियों में फलेंद्र गंझु, रोहन गंझू, राजेन्द्र गंझू और सुनील भगत बालूमाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जबकि पांचवां अपराधी संजय राम मैक्लुसकीगंज रांची का रहने वाला है। पुलिस ने उनके पास से दो बंदूक और 49 गोलियां बरामद की है। बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि कुछ अपराधियों के द्वारा दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलने के लिए जेजेएमपी नक्सली संगठन के नाम पर लातेहार, रांची, चतरा समेत आसपास के जिलों में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। कुछ दिन पूर्व में ही इन्ही अपराधियों के द्वारा लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र में कोयला परिवहन कर रहे दो ट्रकों में आग लगा दी थी और फायरिंग भी की गई थी। अपराधियों ने घटनास्थल पर जेजेएमपी नक्सली संगठन के नाम पर एक पर्चा भी फेंका था।

इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस ने मामले की छानबीन आरंभ की और आपराधिक गिरोह में शामिल 10 अपराधियों को चिह्नित किया। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए बालूमाथ थाना क्षेत्र के एक जंगल में इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि फरार चल रहे अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है।

छापेमारी दल में बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार,बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ,पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा समेत कई लोग शामिल थे।

## लातेहार में राहुल सिंह गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार



**लातेहार (हि.स.)।** लातेहार में पिछले कुछ दिनों से आतंक मचाने वाले अपराधी संगठन राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पीयूष उरांव, बादल लोहरा, दीपक लोहरा और दिनेश कुमार शामिल हैं। सभी चंदवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि एसपी कुमार गौरव को रविवार की सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के मैदान में कुछ अपराधियों के द्वारा किसी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही है। इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम बनाई गई और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। पुलिस के आने की सूचना मिलने के बाद अपराधी वहां से भागने लगे। भाग रहे अपराधियों में चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व इन्हीं अपराधियों के द्वारा चंदवा थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर गोली चलाई गई थी। उन्होंने बताया कि फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस के जरिये छापेमारी की जा रही है।

## पलामू में नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत, दहेज हत्या का आरोप



**पलामू (हि.स.)।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी रोड में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतका के पिता, देवेंद्र शर्मा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे हत्या करार दिया है। जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष जुलाई 2023 में हुसैनाबाद के सुभाष शर्मा ने नौडीहा, पाटन की रहने वाली कुमारी (नाम बदला हुआ) से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही कुमारी के ससुराल वाले तीन लाख रुपये दहेज के तौर पर मांग रहे थे। देवेंद्र शर्मा ने रविवार को दावा किया है कि दहेज की रकम न मिलने पर उसकी बेटी की हत्या कर दी गई। कुमारी के शरीर पर विशेषकर गर्दन और गाल पर चोट के स्पष्ट निशान नजर आ रहे हैं। मृतका गर्भवती थी और अक्सर खाने-पीने के लिए पैसों की मांग करती थी लेकिन उसे पैसे नहीं दिए जाते थे। इस मामले में मृतका के पति सुभाष ने बयान दिया कि वह दातानगर में किराए के मकान में रहता था लेकिन दो दिन पहले अपनी मां के कहने पर देवरी रोड स्थित मकान में पत्नी के साथ रहने लगा था। शनिवार को सुभाष काम पर था जब शाम चार बजे उसे घर से सूचना मिली कि कुमारी सोई हुई थी और उठ नहीं रही थी। घर पहुंचने पर सुभाष ने पूरी स्थिति देखी और कहा कि यह घटना कैसे घटी, यह घर के अन्य लोग ही बता सकते हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## पतरातु-सोननगर तीसरी रेल लाइन बिछने के बाद भी रेलयात्रा नहीं हुई सुगम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल अंतर्गत बरवाडीह डेहरी ऑन सोन के बीच प्रतिदिन काफी विलंबित ट्रेनों के परिचालन से आम यात्री काफी परेशान नजर आते हैं। जबकि छह पूर्व ही पतरातु से सोननगर तक तीसरी रेललाइन बिछाने और इस पटरी पर गाड़ियों को दौड़ाने का काम शुरू भी रेल प्रशासन ने कर दिया है। तीसरी लाइन चालू होने से दैनिक यात्रियों यह उम्मीद थी कि अब इस रेलखंड पर तीन से छह घंटे तक विलंबित ट्रेनों के समय से परिचालन हो सकेगा। रेल प्रशासन ने भी बार बार लोगों को आश्वस्त किया कि वर्तमान सुविधा संसाधन से ट्रेनों से यात्रियों की यात्रा सुगम, सुलभ और समय से होगा। साथ ही मालगाड़ियों का भी परिचालन निर्बाध होगा। किंतु उक्त सभी विफल दावे रेल प्रशासन की इस रेलखंड पर परिचालित सभी सवारियों गाड़ियों को आंखों से देखने से होती है। बरकाकाना से वाराणसी तक अप और डाउन परिचालित सवारी गाड़ी संख्या 03359 / 03360



प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक विलंब से चल रही है।

इस ट्रेन में यात्रियों को जितनी बैठने की सीटें है। उससे दोगुना यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करना रहा है। जिन यात्रियों को परिजन, बच्चे और लगेज अधिक है। उन्हें तो इस ट्रेन में काफी कष्ट से सवार होने के बाद सामान संभालना और सांस तक लेना मुश्किल होता है। यही हाल बरकाकाना से डेहरी ऑन सोन तक परिचालित सवारी गाड़ी संख्या 03357 / 03358 की है। जिसके समय पर परिचालन में कोई सुधार नहीं हो सका है।

## सीसीएल के तकनीकी निदेशक ने मगध व आम्रपाली कोल परियोजनाओं का किया दौरा

**चतरा (हि.स.)।** सीसीएल के निदेशक (तकनीकी) हरीश दुहान ने रविवार को मगध व आम्रपाली कोल परियोजनाओं का दौरा किया। वे सबसे पहले मगध कोल परियोजना गए। इस दौरान उत्पादन, डिस्पैच व परियोजना विस्तार में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। मगध महाप्रबन्धक नृपेंद्र नाथ ने डीटी को परियोजना के उत्पादन व डिस्पैच की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। निदेशक ने लक्ष्य के अनुरूप कोयला व ओबी उत्पादन करने व डिस्पैच बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्हें बताया गया कि मगध कोल परियोजना में 24 मिलियन कोयला उत्पादन का लक्ष्य वितीय वर्ष में है। जो अबतक साढ़े ग्यारह मिलियन टन हो चुका है। वहींए 25 मिलियन टन डिस्पैच में 12 मिलियन टन अबतक डिस्पैच हुआ है। मगध के बाद तकनीकी निदेशक आम्रपाली कोल परियोजना पहुंचे। उन्होंने कोल परियोजना का निरीक्षण किया। आम्रपाली महाप्रबन्धक अमरेश कुमार ने डीटी को वर्तमान में उत्पादन डिस्पैच से



अवगत करवाया। आम्रपाली कोल परियोजना में 24 मिलियन टन कोयले का उत्पादन का लक्ष्य है, जिसमें 13 मिलियन टन अबतक पूरा हुआ है। वहीं, डिस्पैच में लक्ष्य 24 मिलियन के विपरीत अबतक 15.4 मिलियन टन डिस्पैच हुआ है। निदेशक ने महाप्रबन्धक से लक्ष्य पूरा करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। लकडाही मोड़ में अधूरे डायवर्सन का निर्माण जल्द करने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर पीओ मो. अकरम, एस सत्यनारायण, राकेश कुमार समेत कई उपस्थित थे।

### वज्रगृह में बंद ईवीएम की कड़ी सुरक्षा में की जा रही निगरानी

# चाक-चौबंद सुरक्षा को लेकर जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिले में पहले चरण में ही विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो चुका है। मतदाताओं के वोट के साथ प्रत्यशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो चुके हैं। वहीं ईवीएम वज्रगृह के त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा घेरे में सुरक्षित रख दिये गए हैं। वज्रगृह में त्रिस्तरीय सुरक्षा के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। चतरा कॉलेज चतरा में बने वज्रगृह की सुरक्षा चाक-चौबंद है। चतरा व सिमरिया विधानसभा के इवीएम मशीन को यहां सील किया गया है और पुलिस बल द्वारा दिन-रात सुरक्षा की जा रही है। आने-जाने वाले लोगों पर व सीसीटीवी के माध्यम से हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही हैं। वहीं प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम के बाहर रात-दिन बैठ कर




निगरानी कर रहे हैं। प्रत्याशी व उनके समर्थक हर रोज यहां पहुंच कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। वज्रगृह के अंदर व बाहर सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद हैं। अंदर बिना अधिकार पत्र के प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव में जिले के 5,15,339 मतदाताओं ने मतदान किया है। जिसमें चतरा के 2,65,886 व सिमरिया के 2, 49,453 मतदाता शामिल हैं। चतरा विधानसभा क्षेत्र के कुंदा में 14458, हंटरगंज प्रखंड में 89310, प्रतापपुर 55771, चतरा सदर प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र में 74179 व कान्हाचट्टी प्रखंड में 32168 मतदाताओं ने मतदानकिया। वहीं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग में 23376, सिमरिया में 57172, पत्थलगड़ा में 17288, गिद्धौर में 21855, इटखोरी में 37230, मयूरहंड में 31191 व टंडवा प्रखंड में 58314 मतदाताओं ने मतदान किया है। ऐसे में सिमरिया में 66.08 प्रतिशत व चतरा में 62.16 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## न्यूज बॉक्स

### सहायक अध्यापकों को ईपीएफ फार्म भरने का दिया निर्देश

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में कार्यरत सहायक अध्यापकों को सरकार के निर्देशानुसार जल्द से जल्द ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) से संबंधित दस्तावेज भरने का निर्देश दिया गया है। बीपीओ नवीन प्रकाश ने सभी सहायक अध्यापकों से अपील की है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने ईपीएफ फार्म जमा करें।यह निर्देश राज्य सरकार और शिक्षकों के बीच हुए समझौते के तहत जारी किया गया है, जिसमें सभी सहायक अध्यापकों के लिए ईपीएफ की सुविधा सुनिश्चित की गई है। बीपीएम ने कहा कि ईपीएफ खाता न केवल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भी मदद करेगा। सभी सहायक अध्यापकों को अगले दो दिनों के भीतर संबंधित प्रपत्रों को भरकर बीआरसी कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। इस प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही, बीपीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई शिक्षक निर्धारित समय में फार्म जमा नहीं करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

### ट्रक व पिकअप वैन की जोरदार टक्कर पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल

**नावाबाजार पलामू।** एनएच 139 औरंगाबाद-पड़वा मोड़ मुख्य पथ स्थित तुकबेरा टेढ़वा मोड़ के समीप रविवार की देर शाम पिकअप वैन व ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें



पिक-अप वैन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद पिछे से आ रहे दो अन्य ट्रक भी आपस में टकरा गए। जिससे तीन वाहन एक साथ आपस में भीड़ गए। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को दी। घायल पिक-अप चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए नावाबाजार पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि घटना क्रम जानकारी ली जा रही है। पिकअप चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज को ले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

### ट्रैक्टर और बाईक की टक्कर में पिता- पुत्र सहित तीन घायल

**केतार।** केतार- पचाडुमर मुख्य पथ पर शनिवार की देर शाम बीमोड़ के समीप थ्रेसर लगी ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में पिता-पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों में पचाडुमर गांव निवासी जयशंकर प्रसाद (पिता संजय प्रसाद), संजय प्रसाद (पिता कृष्णा प्रसाद) और बतो निवासी रामप्रवेश पाल शामिल हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, तीनों लोग केतार बाजार में अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बीमोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही थ्रेसर लगी ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक और ट्रैक्टर दोनों की लाइट कमजोर थी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेता राजू सिंह, धीरू कुमार, सुधीर ठाकुर, प्रद्युम्न प्रसाद, रविंद्र पासवान, हीरालाल ठाकुर और उत्तम विश्वकर्मा ने मानवीय पहल दिखाते हुए अपनी गाड़ी से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवनाथपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र कुमार ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। यह घटना सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और गाड़ियों की स्थिति बेहतर रखने की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

### चतरा में कोल वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, रिम्स रेफर



**चतरा (हि.स.)।** टंडवा थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप रविवार को तेज रफ्तार एक कोल वाहन ने बाईक सवार को रौंद दिया। इस घटना में बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल को रिम्स रेफर किया गया है। घटना में घायल व्यक्ति की पहचान राहम गांव निवासी शुकर भुईयां के पुत्र गणु भुईयां के रूप में की गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर घंटों सड़क को जाम रखा। पुलिस प्रशासन के पहल पर घायल बाईक सवार के आश्रितों को ढाई लाख रुपये मुआवजा दिया गया।

## पेज एक के शेष

### डबल इंजन की...

उत्कृष्ट विद्यालय शुरू कर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहें हैं। हमने आधी आबादी को मजबूत करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह राशि अब एक हजार से 2500 होने वाली है। कल्पना सोरेन ने कहा कि पिछड़ों को आरक्षण देने, 1932 आधारित स्थानीय नीति और आदिवासी सरना धर्म कोड को लागू करना चाहते हैं। हमने उसे पारित कर केंद्र सरकार को भेजा लेकिन केंद्र सरकार ने उसे दबा दिया।

### जेएमएम और कांग्रेस...

सभी सरकारी पदों को भरेंगे। युवाओं के लिए राज्यभर में व्यापक इंटर्नशिप योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत युवाओं को 6 से 25 हजार प्रति माह तक इंटर्नशिप राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान एनडीए सरकार में हुआ है और आगे भी होगा। एनडीए सरकार में शिक्षक, सिपाही एवं पंचायत सेवकों के 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित और अन्य सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा।

### लड़कियों को सोने...

सरमा ने कहा कि रामनवमी पर कोई जुलूस निकलना चाहता है तो पुलिस बाधा डालती है। गढ़वा में दुर्गा पूजा का विसर्जन करने नहीं देते। लोहरदगा में विसर्जन करने नहीं देते लेकिन मोहर्रम पर शोभा यात्रा होती है, जुलूस निकलते हैं। डंडा लेकर लोग घूमते हैं। हिंदू भाइयों को पीटा जाता है। पुलिस कुछ नहीं करती है।

### डिस्पैच के दिन...

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के मतदान हेतु प्रशिक्षण में बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले 97 मतदान कर्मियों को भी शो-कॉज किया गया है। बिना पूर्व अनुमति अनुपस्थित मतदान कर्मियों द्वारा स्वीकार योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं रहने की स्थिति में इनके विरुद्ध भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## बालासाहेब ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने उन्हें किया याद



**नई दिल्ली ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को दक्षिणपंथी मराठी और हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी शिवसेना के संरक्षक बालासाहेब ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद कयिा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा "बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर याद करता हूं। मेरी संवेदनाएं उद्धव ठाकरे, आदित्य और पूरे शिवसेना परिवार के साथ हैं।" बाल केशव ठाकरे, जिन्हें बालासाहेब ठाकरे के नाम से जाना जाता है, एक कार्टूनिस्ट और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने शिवसेना की स्थापना की थी।

## चीन में चाकूबाजी, हमलावर ने 8 को मार डाला 17 घायल

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के यिक्सिंग शहर में एक व्यावसायिक स्कूल में चाकू से किए गए हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। 21 साल के हमलावर को पकड़ लिया गया है। यह हमला शनिवार को शाम करीब 6:30 बजे वूशी वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी में हुआ। यिक्सिंग के सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान के अनुसार 21 वर्षीय छात्र ने हमला किया। संदिग्ध का नाम जू है। उसे घटनास्थल से ही पकड़ लिया गया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार, स्कूल से स्नातक करने वाला जू परीक्षा में फेल हो गया था और अपनी इंटर्नशिप पेमेंट से भी वो खुश नहीं था। उसे स्नातक प्रमाणपत्र नहीं दिया गया था। यही वजह है कि अपना गुस्सा निकालने के लिए स्कूल लौटा था। यह घटना दक्षिणी शहर झुहाई में एक खेल केंद्र के बाहर एक चालक द्वारा लोगों के समूह पर अपनी कार चढ़ाने के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें 35 लोगों की मौत हो गई थी और 43 लोग घायल हो गए थे। उस मामले में फैन नाम के एक शख्स को हिरासत में लिया गया था।

# पीएम मोदी को नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया

एजेंसी

**अबुजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च सम्मान, 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' (जीसीओएन) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के साथ पीएम मोदी नाइजीरिया का यह सर्वोच्च सम्मान पाने वाले विश्व की दूसरी बड़ी शख्सियत बन गए हैं। इससे पहले महारानी एलिजाबेथ एकमात्र विदेशी हस्ती हैं, जिन्हें 1969 में इस पुरस्कार से नवाजा गया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नाइजीरिया के राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' से सम्मानित किए जाने पर मैं आपका, नाइजीरिया की सरकार और लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस सम्मान को विनम्रता और आदर भाव से स्वीकार करता हूं। मैं इस सम्मान को 140 करोड़ भारतवासियों और भारत-नाइजीरिया की गहरी मित्रता को समर्पित करता हूं। भारत और नाइजीरिया के संबंध आपसी सहयोग, सद्भाव और परस्पर सम्मान पर आधारित हैं। दो जीवंत लोकतंत्र और गतिशील अर्थव्यवस्था के रूप में हम मिलकर दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए काम करते रहे हैं।

इसके अलावा पीएम मोदी ने कहा कि आज हमने आपसी सहयोग को और अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाने पर विस्तार से चर्चा की। अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, कृषि, सुरक्षा, फिनटेक, स्मॉल एंड मीडियम स्केल एंटरप्राइज (सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम) और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नई संभावनाओं की पहचान की है। अफ्रीका में नाइजीरिया की बहुत बड़ी और सकारात्मक भूमिका रही है तथा अफ्रीका के साथ करीबी सहयोग भारत की उच्च प्राथमिकता रहा है।




**140** करोड़ भारतवासियों में इस सम्मान और भारत-नाइजीरिया की गहरी मित्रता को समर्पित करता हूं।

### नाइजीरिया पहुंचे पीएम मोदी राष्ट्रपति ने किया स्वागत

**अबुजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पहली बार नाइजीरिया पहुंचे। यह यात्रा उनके तीन देशों के दौरे का हिस्सा है, जिसमें वे ब्राजील और गुयाना भी जाएंगे। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने अबुजा एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस यात्रा को भारत और नाइजीरिया के रिश्तों को मजबूत करने के लिए खास माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति टीनुबू का धन्यवाद करते हुए लिखा, थोड़ी देर पहले नाइजीरिया पहुंचा। इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभारी हूं। उम्मीद है कि यह यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती को और गहरा करेगी।

## डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र शिविर 19 को जमशेदपुर व 20 को रांची में

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए विभाग ने 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 3.0 आयोजित किया है। इसके तहत देशभर के 800 शहरों/जिलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में सभी बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघ, यूआईडीएआई, मेटी, रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और दूरसंचार विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही वयोवृद्ध तथा निशक्त पेंशनभोगियों के घर जाकर उनके डीएलसी जमा करने में मदद करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस अभियान का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया पर भी किया जा रहा है। जमशेदपुर और रांची में भी यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। ये शिविर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जमशेदपुर शहर और बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रांची के कई स्थानों पर 19 और 20 नवंबर को लगाए जा रहे हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा ये शिविर जीपीओ बिष्टुपुर, जमशेदपुर और जीपीओ रांची में लगाया जा रहा है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अवर सचिव, विशाल कुमार 19 नवंबर को जमशेदपुर और 20 नवंबर को रांची के शिविरों में जाकर पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन करेंगे। यूआईडीएआई इन शिविरों में पेंशनभोगियों के आधार रिकार्डों को अपडेट करने में मदद करेगा तथा डीएलसी जनरेशन में होने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान करेगा। मालूम हो कि फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा पेंशनभोगी किसी भी एंड्रॉइड स्मार्टफोन से अपना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं।

## बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर फिर हमला इजराइल ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी

एजेंसी



**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उत्तरी इजरायली शहर कैसरिया स्थित निवास की ओर दो फ्लैश बम दागे गए जो बगीचे में गिरे। घटना में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। शनिवार शाम सुरक्षा निकायों की तरफ से दिए गए संयुक्त बयान में बताया गया है कि घटना के समय नेतन्याहू और उनके परिवार के सदस्य घर में मौजूद नहीं थे। घटना की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है। इजराइल ने इस हमले को उकसाने वाली बेहद गंभीर हरकत करार देते हुए हमलावरों को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। दी टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि घटना की जांच चल रही है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने रविवार तड़के एक्स पोस्ट साझा कर कहा कि सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की साबरमती रिपोर्ट की प्रशंसा, कहा... सच्चाई सामने आ रही है

एजेंसी



**मुंबई।** गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट'की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को तारीफ करते हुए कहा कि फेक नैरेटिव ज्यादा दिनों तक नहीं चलता। अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है। पीएम मोदी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक पोस्ट को दोबारा शेयर करते हुए लिखा बहुत बढ़िया कहा आपने। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है और वह भी इस तरह से कि आम लोग इसे देख सकें। पीएम मोदी का उल्लेख कर आलोक भट्ट नामक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा कि मुझे क्यों लगता है कि फिल्म द साबरमती रिपोर्ट जरूर देखनी चाहिए। मैं अपने विचार साझा करना चाहता हूं।

यह प्रयास विशेष रूप से सराहनीय है क्योंकि यह हमारे हाल के इतिहास की सबसे शर्मनाक घटनाओं में से एक महत्वपूर्ण सच्चाई को सामने लाता है। फिल्म के निमार्ताओं ने इस मुद्दे को बहुत संवेदनशीलता और गरिमा के साथ संभाला है। एक बड़े मुद्दे पर हम सभी के लिए यह आत्मनिरीक्षण करने लायक है कि कैसे साबरमती एक्सप्रेस के यात्रियों को जलाए जाने की घटना को एक निहित स्वार्थी समूह द्वारा राजनीतिक बारूदी सुरंग में बदल दिया गया, जिसने इसे एक नेता की छवि को धूमिल करने के साधन के रूप में देखा। बता दें कि 'द साबरमती रिपोर्ट' साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। यह दुखद घटना 27 फरवरी, 2002 को हुई थी, जिसमें झुलस कर 59 लोगों की मौत हो गई थी।

## मणिपुर में एनपीपी ने सरकार से समर्थन वापस लिया, बिगड़ती कानून-व्यवस्था का दिया हवाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मणिपुर में एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार को रविवार को बड़ा झटका लगा। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। एनपीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोनराड के. संगमा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को पत्र लिखकर मणिपुर सरकार के प्रति अपनी निराशा जताई और तत्काल प्रभाव से समर्थन वापस लेने की जानकारी दी। संगमा ने पत्र में लिखा, "नेशनल पीपुल्स पार्टी मणिपुर राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करना चाहती है। पिछले कुछ दिनों में, हमने स्थिति को और बिगड़ते देखा है, जिसमें कई और निर्दोष लोगों की जान चली गई है और राज्य के लोग भारी पीड़ा से गुजर रहे हैं।




## नवनीत राणा की सभा में हंगामा करने का प्रयास

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता नवनीत राणा ने रविवार को बताया कि अमरावती जिले के दरियापुर तालुका के खल्लार में जनसभा को संबोधित करने के दौरान उन पर कुछ लोगों ने थूक फेंका, अभद्र इशारे किए, उन्हें लेकर विवादित टिप्पणी की गई। उन्होंने कहा, सभा के दौरान जब मैं भाषण कर रही थी, तभी कुछ लोग जोर-जोर से हूटिंग करने लगे।

कुछ लोगों ने अल्लाह हू अकबर के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बावजूद मैंने अपना भाषण बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया। मैंने उन्हें समझाया कि किसी भी प्रकार का हुड़दंग न हो। मैं यह नहीं चाहती थी कि सभा में आए किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से क्षति पहुंचे। अगर ऐसा होता, तो मुझे अच्छा नहीं लगता, इसलिए मेरी पहली प्राथमिकता यही थी कि सभा में स्थिति न बिगड़े। उन्होंने आगे कहा, हमारा कोई और उद्देश्य नहीं है। हमारा एकमात्र उद्देश्य यही है कि महाराष्ट्र में सभी सीटों पर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हो। मेरे साथ 150 से 200 की संख्या में दिव्यांग लोग मौजूद थे। अगर किसी भी प्रकार से स्थिति अव्यवस्थित होती, तो सबसे ज्यादा नुकसान उन्हें ही होता।

## एजुकेशन/करियर

# लैंगिक अध्ययन की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर



**रजनीश ।** आखिर लैंगिक अध्ययन क्या है? लैंगिक अध्ययन एक विशाल और विषय विषय है जिसे स्त्री, पुरुष और एलजीबीटी पहचान पर केंद्रित सोशियोलॉजी का एक उप-विषय भी माना जाता है। इसका उद्देश्य जातियता कामुकता, वर्ग और राष्ट्रीयता में लिंग पहचान और प्रतिनिधित्व का विश्लेषण करना है। इसमें महिलाओं का अध्ययन, नारीवादी दृष्टिकोण, राजनीति आदि शामिल हैं।

### इन विषयों का अध्ययन कर सकते हैं

- जेंडर एंड टेक्नोलॉजी
- इंट्रोडक्शन टू वूमन एंड जेंडर स्टडीज
- कल्चर, रेस एंड आइडेंटिटी
- वूमन एंड वॉर
- जेंडर, पॉवर, लीडरशिप एंड द वर्कप्लेस
- **चेंजिंग लाइफ:** रीडिंग द इंटरसेक्शन ऑफ जेंडर, रेस, बायोलॉजी एंड लिटरेचर
- इंटरनेशनल विमेंस वॉइस
- जेंडर एंड मीडिया
- **पॉपुलर कल्चर एंड नैरेटिव:** लिटरेचर, कॉमिक्स एंड कल्चर

### लैंगिक अध्ययन के प्रमुख विषय

- लिंग अध्ययन का परिचय
- महिला के विरुद्ध क्रूरता
- युवाओं को समझना
- लिंग और समाज
- **लिंग और विकास:** दृष्टिकोण और रणनीतिया
- अनुसंधान क्रियाविधि
- नारीवादी आंदोलन नारीवादी सिद्धांत
- नारीवादी अनुसंधान पद्धति
- युवा विकास के लिए सकारात्मक मनोविज्ञान
- लिंग और स्वास्थ्य
- लिंग, पर्यावरण और आजीविका
- लिंग और गरीबी
- - लिंग और मीडिया

### लैंगिक अध्ययन के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- हिंदू कॉलेज, दिल्ली
- प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
- गार्गी कॉलेज, दिल्ली
- रामजस कॉलेज, दिल्ली
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज, कोलकाता
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

### बैचलर्स कोर्सेज

- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर विमेन स्डडिज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन सोशियोलोजी जेंडर वर्क एंड फैमली
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर रेस एंड आईडेंचटिटी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन विमेन जेंडर एंड सेक्सएलिटी स्टडी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन हेल्थ एंड सोसाइटिज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन सोशियोलोजी जेंडर एंड सोसाइटी
- बैचलर ऑप साइंस इन साइकोलोजी विमेस स्टडी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर विमेन एंड सेक्सएलेटी

### मास्टर्स कोर्सेज

- एमए इन जीएस
- मास्टर ऑप जेंडर स्टडीज
- मए विमेंस एंड जेंडर स्टडी
- मए इन जेंडर एंड मीडिया
- मए इन जेंडर एंड विमेंस स्टडी एंड
- एमए इन जेंडर एंड कल्चक
- एमए इन विमेंस स्टडी
- मास्टर ऑफ फिलोसफी